सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 09 जुलाई , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 02, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1677 अंकों की गिरावट

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से सेंसेक्स 1,677 अंक लुढ़क गया। } 10

बारिश से बेहाल राज्यों को देंगे हर संभव मदद : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बात कर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। } 12

पूर्व एआरटीओ के ठिकानों पर छापा, 22 किलो सोना-चांदी बरामद

एक करोड़ 62 लाख की नगदी बरामद, 35 करोड़ की अचल सम्पत्ति भी पकड़ी गयी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सतर्कता अधिष्ठान ने आय से ज्ञात स्त्रोतों के अनुपात में अधिक संपत्ति के एक मामले में आगरा में तैनात रहे पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊस्थित घर पर छापेमारी करके भारी मात्रा में सोना-चांदी और नकदी बरामद की।

सतर्कता अधिष्ठान की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक अदालत से तलाशी वारंट मिलने बाद मंगलवार और बुधवार को अलीगंज की चंद्रलोक कॉलोनी में स्थित कुमार के घर पर की गई छापेमारी के दौरान एक करोड़ 62 लाख रुपये नकदी, 13 किलोग्राम सोना और नौ किलोग्राम चांदी के गहने बरामद किये गए। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा चल-अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी मिले, जिनकी कुल कीमत लगभग 35 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान कथित तौर पर पता चला था कि कुमार ने आय के ज्ञात स्त्रोतों के अनुताप में कहीं अधिक संपत्ति जमा की है, जिसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान इस मामले की जांच कर रहा है। बयान के अनुसार छापेमारी के दौरान मिले एक करोड़ 62 लाख रुपये घर के अंदर अलग-अलग स्थानों पर पैकेट में छुपाकर रखे गए थे, वहीं लगभग 13 किलो सोना और लगभग नौ किलो चांदी भी जब्त की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई चल और अचल संपत्तियों में निवेश से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं। बयान के मुताबिक, ये दस्तावेज लखनऊ में कई रिहायशी मकानों और भूखंड, लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली जिलों में कृषि भूमि और लखनऊ व नोएडा में फ्लैट की बुकिंग से संबंधित हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 13 करोड़ रुपये है। बयान के अनुसार ...शेष पृष्ठ 10 पर

लखनऊ-वाराणसी में नकली दवाओं का भंडाफोड़

○ दो गिरफ्तार ○ 25 लाख की दवाएं जब्त ○ 25 फर्मों पर कार्रवाई ○ 52 नमूने जांच के लिए भेजे

विशेष संवाददाता

योगी सरकार का बड़ा एक्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नकली (काउंटरफीट) और स्प्यूरियस दवाओं के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने प्रदेशव्यापी विशेष प्रवर्तन अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के तहत लखनऊ और वाराणसी में नकली दवाओं के अंतरजनपदीय रैकेट का खुलासा हुआ है। प्रदेशभर में 25 दवा फर्मों पर छापेमारी की गई, 52 संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच एवं विश्लेषण के लिए भेजे गए तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर 12 फर्मों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई।

एफएसडीए की टीम ने 6 जुलाई की रात लखनऊ के आलमबाग मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बस स्टेशन क्षेत्र में एक गत्ते के कार्टन से बड़ी मात्रा में संदिग्ध नकली एलोपैथिक दवाएं बरामद कीं। कार्टन से टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स के लोकप्रिय ब्रांड काइमोरल फोर्ट की 4,800 टैबलेट तथा रिलैक्स फार्मास्यूटिकल्स के ब्रांड गुडसेफ प्लस की 2,940 टैबलेट बरामद हुईं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 1.60 लाख रुपये बताई गई है। जांच के दौरान गुडसेफ प्लस की पैकिंग और स्ट्रिप्स में मूल उत्पाद की तुलना में कई प्रिंटिंग त्रुटियां और तकनीकी खामियां मिलीं, जिससे इनके नकली होने की पुष्टि हुई। मौके से वाराणसी निवासी विमल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने ये दवाएं वाराणसी के चौधरी कटरा स्थित **मेसर्स न्यू सर्जिकल से बिना बिल और लाइसेंस के खरीदी थीं। इस मामले में आलमबाग थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-2023 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। लखनऊ में हुई कार्रवाई के बाद मिली सूचना पर एफएसडीए और पुलिस की संयुक्त टीम ने 6 जुलाई को वाराणसी के मडुवाडीह थाना क्षेत्र स्थित चौधरी कटरा में मेसर्स न्यू सर्जिकल पर छापा मारा। जांच में बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति के ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

घाटी में लश्कर का आतंकी मुठभेड़ में ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए एक आतंकवाद विरोधी अभियान में बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले के मीमंदर इलाके में तीन जुलाई को तलाश अभियान शुरू किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तुम सिर्फ कुछ दूर तक भाग सकते हो लेकिन हमारी नजरों से छिप नहीं सकते। राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में शोपियां के विशेष अभियान समूह ने लश्कर के एक आतंकवादी को ढेर कर दिया।

कौशांबी : अज्ञात वाहन की टक्कर से चार की मौत

कौशांबी (उप्र)। कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सात जुलाई की मध्यरात्रि को सैनी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर त्रिलोकपुर गांव के पास एक होटल के सामने टायर पंक्चर होने के कारण एक भारी पिकअप वाहन खड़ा था, जिसके टायर बदलने का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसी दौरान पीछे से आये एक अज्ञात वाहन ने टायर बदल रहे और उसमें सहयोग कर रहे लोगों को टक्कर मार दी जिससे पिकअप वाहन चालक अनवर अनवर तथा पंक्चर बना रहे साबिर, उसका भाई अकबर और एहसान नामक एक अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा विकास : योगी

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में 124 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

जिला संवाददाता

चित्रकूट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुत जल्द नए एयरक्राफ्ट आने के साथ ही चित्रकूट को दिल्ली व लखनऊ से सीधी वायु सेवा से जोड़ दिया जाएगा। वर्ष 2017 से पहले की सरकारों ने चित्रकूट के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। यहां भय व अव्यवस्था का माहौल था। लेकिन, डबल इंजन सरकार के प्रयासों से चित्रकूट बदल चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे यहां की लाइफलाइन बन चुका है और भरतकूप से आगे के निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचा रही है। प्रदेश में 9.5 लाख नौजवानों को पूरी पारदर्शिता से सरकारी नौकरियां दी गई हैं। गरीबों को मुफ्त राशन, आवास, शौचालय, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस और 5 लाख तक का आयुष्मान स्वास्थ्य कवच दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को जनपद चित्रकूट में 951 करोड़ रुपये की लागत वाली 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चित्रकूट को भारत की पौराणिक और आध्यात्मिक विरासत का महान प्रतीक बताया। साथ ही कहा कि प्रभु श्रीराम के वनवास काल का सबसे बड़ा संबल यही पावन धरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्ष पहले भगवान राम ने इसी धरा से संपूर्ण भारत को सुरक्षित करने का संकल्प लिया था। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए चित्रकूट में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का काम तेजी से चल रहा है, जहां जल्द ही एक बड़ी औद्योगिक

मुख्यमंत्री ने 12 लाख शिक्षाकर्मियों को दी कैशलेस चिकित्सा योजना की सौगात

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के करीब 12 लाख शिक्षणकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 1.10 करोड़ विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र के हिसाब से अभिभावकों के बैंक खातों में कुल 1320 करोड़ रुपये का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों और शिक्षा परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अनुशासित, स्वच्छ और प्रेरणादायी विद्यालयी वातावरण तैयार करें तथा बच्चों को मेहनत और स्नेह के साथ शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूनिट का निवेश होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कल इंडोनेशिया के साथ हुए समझौते के तहत उत्तर प्रदेश में बनने वाली ब्रह्मोस मिसाइल अब निर्यात की जाएगी, जो रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को दशार्ती है। इसके साथ ही जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा देकर शिक्षा और विकास ...शेष पृष्ठ 10 पर

आतंकवादी साजिश मामले में एनआईए का देशभर में छापा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने ऑनलाइन आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले में बुधवार को देश भर में छापेमारी की। यह साजिश आईएसआईएस और एक्यूआईएस जैसे आतंकी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक जिहाद के ज़रिए भारत में इस्लामिक राष्ट्र बनाने से संबंधित है।

एनआईए के एक बयान के मुताबिक, जांच के तहत एजेंसी की टीम ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में कुल 20 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। इसमें कहा गया है कि बुधवार को की गई तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। कथित कट्टरपंथ की साजिश के बारे में और सुराग पाने के लिए इनकी फॉरेंसिक जांच की जाएगी। बयान के अनुसार, इस मामले में अब तक 11 लोगों और एक नाबालिग को पकड़ा गया है। एनआईए ने इस साल मई में विजयवाड़ा पुलिस से यह मामला अपने हाथ में लिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

एसआईटी ने अविनाश शुक्ला को बनाया मुख्य आरोपी

जिला संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की शुरुआती रिपोर्ट में अविनाश शुक्ला को मुख्य आरोपी बताया गया है।

अयोध्या राम मंदिर प्रकरण

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जांचकर्ताओं को शक है कि 40 दिनों तक चली इस चोरी में मंदिर के दान की रकम की गिनती के दौरान चोरी के लगभग 70 मामले शामिल थे। मंदिर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यों वाली एसआईटी के अंतरिम नतीजों पर सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक में चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर में भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी, हुआ भव्य स्वागत

एजेंसी

मेलबर्न। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। मोदी इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे साथ ही भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के तुरंत बाद एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गया हूं। यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ होने वाली वार्ता को लेकर उत्सुक हैं। मोदी ने कहा मुझे भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलने का भी अवसर मिलेगा, जो हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मेलबर्न में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन, बाबूजी की बतायी राह पर चलने का लिया संकल्प

बाबू बनारसी दास ने जीवन पर्यंत जनता की सेवा की : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास गुप्ता की 114 वीं जयंती 8, विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर मनायी गयी। इस अवसर पर बाबू बनारसीदास के पौत्र व बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

○ निःशुल्क एंबुलेंस सेवा को दिखायी हरी झंडी, मुफ्त चिकित्सा, दंत परामर्श और नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जरूरतमंदों को बांटे गये चश्मे

और अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखायी, इसमें बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास ने भाग लिया। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर, दन्त परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक सामुदायिक केन्द्र, सराय फाटक के निकट, रानीगंज में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे। इसके ...शेष पृष्ठ 10 पर

फोटो : अमित वर्मा

ईवी सब्सिडी योजना से यूपी में बढ़े इलेक्ट्रिक वाहन

योगी सरकार दे रही 5 हजार से 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी

विशेष संवाददाता (vol)

- रोड टैक्स व पंजीकरण शुल्क में भी 100 फीसदी छूट
- लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ में सर्वाधिक 12,520 आवेदन प्राप्त हुए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं मोबिलिटी प्रोत्साहन नीति-2022 का असर अब पूरे प्रदेश में दिखाई देने लगा है। ईवी क्रय सब्सिडी योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद लगातार बढ़ रही है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए सबसे अधिक आवेदन राजधानी लखनऊ से प्राप्त हुए हैं, जबकि नोएडा, आगरा, गाजियाबाद और वाराणसी भी शीर्ष जिलों में शामिल हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ में सर्वाधिक 12,520 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद आगरा में 10,752, गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में 6,088, गाजियाबाद में 5,556, वाराणसी में 4,059, कानपुर नगर में 3,895, लखनऊ महानगर एआरटीओ में 3,839, सहारनपुर में 3,768, गोरखपुर में 3,204 तथा प्रयागराज में 3,110 आवेदन दर्ज किए गए हैं। बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे जिलों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है।

मऊ में 817, गाजीपुर में 750, कुशीनगर में 547, उन्नाव में 387, महाराजगंज में 170, संत कबीर नगर में 101 तथा सिद्धार्थनगर में 74 आवेदन प्राप्त होना इस बढ़ते रुझान का संकेत है। प्रदेश सरकार की योजना के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने पर 5 हजार रुपये, चार पहिया वाहनों पर एक लाख रुपये तथा गैर-सरकारी ई-बसों पर 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट भी दी जा रही है। स्मार्ट कार्ड आरसी और एचएसआरपी नंबर प्लेट शुल्क में राहत के कारण इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने पर कुल मिलाकर लगभग 18 हजार रुपये तक की बचत संभव हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे न केवल लोगों का परिवहन खर्च कम होगा, बल्कि शून्य उत्सर्जन (जीरो एमिशन) के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। परिवहन विभाग के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की परिचालन लागत पेट्रोल और डीजल वाहनों की तुलना में काफी कम है, जिससे वाहन मालिकों को हर वर्ष हजारों रुपये की बचत होती है। साथ ही पेट्रोल-डीजल की खपत घटने से वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। विभाग का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक यदि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंचती है तो कच्चे तेल के आयात पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक की बचत संभव होगी। इस लक्ष्य को हासिल करने में उत्तर प्रदेश की ईवी सब्सिडी योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रेल यात्रियों को स्टेशन के बाहर मिलेगी ट्रेनों की जानकारी

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर एलईडी स्क्रीन लगाई है। इसके जरिए रेलवे के विकास के साथ ही यात्री सुविधाओं और ट्रेनों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्हें जागरुक भी किया जाएगा। जंक्शन के अलावा दो और स्थानों पर इन्हें लगाया गया है। इन स्क्रीन्स पर यात्रियों एवं नागरिकों को मंडल में किए जा रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के क्रम में किए जा रहे नवीन कार्यों एवं परियोजनाओं का प्रसारण, जनजागरुकता संदेश, स्वच्छता, सुरक्षा एवं रेलवे नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां लगातार प्रदर्शित की जा रही हैं। छोटे-छोटे क्लिप के जरिए यात्रियों को यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, आपातकालीन परिस्थितियों में संबंधित अफसर से संपर्क करने आदि को लेकर भी जागरुक किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को पारदर्शी तरीके से मंडल में हो रहे विकास कार्यों एवं रेल सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना है, जिससे वह अपनी यात्रा को और अधिक सुगम बना सकें। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि लखनऊ जंक्शन के अलावा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय एवं ऑफिसर्स कॉलोनी, बंदरियाबाग में भी अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन लगायी गयीं हैं।

योगी ने स्वच्छ व हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का किया सम्मान, बच्चों का बढ़ाया उत्साह

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 12 प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया। स्वच्छ व हरित विद्यालय योजना के तहत स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, शौचालय, हाथ धुलाई, रखरखाव और बेहतर विद्यालयी वातावरण विकसित करने वाले इन विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया है।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से उनके नाम, कक्षा और मॉडल के बारे में जानकारी ली तथा उनकी जिज्ञासाओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें चॉकलेट वितरित की और मंच से भी उनके प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निपुण भारत अभियान के सकारात्मक परिणाम अब विद्यालयों में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा-3 के बच्चे पढ़ने, लिखने और अंकगणित में दक्षता हासिल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को उसकी क्षमता के अनुसार दक्ष बनाना ही अभियान का उद्देश्य है, क्योंकि मजबूत राष्ट्र की नींव मजबूत शिक्षा व्यवस्था से ही तैयार होती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा भारतीय स्टेट बैंक के बीच सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना के तहत 15 लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी वितरित किए। इनमें बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षामित्र, रसोइया और शिक्षाकर्मी शामिल रहे। इसके अलावा एक शिक्षक के परिवार के चार सदस्यों को भी चिकित्सा कार्ड प्रदान कर योजना के पारिवारिक लाभ का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संभल, पीलीभीत, चित्रकूट, बरेली, बदायूं, रायबरेली, सहारनपुर, श्रावस्ती, जालौन, प्रयागराज, वाराणसी और मेरठ के चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया।

57.62 करोड़ पौधों के साथ तैयार उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

- 12 जुलाई को होगा 35 करोड़ पौधरोपण का महायज्ञ

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'पौधरोपण महायज्ञ-2026' की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान के तहत एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश की 2600 से अधिक नर्सरियों में 57.62 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं, जिनका वितरण विभिन्न विभागों, मंडलों और जनपदों में लगातार किया जा रहा है।

वन विभाग के अनुसार प्रदेश में वन विभाग की 1939, उद्यान विभाग की 146, रेशम विभाग की 55 तथा 499 निजी पौधशालाओं से पौधों की आपूर्ति की जा रही है। कुल तैयार पौधों में वन विभाग की नर्सरियों में 52.46 करोड़, उद्यान विभाग में 1.55 करोड़, रेशम विभाग में 44 लाख तथा निजी नर्सरियों में 3.17 करोड़ पौधे शामिल हैं। राज्य सरकार के इस अभियान में केंद्र सरकार के विभाग भी सहभागी बनेंगे। पौधरोपण अभियान के तहत वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सर्वाधिक 15.50 करोड़ पौधे लगाएगा। इसके अलावा ग्राम्य विकास विभाग 10 करोड़, कृषि विभाग 3.25 करोड़, उद्यान विभाग 1.50 करोड़, पंचायती राज विभाग 1.22 करोड़ तथा राजस्व विभाग एक करोड़ पौधे रोपेगा। अन्य विभागों में नगर विकास 45 लाख, जलशक्ति 23 लाख, उच्च शिक्षा 20 लाख, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण 16 लाख, पशुपालन 15 लाख, रेशम एवं लोक निर्माण विभाग 14-14 लाख, बेसिक शिक्षा, एमएसएमई तथा रेलवे 12-12 लाख, माध्यमिक शिक्षा 11 लाख, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास तथा गृह विभाग 10-10 लाख पौधे लगाएंगे।

रक्षा मंत्रालय सात लाख, ऊर्जा, सहकारिता तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग छह-छह लाख, प्राविधिक शिक्षा विभाग पांच लाख, श्रम विभाग चार लाख तथा परिवहन विभाग तीन लाख पौधरोपण करेगा। मुख्य वन संरक्षक (प्रचार/प्रसार) अदिति शर्मा ने बताया कि पौधरोपण महायज्ञ-2026 के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडलों, जनपदों और विभिन्न विभागों को लगातार पौधों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार जनसहभागिता और सभी विभागों के समन्वित प्रयास से इस वर्ष का पौधरोपण महायज्ञ ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगा।

कमीशन वृद्धि समेत 13 मांगों पर मंथन, कोटेदारों की समस्याओं के समाधान के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश के कोटेदारों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर खाद्य एवं रसद विभाग सक्रिय हो गया है। खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पाण्डेय ने मंगलवार को विभिन्न कोटेदार संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं मजबूत बनाने के लिए कोटेदारों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। बापू भवन स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न कोटेदार संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इसमें कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि, परिवहन व्यय का लंबित भुगतान, सिंगल स्टेज वितरण व्यवस्था के शासनादेश का प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के निस्तारण के लिए अलग फोरम की स्थापना, ठेकेदारों द्वारा कम खाद्यान्न उपलब्ध कराने की समस्या का समाधान, खाद्यान्न उतारने वाले वाहनों पर कांटा एवं श्रमिकों की व्यवस्था, अन्नपूर्णा भवनों में बिजली कनेक्शन, कोटेदारों और उचित दर की दुकानों का बीमा तथा कोरोना काल के एक माह के लंबित लाभांश के भुगतान सहित कई अन्य मांगें शामिल थीं। मंत्री मनोज पाण्डेय ने मांगपत्र पर गंभीरता से चर्चा करते हुए तत्काल विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाई।

मिलेट कैफे व एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयों से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) और टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर विकसित करना है।

राज्य मिशन कार्यालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हुए इस समझौते के तहत महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों और क्लस्टर स्तरीय संघों की संस्थागत क्षमता को मजबूत किया जाएगा। महिलाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, उद्यमिता कौशल का विकास और उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। समझौते के तहत प्रदेश में मिलेट कैफे, एग्रो प्रोसेसिंग आधारित इकाइयों और अन्य महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यम स्थापित किए जाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट की यह साझेदारी ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहल प्रदेश में महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि कर उन्हें लखपति महिला उद्यमी बनाने के अभियान को और अधिक गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के साथ यह साझेदारी महिला उद्यमिता को नई दिशा प्रदान करेगी।

राम मंदिर से जुड़े विवाद की निष्पक्ष हो जांच : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का सर्वोच्च प्रतीक है। इस मंदिर के निर्माण, उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह आपके द्वारा सम्पन्न हुआ तथा आपने और आपकी सरकार ने इसे देश के समक्ष अपनी एक प्रमुख राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया। ऐसे में जब मंदिर के चढ़ावे, वित्तीय प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं, तब देश की जनता स्वाभाविक रूप से आपसे भी समान स्पष्टता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि इसी विषय पर स्वतंत्र फोरेंसिक एवं वित्तीय जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को भी एक विस्तृत पत्र प्रेषित किया है, किंतु अब तक कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं देती। इसके विपरीत, सरकार के अनेक प्रतिनिधि एवं राजनीतिक प्रवक्ता मूल प्रश्नों का उत्तर देने के बजाय मीडिया में विपक्ष पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने और विषयांतर करने में अधिक सक्रिय दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इसको लेकर गंभीर प्रश्न लंबे समय से उठ रहे थे तो समय रहते निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई गई और यदि कोई शिकायत प्राप्त ही नहीं हुई थी, तो उसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को स्वतंत्र फोरेंसिक एवं वित्तीय जांच के आदेश जारी किए जाएं।

जिला स्तरीय रैंकिंग में लखनऊ का उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रदेश में प्रथम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान की जिला स्तरीय रैंकिंग में लखनऊ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभियान के दौरान टीबी की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मानकों पर बेहतर कार्य के आधार पर जनपद ने यह उपलब्धि हासिल की है।

इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में समुदाय की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। आशा कार्यकताओं, स्वास्थ्य कर्मियों, निजी चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, निक्षय मित्रों, लैब टेक्नीशियन तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही जनपद यह उपलब्धि हासिल कर सका है। उन्होंने कहा कि हमें इसी प्रतिबद्धता के साथ टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा उपचार पूर्ण कराने पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि टीबी मुक्त जनपद और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके सिंघल ने बताया कि 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान 24 मार्च से 5 जुलाई तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान जनपद ने छह प्रमुख सूचकांकों–लक्ष्य के सापेक्ष एक्स-रे जांच, एक्स-रे एग्जामिनेशन रेट, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के अंतर्गत हाउसहोल्ड कॉन्टैक्ट कवरेज, एनएएटी टेस्ट, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर रेट तथा टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने–में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि इन सभी छह सूचकांकों में जनपद को अधिकतम तीन-तीन अंक प्राप्त हुए, जिसके आधार पर कुल 18 अंक हासिल कर लखनऊ ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज तक समय पर जांच, गुणवत्तापूर्ण उपचार और पोषण सहायता पहुंचाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जनपद को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके।

चढ़ावा चोरी का समाचार समस्त विश्व में फैल चुका : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि अयोध्या के मंदिर से चढ़ावा, चंदा, दान चोरी का समाचार समस्त विश्व में फैल चुका है। दुनिया के विभिन्न देशों में रहने वाला सनातनी भाजपा और उनके संगी-साथियों के कृत्यों से हो रही बदनामी की वजह से शर्मसार हैं और इसलिए आहत भी कि उन्होंने भी मंदिर में दान-चंदा भिजवाया था या स्वयं आकर चढ़ाया था। इस प्रकरण से सम्पूर्ण विश्व में सनातन समाज आक्रोशित है, क्योंकि धर्म के साथ देश को भी भाजपाई अधर्मियों के कारण अपयश का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के निवेशक भी अब अपना हाथ खींच रहे हैं क्योंकि उन्हें लग रहा है कि ऐसी सरकार का क्या भरोसा जिसने अपने भगवान के दानपात्र तक को नहीं छोड़ा, वो कल को हमारे निवेश को क्या छोड़ेगी। भाजपा सरकार ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता पूरी तरह खो दी है।

केजीएमयू में अब मात्र पांच सौ रुपये में मिलेगी आधुनिक पीआरपी थेरेपी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गंभीर चोट, जोड़ों के दर्द, बाल झड़ने की समस्या, पुराने घाव और त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं के इलाज के लिए अब मरीजों को महंगी पीआरपी (प्लेटलेट रिच प्लाज्मा) थेरेपी के लिए हजारों रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने अपने ब्लड सेंटर में ऑटोलॉगस प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पीआरपी) थेरेपी की सुविधा शुरू की है, जहां यह उपचार सिर्फ पांच सौ रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है।

केजीएमयू के ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग प्रमुख प्रो.तूलिकाचंद्रा ने बताया कि पीआरपी थेरेपी शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता को बढ़ाने वाली आधुनिक तकनीक है, इसमें मरीज के अपने शरीर से लगभग 40-50 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है। विशेष प्रक्रिया द्वारा इस रक्त से प्लेटलेट्स और ग्रोथ फैक्टर्स से भरपूर प्लाज्मा अलग किया जाता है, जिसे उसी मरीज के प्रभावित हिस्से में इंजेक्ट किया जाता है। चूंकि इसमें मरीज के अपने ही रक्त का उपयोग होता है, इसलिए एलर्जी या शरीर द्वारा अस्वीकार किए जाने (रिजेक्शन) का खतरा लगभग नहीं के बराबर होता है।

प्रो.तूलिका ने बताया कि यह थेरेपी कई बीमारियों और समस्याओं में लाभदायक मानी जाती है, जैसे-खेल या अन्य कारणों से हुई मांसपेशियों, टेंडन और लिगामेंट की चोटें। घुटनों के शुरूआती ऑस्टियोआर्थराइटिस (जोड़ों का घिसाव) में प्रयोग किया जाता है। बाल झड़ने की समस्या में बालों की जड़ों को सक्रिय करने के लिए। चेहरे की त्वचा में निखार, झुर्रियां कम करने और मुंहासों के निशान कम करने में। लंबे समय से न भरने वाले या पुराने घावों के उपचार में प्रयोग होता है। उपचार के बाद मरीज सामान्यतः उसी दिन अपनी रोजमर्रा की गतिविधियां शुरू कर सकता है। हालांकि, इसका पूरा लाभ दिखने में कुछ सप्ताह लग सकते हैं और बीमारी के अनुसार एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है। अब तक पीआरपी थेरेपी के लिए बाजार में काफी महंगी है। इतनी अधिक कीमत होने के कारण अनेक मरीज इस आधुनिक उपचार का लाभ नहीं ले पाते थे।

रालोद को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा

लखनऊ। नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के कमेटी रूम में राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय संसदीय बोर्ड की प्रथम बैठक संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी की अध्यक्षता में बुधवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों का आपस में परिचय हुआ तथा संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में

रालोद अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह सहित संसदीय बोर्ड के सभी सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, रालोद के संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने, संगठन के विस्तार को गति देने तथा चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने एवं एनडीए को और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

गोरखपुर जंक्शन पर हरियाली को बढ़ावा

लखनऊ। यात्रियों की सुरक्षा एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ-सुंदर बनाने के उद्देश्य से गोरखपुर जंक्शन स्टेशन के गेट सं. 1 एवं 2 के मध्य नई फैंसिंग का कार्य किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर एवं अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में स्टेशन निदेशक, गोरखपुर रतनदीप गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। इसके साथ ही नई फैंसिंग से स्टेशन परिसर में अनाधिकृत प्रवेश पर नियंत्रण होगा तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ मण्डल यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशनों के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

श्रीराम का जीवन मानवता, कर्तव्य और आदर्श नेतृत्व का सर्वोच्च उदाहरण : धामी

सीएम धामी पहुंचे हरिद्वार, मोरारी बापू की श्रीराम कथा के समापन समारोह में किया प्रतिभाग

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में आयोजित मोरारी बापू की श्रीराम कथा के समापन समारोह में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानवता, कर्तव्य और आदर्श नेतृत्व का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा देने के साथ-साथ सुशासन और लोककल्याण की भावना को सशक्त बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरारी बापू ने अपने प्रवचनों के माध्यम से रामकथा को जन-जन तक पहुंचाकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को विश्वव्यापी पहचान दिलाई है। उनके संदेश लोगों में नैतिकता, आत्मिक चेतना, पारस्परिक सौहार्द और मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की धार्मिक धरोहर को संरक्षित करते हुए तीर्थाटन और आध्यात्मिक पर्यटन

के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। चारधाम सहित प्रमुख तीर्थस्थलों पर आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, प्राचीन मंदिरों का संरक्षण तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे देवभूमि की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा, हेमकुंड साहिब यात्रा और कैलाश मानसरोवर यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या राज्य में विकसित हो रहे आधारभूत ढांचे, बेहतर प्रबंधन और लोगों की अटूट आस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में आयोजित होने वाला महाकुंभ-2027 विश्वभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और संस्कृति का अद्वितीय संगम होगा। इस आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप देने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा, सत्य, करुणा और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को अपनाकर ही एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संत समाज के मार्गदर्शन और जनसहभागिता से उत्तराखंड आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

समारोह में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, राज्य मंत्री सुनील सैनी, देशराज कर्णवाल, नितिन गौतम, अजीत चौधरी, शोभाराम प्रजापति, आदेश सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर सहित अनेक संत, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धर्मपाल सिंह ने कुशल बूथ प्रबंधन का दिया मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने झांसी जिला एवं महानगर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को किया संबोधित

लखनऊ/झांसी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को झांसी जिला एवं महानगर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए मजबूत बूथ संरचना और कुशल बूथ प्रबंधन से निश्चित विजय का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रियता, निरंतरता तथा लक्ष्य-केंद्रित कार्ययोजना से प्रत्येक परिणाम विजय में परिणित होता है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समितियों के परिश्रम से 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर सभी कार्यक्रम एवं अभियान प्रभावी रूप से संपन्न हो, इसके लिए बूथ समिति को सक्रिय करके प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुसार कार्य दिया जाए। बूथ पर प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पार्टी के पुराने नेता प्रत्येक कार्ययोजना का हिस्सा होना चाहिए। मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ अध्यक्षों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी होना चाहिए। नए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को पार्टी से जोड़ने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य अनवरत करना है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सतत संवाद, संपर्क और सेवा कार्यों के माध्यम से बूथ को सशक्त बनाने का लक्ष्य लेकर काम करना है। मजबूत बूथ ही भाजपा की चुनावी सफलता का मूल आधार है।

उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करें। भाजपा कार्यकर्ता परिश्रम का पर्याय है और अपने परिश्रम से प्रत्ये

संक्षेप

आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर । जिले थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जोगिया उदयपुर थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।पुलिस के अनुसार मु.अ.सं. 96/2026, धारा 108 बीएनएस के तहत वांछित आरोपी सुबाष पुत्र जोगेन्दर, निवासी सबुआ थाना शोहरतगढ़, को मंगलवार को मनोहरी-बनरही मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में की गई।

युवती लापता, केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। युवती के गायब होने को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया हैं लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती छह जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे उसकी अट्ठारह वर्षीया पुत्री कहीं चली गयी। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

छह घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

लालगंज, प्रतापगढ़। फीडरों पर मरम्मत कार्य के चलते आज गुरुवार को अजगरा विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े क्षेत्रों में करीब छह घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियन्ता अखिलेश कुमार ने बताया कि उपकेन्द्र से जुड़े सभी फीडरों पर मरम्मत कार्य कराया जायेगा। इसके चलते सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

दो वांछित धराये

लालगंज, प्रतापगढ़। अलग अलग मुकदमों के दो वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा अंकुर कैथवास ने सुबह गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के खरगपुर मोड़ के पास से जानलेवा हमले के मुकदमें में वांछित खरगपुर निवासी इमरान पुत्र फरीद को धर दबोचा। वहीं इसी थाने के दरोगा शहंशाह ने दुष्कर्म के मुदमें में वांछित सण्डवा सोमवंशियान निवासी शुभम वर्मा पुत्र फूलचन्द्र वर्मा को उसके घर के पास गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों वांछितों को जेल भेज दिया गया है।

बारिश से किसानों में खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र में बुधवार को हुई झमाझम बारिश से यहां किसानों के चेहरे खिल उठे वहीं नगर पंचायत लालगंज क्षेत्र के कई संस्थानों के परिसर में जल भराव से लोग हलाकान भी नजर आये। तहसील परिसर में बारिश के चलते जल भराव हो जाने से वकीलों ने नाराजगी जतायी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द तिवारी ने कहा कि परिसर में थोड़ी सी भी वर्षा के कारण जल भराव हो जाता है। समस्या के निदान को लेकर कई बार अफसरों को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन समस्या का स्थायी निदान नहीं हो पा रहा है। वहीं बारिश के चलते लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत कई जगहों पर जल भराव से लोग हलाकान नजर आये। उधर बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आयी। क्षेत्र के किसान हरिनारायण, राजेश वर्मा, दिवाकर त्रिपाठी, ददन सिंह, नरेन्द्र कुमार, सोनू दुबे आदि का कहना है कि इसी तरह बारिश हो गयी तो धान की रोपाई के लिए खेत में पानी की स्थिति बेहतर हो जायेगी।

इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस एसएसबी निगेहबान

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जिले की इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस और सशस्त्र सीमा बल द्वारा लगातार संयुक्त पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सुईया बॉर्डर समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त की। इस दौरान सीमा क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त अभियान का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

शिक्षकों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा कवच

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ, 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से धनराशि अंतरण तथा 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से किए गए लाइव प्रसारण का सामूहिक अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद जगदंबिका पाल, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से 12 लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं उनके आश्रितों को प्रति परिवार ?5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। साथ ही 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र ?1,200 डीबीटी के माध्यम से भेजे गए हैं। उन्होंने इसे शिक्षकों और विद्यार्थियों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है, जबकि विधायक श्यामधनी राही ने योजना को शिक्षकों एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत बताया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों को मिलनी चाहिए सजा : अनुपम खेर

अयोध्या। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने बुधवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की राशि की कथित चोरी के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ा जाना चाहिए और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। खेर ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस विवाद से मंदिर की पवित्रता और सम्मान पर कोई आंच नहीं आनी चाहिए। अभिनेता (71) ने बताया कि वह अपनी आगामी फिल्म श्री राम भूमि की शूटिंग शुरू करने से पहले मंदिर में दर्शन करने आए हैं। हमारी नयी फिल्म श्री राम भूमि की शूटिंग आज से अयोध्या में शुरू हो रही है। राम लला और भगवान हनुमान के आशीर्वाद के बिना कोई भी नया काम कैसे शुरू हो सकता है? इसीलिए मैं यहां उनका आशीर्वाद लेने और सभी के स्वास्थ्य, शांति तथा सुख-समृद्धि की प्रार्थना करने आया हूं। इस कथित घोटाले से उपजे बड़े राजनीतिक तूफान और इसके चलते सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बढ़ी मुश्किलों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में खेर ने कहा कि चोर हर जगह होते हैं। इससे मंदिर की गरिमा या प्रतिष्ठा कम नहीं होती। इस मंदिर की स्थापना में 500 साल का लंबा समय लगा है। अगर कुछ लोग इस तरह की गलत हरकतों में शामिल होते हैं, तो इसका असर मंदिर की पवित्रता पर नहीं पड़ना चाहिए।

अभिनेता ने कहा कि यदि किसी घर में चोरी होती है, तो आप उस घर को दोषी नहीं ठहराते या उसे छोड़ नहीं देते। जो हुआ वह पूरी तरह गलत था और ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। लेकिन हमारा प्राचीन सनातन धर्म और भगवान राम अनादि काल से हैं और हमेशा रहेंगे। इसके लिए जो भी लोग जिम्मेदार हैं, उन्हें निश्चित रूप से पकड़ा जाना चाहिए और सजा दी जानी चाहिए।

रोडवेज बस की टक्कर से दो महिलाओं की मौत

एटा। जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से दो महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अलीगंज थाना क्षेत्र के कैलठा गांव निवासी कमला देवी (50) और उनकी जेठानी मालती देवी (60) बुधवार तड़के करीब साढ़े चार बजे खेत की ओर जा रही थीं तभी एटा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में कमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मालती देवी को प्राथमिक उपचार के बाद एटा स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

प्रवक्ता पद पर मेधावी का हुआ चयन, जताई गयी खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी परीक्षा में मेधावी के चयनित होने पर परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत के नेताजी पुरम्निवासी पूर्व शिक्षक श्रीनारायण तिवारी के पुत्र चन्द्रभाल तिवारी ओम का चयन पीजीटी परीक्षा में इतिहास प्रवक्ता के पद पर हुआ है। मेधावी चन्द्रभाल ने सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिवार को दी है। मेधावी की सफलता पर बुधवार को परिवार के सदस्यों व सुभेच्छुओं ने खुशी साझा की। समाजसेवी प्रकाशचन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, सुन्दर लाल तिवारी, शारदा प्रसाद तिवारी, चन्द्रिका प्रसाद तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, उमेश शुक्ल, अतुल शुक्ल, सप्तर्षि शुक्ल, विष्णु सिंह, सूर्यनारायण तिवारी, रवीन्द्रनाथ शुक्ल, दुर्गा प्रसाद तिवारी, ज्वाला प्रसाद तिवारी, शिवमूर्ति तिवारी, डा. भगवानदीन तिवारी, डा. रामसमुझ तिवारी, अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद तिवारी, सुरेशनारायण तिवारी, जूनियर शुक्ल, अनुज शुक्ल आदि ने खुशी जतायी है।

सर्वेक्षण में आईटीआई संस्थान के अव्वल आने पर जतायी गयी खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत लालगंज के सलेम भदारी वार्ड स्थित पुनीत आईटीआई के जनपद में स्कोर ग्रेड में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिक्षकों व छात्रों में खुशी का माहौल देखा गया। भारत सरकार के डीजीटी कौशल विकास और उद्यमियिता मंत्रालय द्वारा प्रदेश भर के आईटीआई संस्थानों का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान आईटीआई संस्थानों को शैक्षिक व्यवस्था, महिलाओं की भागीदारी, टेज्ड विविधता आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। इसके उपरान्त आईटीआई ग्रेड स्कोर कार्ड जारी किया गया। पुनीत आईटीआई के प्रबंध निदेशक डा. सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि सर्वेक्षण में इस संस्थान को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। संस्थान के जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर संस्थान की अध्यक्षा डा. पूर्णिमा मिश्रा, प्रबंधक डा. वर्तिका मिश्रा, इं. नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, इ. सुनील कुमार पाण्डेय, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने उपलब्धी को गौरवपूर्ण कहा है। वहीं इं. अतुल कुमार, इ. दिनेश शुक्ल, अनिल पाण्डेय, इमरान हुसैन, राघवेन्द्र तिवारी, इ.श्री शुक्ल, कृष्ण कुमार यादव, अभिषेक पाण्डे, मनोज तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।

सिसवा विद्यालय से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

श्रावस्ती। जिले में स्कूल चलो अभियान 2026-27 का शुभारम्भ प्राथमिक विद्यालय सिसवा से किया गया। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बैग व किताबें वितरित कीं। कार्यक्रम में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले पांच शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं 10 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उन्हें पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नवनिर्मित खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का जिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने प्रयोगशाला का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी ली। बच्चों के जवाब से प्रभावित होकर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य छह वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाएगा, जिससे जिले की साक्षरता दर में सुधार होगा।

नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की सूझबूझ से सुलझा नाली निर्माण विवाद, फिर शुरू हुआ कार्य

बांसी (सिद्धार्थनगर)। उपनगर नरकटहा में चल रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान उत्पन्न विवाद को नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की तत्परता और सूझबूझ से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। उप जिलाधिकारी शशांक शेखर राय के निर्देशन में नायब तहसीलदार बिना विलंब विवादित स्थल पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को सामान्य बनाया। बताया जाता है कि कुछ लोगों द्वारा ठेकेदार के नाली निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने धैर्यपूर्वक लोगों को समझाया, जिसके बाद सभी सहमत हो गए और रुका हुआ निर्माण कार्य दोबारा शुरू करा दिया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी मृत्युंजय पाठक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। वहीं नगर के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने भी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर जेई, वरिष्ठ लिपिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की सक्रिय कार्यशैली, त्वरित निर्णय क्षमता और कुशल नेतृत्व की स्थानीय लोगों ने सराहना की। उनके प्रयासों से संभावित विवाद टल गया और विकास कार्य बिना किसी बाधा के पुनः प्रारंभ हो सका।

डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण

ग्रामीण विद्यार्थियों को मिली आधुनिक अध्ययन सुविधाओं की सौगात

कटरा (श्रावस्ती)। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में ग्राम पंचायत खरगूपुर में अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम फेरन पाण्डेय ने फीता काटकर डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया तथा इस पहल को ग्रामीण शिक्षा के सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

समारोह में सचिव राकेश मौर्य, मंडल अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि आशुतोष पाण्डेय, रितेश तिवारी तथा ग्राम पंचायत खरगूपुर के प्रधान प्रतिनिधि अभय तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान युग में ज्ञान और तकनीक का समन्वय ही सफलता का आधार है। डिजिटल लाइब्रेरी ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने युवाओं से उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। प्रधान प्रतिनिधि अभय तिवारी ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी में निःशुल्क वाई-फाई, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक बैठने की व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर तथा स्वच्छ पेयजल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सभी सेवाओं का लाभ क्षेत्र के छात्र-छात्राएं पूर्णतः निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों ने इस जनोपयोगी पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा के आधुनिकीकरण, ज्ञान-विस्तार और डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी प्रयास बताया।

संध्या संवाद में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बड़ी राहत

89.41 लाख रुपये का जीपीएफ भुगतान

श्रावस्ती। मंडलायुक्त के 'संध्या संवाद' जनसुनवाई कार्यक्रम में उठाई गई शिकायतों के बाद जिले के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से लंबित जीपीएफ और अन्य सेवा संबंधी देयों का भुगतान कर दिया गया है। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर संबंधित विभागों ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया। इसके तहत पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कुल 89 लाख 41 हजार 612 रुपये का भुगतान कराया गया। इसका लाभ प्रकाश नारायण पाठक, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव, प्रेम नारायण वर्मा, कौशल्या देवी, अवधेश कुमार, भगवान दीन वर्मा सहित अन्य पात्र कर्मचारियों को मिला। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित देयों का भुगतान उनके सम्मान और अधिकारों से जुड़ा विषय है, इसलिए ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। भुगतान मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने खुशी जताई और मंडलायुक्त व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'संध्या संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ, जिससे उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली।

एसडीएम शशांक शेखर राय की कार्यशैली से फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय

बांसी (सिद्धार्थनगर)। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) शशांक शेखर राय अपनी प्रभावी कार्यशैली, संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। उनके नेतृत्व में फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है, जिससे लोगों को समयबद्ध और सुलभ न्याय मिल रहा है। एसडीएम शशांक शेखर राय ने लंबित राजस्व एवं अन्य वादों की नियमित सुनवाई कर बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण कराया है। इससे वादकारियों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलने के साथ प्रशासन के प्रति उनका विश्वास भी मजबूत हुआ है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी एसडीएम की कार्यप्रणाली की सराहना की है। वरिष्ठ अधिवक्ता राधे मोहन शर्मा, अधिवक्ता रविन्द्र श्रीवास्तव सहित कई अधिवक्ताओं ने कहा कि समयबद्ध सुनवाई और निष्पक्ष निर्णय की वजह से न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनी है। प्रशासनिक सक्रियता और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के चलते एसडीएम शशांक शेखर राय की कार्यशैली क्षेत्र में सुशासन और त्वरित न्याय का उदाहरण बनकर उभर रही है।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

श्रावस्ती। उपखंड इकौना के अंतर्गत उपकेंद्र सीताद्वार के लोलबोझी फीडर क्षेत्र के ग्रामीणों ने लगातार हो रही बिजली कटौती और विद्युत विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड श्रावस्ती को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन समाजसेवी मोहित मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के सहयोग से दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बार-बार और लंबे समय तक बिजली कटौती होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली बिल में संशोधन के नाम पर उपभोक्ताओं से पैसे लिए जाते हैं, लेकिन न तो बिल सही किया जाता है और न ही जमा की गई राशि वापस की जाती है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत भरपुरवा कला के चुनिहारपुर में बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने का भी मुद्दा उठाया गया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की जरूरत के अनुसार अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। इसके अलावा फर्जी लाइनमैनों द्वारा बिजली के पोल पर काम कराए जाने पर चिंता जताई गई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने अवैध बाईपास कनेक्शनों के जरिए वेल्डिंग और लकड़ी काटने की मशीनें चलाए जाने की शिकायत करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर क्षेत्र में नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पुलिस, एसएसबी और नेपाल एपीएफ का संयुक्त पैदल गश्त अभियान

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर 'ऑपरेशन कवच' के तहत भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्थित भगवानपुर बॉर्डर पर थाना मोहाना पुलिस, एसएसबी और नेपाल एपीएफ (अढत्रु) की संयुक्त टीम ने पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए गए अभियान का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। इस दौरान पुलिस चौकी लालपुर के एचसी फहीम अहमद, एचसी मंजेश कुमार एवं कांस्टेबल सुशील कुमार सहित संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में सतर्कता के साथ गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों की रोकथाम के लिए ऐसे संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

आपसी विवाद में पत्नी की चाकू मारकर हत्या

सहारनपुर। जिले के फतेहपुर इलाके में बुधवार को एक व्यक्ति ने आपसी विवाद के चलते पत्नी की चाकू से प्रहार करके हत्या कर दी।

थाना प्रभारी जितेन्द्र सिह राणा ने बताया कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के छुटमलपुर स्थित हरिजन कालोनी में घरेलू विवाद के चलते सनी सैनी नामक व्यक्ति ने मायके में रह रही अपनी पत्नी मीनू (32) की चाकू से प्रहार करके हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसएचओ ने बताया कि सैनी और मीनू के बीच पिछले करीब एक साल से मनमुटाव था और पिछले कुछ दिन से मीनू मायके में रह रही थी। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सनी अपनी ससुराल पहुंचा और इससे पहले कि मीनू के परिजन कुछ समझ पाते, उसने उसकी गर्दन पर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वारदात के बाद सनी भाग गया लेकिन बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पति-पत्नी के बीच समझौता कराने के लिये करीब 22 दिन पूर्व राजापुर गांव में पंचायत भी हुई थी लेकिन उसके बाद मीनू के मायके के लोग उसे अपने साथ ले गये थे। ऐसी जानकारी मिली है कि तीन दिन पहले भी सनी अपनी पत्नी से मिलने ससुराल आया था और तब भी दोनों के बीच काफी कहासुनी हो गई थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
अनपरा, सोनभद्र
सूचना
श्री प्रमोद कुमार मल्ल पुत्र स्व0 रविन्द्र नाथ मल्ल ग्राम–उसरी, पोस्ट–मधुवन, थाना–मधुवन, जिला–मऊ (उ0प्र0) जो उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, अनपरा तापीय परियोजना, अनपरा में टेकिनीशियन ग्रेड–द्वितीय के पद पर तैनात है, दिनांक 16.12.2025 से अब तक बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यस्थल से अनुपस्थित चल रहे है।
आपको अनेक पत्रों के माध्यम से कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया, परन्तु आप अभी तक कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हुए है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस पत्र के प्रकाशित होने के 07 दिवस के अन्दर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों अन्यथा इसे आपकी कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए आपके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
पत्रांकः 3280/मु०अभि० (स्तर–1)/आ०ताप/कला अनु० दिनांक : 07.07.2026
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संक्षेप

घर के सामने कैमरा लगने पर विरोध, पुलिस से शिकायत

पाटन, उन्नाव। घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने को लेकर की गई शिकायत के बाद विपक्षी द्वारा कैमरा न हटाए जाने पर पीडिता ने पुलिस से शिकायत कर कैमरा हटवाए जाने की मांग की है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानी खेड़ा की उर्मिला पत्नी रामनाथ में पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि मेरे घर के सामने रहने वाले सुशील अवस्थी पुत्र विजय शंकर ने अपने मकान में सीसी टीवी कैमरा लगवा रखा है जो मेरे घर की ओर लगे हैं। घर टूटा फूटा होने के कारण पारिवारिक जनों को घर के बाहर बैठने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मना करने पर विपक्षी सुशील अवस्थी द्वारा न तो कैमरों का रुख दूसरी तरफ किया जा रहा है और न ही उन्हें हटाया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कैमरा हटाए जाने की गुहार लगाई है, ताकि परिवार को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ में आहुतियां डाली

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघपुर क्षेत्र के ग्राम रामनाथखेड़ा मे आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ व राम कथा मे नैमीषरण से पधारे स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज ने वैदिक मंत्रो के साथ हवन मे आहुतियां डलवाई। जिसमें बड़ी संख्या मे भक्तो ने हवन किया। कथा वाचक डा राम गोपाल तिवारी ने राम वन गमन और केवट संवाद पर विस्तृत व्याख्यान दिया। जिसका भक्तो ने आनन्द लिया। इस मौके पर शिव भूषण पाण्डेय, सुनील, हरि शंकर, शुभम पाण्डेय सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

धारदार हथियार से हमला, हालत गम्भीर

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा टिकरिया के गिरमिट चौराहे पर टैक्टर खड़ा करने की बिवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला कर दिया हालत गम्भीर होने पर परिजन इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती करायें है टिकरिया निवासी अमर गुप्ता पुत्र स्व० संत गुप्ता की गाँव के गिरमिट चौराहे पर जमीन एवं किराने की दूकान है बुद्धवार को लगभग छः बजे टैक्टर खड़ा करने की बात को लेकर तू तू मै मैं से शुरू हुआ बिवाद मारपीट में तब्दील हो गया देखते देखते आरोपी नुकीला धारदार हथियार सीने के आर पार कर दिया परिणाम सवरूप अमर गुप्ता बेहोस हो कर गिर गये आनन फानन में परिजन घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती करायें हैं सूत्रो की माने तो जमीनी बिवाद को लेकर चल रहे बिवाद को लेकर ही इतनी बड़ी घटना हो गयी।

मजदूर का पंखे से लटका मिला शव

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के तरकुलहा मोड़ स्थित यादव होटल हांडी मीट की दुकान के अंदर एक कमरे में बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे एक 20 वर्षीय युवक का शव मकान के पीछे बने टिनशेड की पाईप में गमछे के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना परपहुंची स्थानीय पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटना से संबंधित साक्ष्य इकठ्ठा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक घटना के दौरान होटल पर काम करने वाले दो मजदूर भी मकान में रहते है।मृतक की पहचान बहराइच जिले के विशेशगंज थानाक्षेत्र के टिकोरी निवासी प्रमोद गौतम पुत्र राजेन्द्र गौतम के रूप में हुई है।होटल मालिक राहुल यादव ने स्थानीय पुलिस चौरीचौरा को बताया कि वह एक वर्ष से होटल पर भोजन बनाने का काम करता था। उन्होंने बताया कि रोज की भांति होटल बंद करके रात में घर चले गए थे। सुबह मजदूर के आत्महत्या की सूचना मिली।पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दिया है। तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत कार्ड वितरित

गोरखपुर। प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण कार्यक्रम बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों को लाभ,1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म जूता मौज स्वेटर बाग बाय स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र- छात्र हेतु ?1200 का वितरण, 10 लाख शिक्षक एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा हेतु भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू का निष्पादन तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्य का सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ एवं संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया।

इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण, विद्यार्थियों के अभिभावकों को प्रतीकात्मक चेक तथा कस्तूरबा बालिका विद्यालय के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को अध्ययन सामग्री किट वितरण किया।

प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक है। यह केवल एक नई योजना का शुभारंभ नहीं बल्कि सभी शिक्षक गणों का सम्मान है। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता बल्कि वह राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभाता है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षकों को स्वयं एवं परिवार की स्वास्थ्य की चिंता की जरूरत नहीं है उसकी चिंता सरकार कर रही है और इस योजना के तहत उनकी चिताओं को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनके सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा पात्र लाभार्थियों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता उनके जीवन में सहायक सिद्ध होगी।

नलकूप परिसर में हुआ पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

गगहा, गोरखपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश के साथ वासूडीहा के असानपाकड़ स्थित नलकूप संख्या 541 बी.जी. परिसर में मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नलकूप विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय किसानों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता हरदेव प्रसाद ने कहा कि वृक्ष प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। ये मानव जीवन को शुद्ध वायु, छाया, फल और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। मुख्य अभियंता संजय सिंह ने कहा कि जीवन के प्रत्येक शुभ अवसर को यादगार बनाने के लिए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। समय के साथ वही पौधा विशाल वृक्ष बनकर उस अवसर की स्मृतियों को संजोए रखता है और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण के साथ पौधों की नियमित देखभाल करने की भी अपील की। इस अवसर पर जिलेदार कृष्णपाल सिंह, अभियंता राजेश कुशवाहा, राजेश कुमार सहित नलकूप विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसान रविन्द्र सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, श्याम कुमार सिंह, अजय सिंह, मुनव्वर अली, हरीलाल यादव समेत बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वाहन की टक्कर से मीडिया कर्मी की मौत

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में कानपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर मंगलवार रात करीब 9 बजे हुए सड़क हादसे में एक पत्रकार की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसकी बाइक पर लिखे प्रेस और बैग में मिले प्रेस कार्ड के आधार पर हुई। मृतक पवन कुमार पुत्र राजकुमार गुप्ता उम्र 35 साल निवासी अलीगढ़ रोड लेवर कालोनी जिला हाथरस कल मंगलवार को शाम 4 बजे ससुराल निवासी जूही जिला कानपुर से वापस बाइक से घर जनपद हाथरथ जा रहा था तभी सुदिति अस्पताल के समीप हाइवे पर पीछे से बाइक में किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। बारिश के बीच हाईवे पर घायल पड़े युवक को देखकर 28वीं वाहिनी पीएसी निवासी विशाल यादव और अन्य राहगीरों ने अपनी कार से तत्काल समृद्धि हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां अस्पताल कर्मियों ने इलाज न करने से मना करते हुए कहा कि उसे जिला इमरजेंसी ले जाओ ये कहकर वास भेज दिया। इसके बाद युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. राघवेंद्र सिंह मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर बिना नंबर की प्लेटिना बाइक मिली, जिस पर प्रेस लिखा था। बाइक के पास मिले बैग से जनपद हाथरस के सूचना विभाग द्वारा जारी प्रेस कार्ड, अन्य पहचान पत्र और विजिटिंग कार्ड बरामद हुआ जिसे उसके भाई सुधीर को जिला अस्पताल कर्मचारियों ने सामान सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक अपने पीछे पत्नी पूनमा व चार वर्षीय बालक को रोता बिलखता छोड़ गया। वह पत्रकार क्षेत्र में काफी सालों से जुड़ा हुआ था।

डीएम ने एडीएम एसडीएम के साथ जमीन का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने तहसील सदर के ग्राम बुलाकीपुर लुहन्ना में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर के साथ भूमि पैमाइश जीएनएसएस तकनीक के माध्यम से की जा रही जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि पैमाइश की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से भूमि पैमाइश अधिक सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे राजस्व संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा आमजन को त्वरित एवं निष्पक्ष सेवाएं प्राप्त होंगी। जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोवर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए प्रत्येक पैमाइश निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि पैमाइश के दौरान संबंधित पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा अभिलेखों एवं मौके की स्थिति का सावधानीपूर्वक मिलान किया जाए, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की संभावना न रहे। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण के जागरूकता अभियान के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा विकास खण्ड के सभागार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के० चौधरी द्वारा बुधवार को दस्तक एवं संचारी रोग के नियंत्रण अभियान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी , सहायक कार्यकत्री व अन्य स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण देते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के ० चौधरी ने कहा कि संचारी रोग के कारण,वायरस,फंगस,दूषित पानी व भोजन,संक्रमित सतह व व्यक्ति हैं इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण,मास्क,सैनीटाइजर के प्रयोग सफाई व स्वच्छता से किया जा सकता हैं।

श्री डाक्टर चौधरी ने कहा कि,दस्तक अभियान के तहत बच्चों को दस्त रोग,निमोनिया,और जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर निःशुल्क जांच एवं उपचार व परिवहन की सुविधा प्रदान की जाएगी ,इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य,ग्राम्य विकास विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग एक साथ मिलकर कार्य करेंगे एवं उपचार व बचाव के गुर बताएंगे ।स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि ११ जुलाई से ३१ जुलाई तक दस्तक अभियान के तहत आशा ,आंगनवाड़ी कर्मी घर घर जाएंगी व डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फायलेरिया के प्रति जागरूक करेंगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के ० चौधरी बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहित सक्सेना सहित स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक आयोजित

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकासखंड सरदारनगर ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के संबंध में बैठक किया गया।बैठक में पंचायती राज विभाग स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, कृषि विभाग, के संबंधित अधिकारीगण, ग्राम प्रधान व कर्मचारी उपस्थित रहे 'संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक द्वितीय चरण के रूप में चलाया जा रहा है। इसमें दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकत्री 11 जुलाई से 31 जुलाई के बीच घर-घर भ्रमण करके संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार की सुविधाओं के प्रति जागरूक करेंगी। साथ ही साथ डेंगू फाइलेरिया, मलेरिया,दिमागी बुखार, क्षय रोग, व कुष्ठ रोग इत्यादि के लक्षणों को पहचान कर उसकी जांच कराकर सूची बनाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध कराएंगी ' इस अभियान के तहत इन सभी बीमारियों के संबंध में स्लोगन रसात का वार संचारी रोग की होगी हारर स्लोगन के साथ कार्यक्रम को विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को बताया गया। इसमें मच्छर को पनपने से रोका जा सकता है।उक्त अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ चंद्रशेखर भारती, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश कुमार यादव, एडीओ आईएसबी छोटे लाल यादव, खंड प्रेरक चेतई प्रसाद पटवा, उर्मिला यादव एम्स के जिला कोऑर्डिनेटर ओझा,ए डी ओ कृषि, पशु चिकित्सा अधिकारी अजय पटेल, राकेश ठाकुर व समस्त पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी, उपस्थित रहे ।

पत्रकार एसोसिएशन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर पौधे लगाने की अपील

मौरावा, उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा एक भावपूर्ण पहल की गयी। सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीन सगे भाइयों की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आम सहित कई फलदार पौधे रोपकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व गंगा स्नान के लिए जाते समय सड़क दुर्घटना में बखतखेड़ा अकोहरी गांव के तीन सगे भाइयों अरुण लोधी, सचिन लोधी, छोटू की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी और जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे थे। इस भावनात्मक पहल से मृतकों के परिजनों के चेहरों पर संतोष और मुस्कान देखने को मिली। परिजनों ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और इस सराहनीय पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चैधरी, महामंत्री राजेश पाण्डेय, प्रदेश पदाधिकारी रंजीत शर्मा, संतोष कुमार शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी अवधेश नारायण सिंह (लाला सिंह), प्रधान पति मंगल चैधरी, प्रधान प्रतिनिधि शुभम चैधरी, देवांग, अर्जुन लोधी, मदलाली रावत, साहब लोधी, लालू बाबा, विश्राम रावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। तहसील सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना और डीबीटी के तहत अभिभावकों को धनराशि हस्तांतरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाराणसी से लाइव कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह ने स्थानीय विकास खंड के 10 शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कायाकल्प योजना के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारी है। अब इस नई योजना से परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया और उनके परिजन भी कैशलेस इलाज का लाभ ले सकेंगे। विधायक ने शिक्षकों को ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ बताते हुए कहा कि गुरुजनों से ही देश और समाज को दिशा मिलती है। इस दौरान डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के 1 करोड़ से अधिक परिषदीय छात्रों के अभिभावकों के खातों में 1200-1200 रुपये भेजे गए। साथ ही प्रदेश के 10 लाख से अधिक शिक्षकों और संविदा कर्मियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया भी पूरी की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख असोहा आनंद गुप्ता, पुरवा प्रतिनिधि दीपांशु चैधरी, मौरावां चेयरमैन विवेक सेठ, पुरवा चेयरमैन रेनू, एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभारी तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी, नायब तहसीलदार कृष्णा नन्द बाजपेई बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, कोतवाल भवन सिंह मौर्य, बीईओ पुरवा व हिलौली सुरेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ जिलामंत्री राम जन्म सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक, कर्मचारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी आलोक अवस्थी ने किया।

छात्र ओम अग्रवाल ने लिखी फोरेंसिक मेडिसिन पुस्तक

उन्नाव। स्थानीय सोहरामऊ स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस वर्ष 2022 सत्र के छात्र मूल रुप से मध्यप्रदेश प्रांत के मुरैना निवासी ओम अग्रवाल ने चिकित्सा शिक्षा के महत्वपूर्ण विषय फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विषय पर पुस्तक लिखकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले 15 वर्षों के प्रश्नपत्रों के गहन अध्ययन एवं विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए सरल एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री के रुप में मानी जा रही है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव ने छात्र की शैक्षणिक प्रतिभा, शोधपरक सोच और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक हैं, बल्कि संस्थान का गौरव भी बढ़ाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी हर संभव शैक्षणिक सहयोग का भरोसा दिलाया। फोरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि यह पुस्तक विषय को सरलता से समझने और परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने ओम अग्रवाल के प्रयास को सराहनीय बताते हुए इसे अकादमिक क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल बताया। छात्र ओम अग्रवाल ने बताया कि पुस्तक को कई मेडिकल कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भी अपनाया है और अध्ययन के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उनका उद्देश्य कठिन विषय को आसान भाषा और व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत कर छात्रों की पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाना है। इस उपलब्धि पर पिता माधव अग्रवाल एवं माता मधु अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटे की मेहनत, अनुशासन और लगन ने परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि ओम भविष्य में भी चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर परिवार, संस्थान और जनपद का नाम रोशन करेगा।

स्लीपर बस खड़े ट्रक में जा घुसी, दो की मौत, 27 घायल

इटावा। बुधवार सुबह करीब 5 बजे बनारस से दिल्ली जा रही प्राइवेट दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में बस चालक और कंडक्टर की मौके पर मौत हो गई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। जिसमें 27 यात्री घायल हो गए। घायलों में विशाल, अरविंद तोमर, तुलसी, राजेश, शुभम, रिषभ दुबे, निखिल, स्नेहा, शनि, राकेश, सविता, दीपशिखा, विशाल, दीपमणी पाठक, अर्पित, आयुष, मेरीमोम नेहा, सक्षम, रविन्द्र, कविता पटेल, सुरेश कुमार, जमुना देवी, रोहित, किशन शर्मा, दीक्षा शर्मा आदि है। घटना आगरा कानपुर नेशनल हाईवे 19 पर आईटीआई चैराहा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में हुई है। बताया जा रहा है सरिया लदे खराब ट्रक में पीछे से बस जा घुसी। आनन फानन में सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल इटावा में भर्ती करवाया गया है। दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया है। परिवार को सूचना दे दी गयी है। दोनों मृतकों की पहचान 35 वर्षीय प्रेम बस चालक और कंडक्टर 22 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। यात्रियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार में थी और चालक को नींद आ गई थी। डॉक्टर राहुल बाबू ने बताया कि पुलिस और एंबुलेंस के माध्यम से कई घायलों को लाया गया था। जिसमें बस का ड्राइवर और कंडक्टर मृत अवस्था में थे, जिनको मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं दो दर्जन से अधिक यात्री घायल है, जिनका लगातार उपचार किया जा रहा है। घायलों के अनुसार बस चालक को झपकी आने के चलते यह बस खराब खड़े ट्रक में घुस गई। घायल यात्रियों ने बताया कि बस चालक ज्यादा एक्सपर्ट नहीं लग रहा था, खराब ट्रक के पास धीरे चलने के संकेत लगे थे लेकिन बस चालक कंडक्टर नींद के होनें के कारण जब तक कुछ समझ पाते तब तक बस ट्रक में घुस गई थी। हादसा इतनी जोरदार था कि बस में चीखपुकार मच गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया घटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। यात्रियों ने बताया कि बस चालक तेज रफ्तार में था और उसको नींद आने के चलते हादसा हुआ, इस हादसे में बस चालक और कंडक्टर की मौत हो गई है। उनकी पहचान कर ली गई है परिवार को सूचना भेजी गई है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों के परिजन नहीं आ पाए थे।

बी.फार्म. षष्ठम सेमेस्टर का रिजल्ट, सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

जसवंतनगर, इटावा। बी.फार्म. तृतीय वर्ष षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में चै. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज, जसवंतनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। बेहतर परीक्षा परिणाम से कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम में नवीन यादव ने 77.88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रोहित जैन ने 77.64 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, खुशी शर्मा ने 76.23 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, नमन शाक्य ने 76.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ तथा अन्नु ने 73.88 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम संस्थान की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था और अनुभवी शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा का शुभारंभ

चकरनगर, इटावा। सरकार ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा योजना का किया गया शुभारंभ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मुख्यमंत्री शिक्षक कैसलैस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत भारी मानदेय वृद्धि और 1320 करोड़ रुपए की धनराशि का डीवीटी के माध्यम से सीधा अंतरण शामिल किया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक पत्र छात्र के अभिभावकों को यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 रूपए की वित्त सहायता और 12 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को 5 लाख रुपए तक की कैसलैस चिकित्सा योजना परिवार जनों सहित सभी को मिलेगा। इसी में शिक्षामित्रों का मानदेय 18000 हजार रुपए किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलामहामंत्री हरनाथ सिंह राजावत ने बताया पहले चकरनगर तहसील क्षेत्र में शिक्षक भयभीत हुआ करते थे, आज सभी स्वतंत्र और निडर होकर बच्चों को शिक्षा दे रहे है। इस अवसर पर एवीएसए बीरेंद्र सिंह चैहान, पूर्व विधायिका सावित्री कठेरिया, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, जीआईसी प्रधानाचार्य, एसबीआई शाखा प्रबंधक पुरा मल्लाहन हेड मास्टर अभिनेंद्र सिंह सेंगर सहित सैकड़ों अध्यापक उपस्थित रहे।

तालाब की सरकारी भूमि पर बुलडोजर चला

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम बलैयापुर में तालाब की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ राजस्व विभाग ने बुधवार को पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर कब्जा हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राजस्व विभाग की टीम ने पहले मौके का निरीक्षण कर तालाब की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को चिन्हित किया। इसके बाद बुलडोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न नहीं हुई। अभियान में नायब तहसीलदार नेहा सचान, उपनिरीक्षक ललित चतुवेर्दी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

बातों में उलझाकर महिला से 20 हजार व सोने के जेवर ठगे

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर क्षेत्र में एक बार फिर बातों में उलझाकर ठगी करने वाले गिरोह की सक्रियता सामने आई है। बुधवार को दो अज्ञात ठगों ने एक महिला को झांसे में लेकर उससे 20 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और अंगूठी ठग ली। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर की कुसमी कॉलोनी निवासी नन्दिनी, पत्नी अजीत सिंह, बुधवार सुबह करीब 10रू30 बजे खुटार रोड पर जा रही थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उनके पीछे-पीछे चलने लगा और बातचीत करने लगा। कुछ ही देर में एक वृद्ध व्यक्ति भी वहां पहुंच गया। दोनों ने योजनाबद्ध तरीके से महिला को अपनी बातों में उलझा लिया और विश्वास में लेकर उसके पास रखे 20 हजार रुपये नकद, सोने की एक चेन और एक अंगूठी अपने कब्जे में ले ली। ठगों ने महिला को बदले में एक कागज का पैकेट थमा दिया और मौके से फरार हो गए। जब महिला ने कुछ दूरी पर पहुंचकर पैकेट खोला तो उसमें केवल कागज निकले। तब तक दोनों आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना का एहसास होते ही महिला के होश उड़ गए। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तेज रफ्तार के चलते दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया। पिसावां थाना क्षेत्र के मतिनियां गांव निवासी राममूर्ति पत्नी आरती व बेटे प्रांशू के साथ बाइक से अपने भाई की ससुराल हरगांव के भैरमपुर गांव में तिलक समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हरगांव थाना क्षेत्र के परसेहरा माल के पास पहुंची। तभी सामने से कथित तौर पर गलत दिशा से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर हरगांव थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी अनूप सवार था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान राममूर्ति की मौत हो गई। जबकि पत्नी और दूसरी बाइक सवार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं अन्य घायलों का उपचार जारी है। थाना प्रभारी आनंद नरायन त्रिपाठी ने बताया परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है।

डीएम ने की वन ट्रिलियन डालर सेल की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को वन ट्रिलियन डॉलर (ओ०टी०डी०) सेल की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक लाये जाने हेतु शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुसार सभी सम्बन्धित विभाग समुचित कार्यवाही करें। उन्होंने प्राथमिक क्षेत्र (कृषि, पशुधन, वानिकी एवं मत्स्यन), द्वितीय क्षेत्र (विनिर्माण, विद्युत, गैस तथा निर्माण) एवं तृतीयक क्षेत्र (व्यापार, होटल, परिवहन एवं वित्तीय सेवाएं आदि) से सम्बन्धित विवरण की समीक्षा की गई।

उनके द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि समस्त डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरे जायें। जिन क्षेत्रों में जनपद की प्रगति तुलनात्मक रूप से घट रही है उनमें अपेक्षित सुधार किया जाये। उप निदेशक कृषि विभाग को निर्देशित किया कि चावल, बाजरा, मक्का, अरहर, मूंग एवं उड़द दाल के क्षेत्रफल के रकबे एवं उत्पादकता (कु.हे.) में सुधार लाने हेतु अथक प्रयास किये जायें। श्रम प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी कारखानों का पंजीकरण निर्धारित अधिनियम के अन्तर्गत कराया जाना सुनिश्चित करें। जी0एस0टी0 विभाग को निर्देशित किया गया कि मैन्युफैक्चरिंग से सम्बन्धित प्रतिष्ठानों से जी0एस0टी0 धनराशि संग्रहण में सुधार लाया जाये। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को बैंक द्वारा क्रेडिट की धनराशि एवं सी-डी अनुपात में अपेक्षित सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, (ए), डा0 नरेन्द्र कुमार, अपर जिला सांख्यिकीय अधिकारी, सुरेश कुमार कनौजिया, सतीश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला गन्ना अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 एवं सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर के द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा एच0ई0डब्लू0 के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति की समीक्षा, वन स्टाफ सेंटर यूनिट प्रथम व यूनिट द्वितीय की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, संयुक्त निदेशक अभियोजन (प्रतिनिधि), क्षेत्राधिकारी सदर, अध्यक्ष, सदस्य बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड (प्रतिनिधि) जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कौशल विकास अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन आदि उपस्थित रहे।

अंगारे पर चलकर शोक जताया

मोहम्मदी खीरी। मोहर्रम के महीने के समापन पर शिया समुदाय के लोगों ने इमामबाड़े में मजलिस कर इमाम हुसैन की शहादत को याद कर अंगारों पर चलकर शोक जताया है। शिया समुदाय के अब्बास नकवी, जमीर रिजवी, अकरम रिजवी और अलीम राजा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने इमामबाड़े पर रात में एकत्र होकर मजलिस करते हुए अली या हुसैन की सदाओ की गूंज से वातावरण में शोक की लहर दौड़ गई। शहीदे आजम सैयद अयातुल्ला अली खामनेई को भी खोरजे अकीकदत पेश की गई है। हुसैन की शहादत और उनके तंबू में आग लग जाने का दर्दनाक मंजर याद कर ताजा करती हुई उनके बलिदान के प्रति अटूट निष्ठा दिखाने के लिए लोगों ने दहकते अंगारे पर चलकर शोक जताया है।

लेखपालों का कारनामा, पहले दुगापुर पंडरी व अब मटेरा में निकला जिन्न

धौरहरा खीरी। तहसील में तैनात लेखपालों के नित नए अजीबोगरीब कारनामे सुनने व देखने को मिल रहे हैं अभी बीतें दिनों क्षेत्र के परगना फिरोजाबाद में संबंधित लेखपाल ने करीब 20 वर्ष से लापता हरिजन की कृषि भूमि को केवट जाति के व्यक्ति के नाम विरासत करने व उस पर बैंक से 5.40 लाख का लोन निकलवाने का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि तहसील क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति को लेखपाल ने मृतक दिखाकर चार लोगों को विरासत करने का मामला सामने आया है। इस मामले में वादी ने एसडीएम धौरहरा को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की। प्राप्त विवरण के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम रानीपुरवा मटेरा निवासी सियाराम उर्फ मगंल पुत्र छत्रपाल के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 938 रकबा 0.454 हेक्टेयर का संकृमणीय खातेदार दर्ज है। वादी ने छः जुलाई को एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कहा कि राजस्व अभिलेखों में मंगल पुत्र छत्रपाल दर्ज है मेरी उपरोक्त भूमि को मुझे मृतक दिखाकर गांव निवासी मंगल पुत्र आसरे के नाम संबंधित लेखपाल विरासत दर्ज कर दिया जो कि 25 वर्ष पूर्व मृतक है। इस मामले में जानकारी देते हुए जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि इस प्रकरण में धारा 34 में तहसीलदार न्यायालय में वाद दायर होगा तभी नाम सही होगा।

लापता बालक का मिला शव

रेउसा (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के अचाकापुरवा छरेहटी मजरा रमुवापुर कालिका सिंह गांव निवासी राहुल (मूकबधिर) 13 वर्ष पुत्र अर्जुन चार जुलाई की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने गांव के आस पास व क्षेत्र में काफी तलाश किया। लेकिन कोई सुराक नहीं लग पाया। तब गांव वालों के कहने पर परिजनों ने पांच जुलाई की सुबह बालक के लापता होने की लिखित तहरीर थाना रेउसा पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्जकर बालक की तलाश शुरू कर दी। लेकिन बालक का कोई पता न लग सका। बुधवार को पड़ोस के सधुवापुर गांव के उत्तर दिशा में कुत्तों के द्वारा इंसान के कुछ अभिन्न अंगों को कुत्तों के द्वारा नोचते हुये देखा गया कि किसी चीज को कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे थे। इसी बीच खेत में धान रोपाई करने जा रहे किसानों के द्वारा इंसान के कंकाल जैसा देखा गया तब कुत्तों को खदेड़ा गया।

कुत्ते मुंह में दबाये मानव का हाथ छोड़कर भाग गये। तब जाकर देखा वह मानव का अंग ही है। वहीं घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मानव कंकाल की शिनाख्त होने से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने बेटे राहुल की शिनाख्त हाथ में बंधे कलावा से किया। जहां घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। मृतक के शरीर का गायब अन्य हिस्से कि तलाश आस-पास के खेतों में की गई। तब गांव के प्रभात सिंह के धान के खेत में और शरद सिंह के गन्ने के खेत में कुछ इंसानरूपी अवशेष पाये गये। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे फोरेंसिक टीम व वन विभाग से डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चौहान ने बताया कि किसी जंगली जानवर के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर मिले पगचिन्ह कुत्ते जैसे लग रहे हैं। मौके पर थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

सीतापुर में पूर्व विधायक अनूप गुप्ता समेत 28 लोगों को सार्वजनिक नोटिस

सीतापुर। नगर के शिवपुरी मोहल्ले में जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर बुधवार को पूर्व महोली विधायक एवं समाजवादी पार्टी नेता अनूप गुप्ता सहित 27 अन्य मकान मालिकों को सार्वजनिक नोटिस जारी कर चस्पा किया गया।

उप जिलाधिकारी जनार्दन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा छह जुलाई को जारी आदेश के अनुपालन में शिवपुरी मोहल्ले की लगभग 25 बीघा भूमि पर बने 28 मकानों से संबंधित सार्वजनिक नोटिस चस्पा किए गए हैं। इनमें पूर्व विधायक अनूप गुप्ता का आवास भी शामिल है।

सीतापुर में कीटनाशी प्रतिष्ठानों पर छापे

34 दुकानों की जांच, 11 नमूने लिये गये

सीतापुर। जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कीटनाशी प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 34 दुकानों का निरीक्षण किया गया, 11 नमूने संग्रहित किए गए तथा तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

उप कृषि निदेशक डॉ. श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के तहत तहसील सीतापुर और बिसवां में जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार तथा तहसील सिधौली और महमूदाबाद में जिला कृषि रक्षा अधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसके अलावा महोली, मिश्रिख और लहरपुर तहसीलों में भी छापेमारी कर कीटनाशी प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर ने बताया है कि प्रमुख सचिव (कृषि) उत्तर प्रदेश लखनऊ के रेडियोग्राम लखनऊ 6 जुलाई के परिपालन में जिलाधिकारी के आदेश द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद में कीटनाशी प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 03 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गई। ग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रयोगशाला से परीक्षण परिणाम प्राप्त होने पर कीटनाशी अधिनियम-1968, नियमावली-1971 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

ट्रिपिंग और बढ़े बिलों से उपभोक्ता परेशान बिजली विभाग पर उठे सवाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक ओर बिना सूचना और सहमति के बिजली कनेक्शनों का लोड बढ़ाए जाने का आरोप लग रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर का चार नम्बर फीडर लगातार ट्रिपिंग और कटौती से उपभोक्ताओं की परेशानी का कारण बना हुआ है। इस मुद्दे को लेकर गरीब मजदूर किसान पार्टी ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सात दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने आरोप लगाया कि पिछले दो-तीन महीनों से विभाग घरेलू, कृषि और व्यावसायिक उपभोक्ताओं का विद्युत लोड बिना किसी नोटिस और लिखित सहमति के बढ़ा रहा है। इसके कारण उपभोक्ताओं के बिजली बिल दो से तीन गुना तक बढ़ गए हैं, जिससे किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी आर्थिक बोझ झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि बढ़ाया गया लोड तत्काल निरस्त किया जाए, भविष्य में बिना उपभोक्ता की सहमति लोड न बढ़ाया जाए, पिछले तीन माह में बढ़े अतिरिक्त बिलों को माफ किया जाए तथा इस कार्रवाई के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गरीब मजदूर किसान पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी सड़क से लेकर बिजलीघरों तक प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। चार नम्बर फीडर के उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर में सबसे अधिक बिजली संकट इसी फीडर पर है। दिन और रात में कई-कई घंटे बिजली कटौती तथा बार-बार ट्रिपिंग से घरों और कारोबार पर असर पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने विभाग से फीडर की क्षमता बढ़ाने और स्थायी समाधान कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं एसडीओ अजय यादव का कहना है कि तकनीकी खराबी के कारण चार नम्बर फीडर की विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित हुई थी। आपूर्ति बहाल होने के बाद फीडर पर अचानक बढ़े विद्युत भार से बार-बार ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से लगभग 40 से 45 मिनट तक केवल आवश्यक विद्युत उपकरणों का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे फीडर का लोड सामान्य होगा और विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभाग आवश्यक तकनीकी कार्यवाही कर रहा है।

इलाज की चिंता खत्मः शिक्षकों को मिले कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ देने के लिए बुधवार को कुंभी ब्लॉक सभागार में स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि स्वस्थ शिक्षक ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की नींव होता है। प्रदेश सरकार ने शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए उन्हें 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई है। इस योजना से शिक्षक, शिक्षिकाएं, रसोइया एवं विभाग के अन्य पात्र कर्मचारी आवश्यकता पड़ने पर बिना आर्थिक चिंता के बेहतर उपचार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कई बार शिक्षक अपने एवं परिवार के सदस्यों के इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं, लेकिन अब यह योजना उनके लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच बनेगी। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी श्रीराम, खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज राकेश कुमार सिंह, जीआईसी शारदानगर के प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी, खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह तथा अवधेश मिश्र ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने योजना को शिक्षकों के हित में सरकार का सराहनीय कदम बताते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों से इसका लाभ उठाने की अपील की। समारोह में एक दर्जन से अधिक लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों ने शिक्षकों को बैंकिंग एवं विभिन्न वित्तीय सेवाओं की जानकारी देते हुए डिजिटल सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शिक्षकों ने प्रदेश सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में शिक्षक संघ के नेता विजय पाल वर्मा, नरेंद्र कुमार वर्मा, आशुतोष गिरी, नोडल शिक्षक वीरेश बाजपेई, केवीएम जीत, अनंत प्रकाश सरोज, दिनेश यादव, राम गुलाम पाण्डेय, गोपाल शुक्ला, आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने किया संगठन का विस्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने संगठन के विस्तार अभियान को गति देते हुए बाराबंकी जिले में नई जिला कार्यकारिणी के गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने ग्राम रामपुर तेलियानी निवासी राजवीर सिंह को राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन का बाराबंकी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। नियुक्ति के बाद संगठन पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए किसानों के हित में प्रभावी कार्य करने की अपेक्षा जताई। प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए राजवीर सिंह को जिले के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, उनके त्वरित निस्तारण के लिए प्रयास करने तथा किसानों की आवाज शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है और जिला स्तर पर मजबूत संगठन किसानों की आवाज को और प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए कि आगामी तीन माह के भीतर जिला एवं तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूची प्रदेश नेतृत्व को उपलब्ध कराई जाए, ताकि संगठन की गतिविधियों का विस्तार गांव-गांव तक किया जा सके और अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ा जा सके।

खाद लदी ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां अंतर्गत बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर बुधवार सुबह करीब चार बजे खाद लदी ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर ईश्वरवारा गांव जाने वाले मार्ग पर बने गेट के सामने सीतापुर माल गोदाम से एसएसपी सिंगल सुपर फास्फेट दानेदार खाद लेकर बाराबंकी कृष्ण खाद भंडार को लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की खाई में पलट गई। ड्राइवर की सूझबूझ के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है।

राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं शिक्षकः रजनी

लखीमपुर खीरी। जिला मुख्यालय पर रॉयल पैराडाइज में आयोजित कार्यक्रम का राज्यमंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी ने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

कैशलेस इलाज शिक्षकों की सामाजिक सुरक्षा की बड़ी पहल

सर्वप्रथम सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वाराणसी में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। इसके बाद 20 लाभार्थियों (बेसिक व माध्यमिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं रसोईया) को कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। वही स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए शिक्षक सरोज कुमार, मार्कण्डेय सिंह, इकबाल अहमद, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अश्वनी तिवारी को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना से अब शिक्षकों, शिक्षामित्र अनुदेशकों एवं रसोईया और उनके आश्रित परिवारों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव भी तैयार करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री जी ने वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों व उनके परिजनों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा दिया है। सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने के साथ ही लखीमपुर खीरी के 21258 शिक्षकों और उनके उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में 8059 नियमित शिक्षकों के साथ 3186 शिक्षामित्र, 826 अनुदेशक, 8886 रसोइया, 53 बेसिक शिक्षा में कार्यरत विशेष शिक्षक और 248 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि आज से शिक्षकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा मिलेगी। परिवार सुखी रहता है तो कोई भी चिंता मुक्त होकर काम करता है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों और बच्चों को हृदय से बधाई दी। शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं है बल्की राष्ट्र का निर्माण करता है।

झाला के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के निर्देश पर बुधवार को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का खुलाशा करते हुवे 02 महिलाओ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिलाओ ने अपना नाम 1.रीमा पत्नी राजन 2.राशमी पुत्री राजन निवासी कस्बा बभनइया पूरब देवापुर थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर बताया है। महिलाओ द्वारा दिनांक 06/07/2026 को पलिया बस अड्डे लखीमपुर खीरी मे पीड़ित ललिता देवी पत्नी अवधेश कुमार निवासी ग्राम मल्लबेहड थाना पदुआ जिला खीरी के हैण्डबैग से सोने का झाला व 2000 रुपए निकाल लिये थे, जिसके सम्बन्ध मे ललिता द्वारा थाना कोतवाली सदर पर घटना की सूचना देकर अपना मुकदमा पंजीकृत कराया था। कोतवाल सदर लखीमपुर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओ को भंसडिया क्रासिंग से गिरफ्तार किया उनके कब्जे से चोरी का एक जोड़ी झाला (पीली धातु) व 500/- रुपए भी बरामद हुये हैं। महिलाओ के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया। कोतवाल ने बताया पूछताछ मे अभियक्ता रीमा द्वारा बताया गया कि हम लोग बस अड्डे, रेलवे स्टेशन पर खडे रहते है तथा भीख मांगने का काम करते है तथा जिस महिला के कान अथवा गले मे आभूषण नही होते है तो हम समझ जाते है कि अवश्य इनका आभूषण इनके बैग मे होगा इसके बाद हम लोग चोरी से इनके बैग से सामान की चोरी कर लेते है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में म0 उ0नि0 शिल्पी शुक्ला कोतवाली सदर, का0 राहुल कुमार म0का0 संगीता मौजूद रही।

उत्तर प्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः 1778/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांकः 03-07-2026

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (भवन कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	श्रावस्ती	वित्तीय वर्ष 2026-27 में (कार्यालय भवन) अनावासीय एवं आवासीय भवनों के सामान्य अनुरक्षण का कार्य	12.00	1.20	945	09 माह

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 13-07-2026 से पूर्व।

3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 13.07.2026 से 27-07-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 27-07-2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 27-07-2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।

(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-

संक्षेप

मंदिर पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में तनाव

सोहावल-अयोध्या। मोकलपुर में स्थापित लगभग 100 वर्ष पुराना राम जानकी मंदिर महंती को लेकर दो उत्तराधिकारियों के बीच अखाड़ा बन चुका है। बुधवार को यहां जबरन कब्जे की आशंका से भयभीत एक पक्ष ने जिलाधिकारी से सुरक्षा के लिए गुहार की।धार्मिक संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ एक टुकड़ी पी ए सी तैनात कर दी हैं।मंदिर परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। आरोप है कि गांव में स्थित सत्यनाम ज्ञान योग आश्रम मोकलपुर बाबा का पुरवा की स्थापना लगभग 100 वर्ष पहले की गई थी।इसमें भगवान राम जानकी की मूर्तियां स्थापित होने के साथ-साथ पूर्व महंथों की समाधि बनी।मंदिर के पास लगभग 500 बीघा से ज्यादा की आराजी है। परंपरा के आधार पर महंथ धर्मेंद्र दास शास्त्री वर्तमान में मंदिर के महंत हैं।यह ब्राह्मण समाज से आते हैं। दूसरी ओर महंत शिव प्रकाश दास यादव समाज से आकर एक महज्जर नामा के आधार पर महंती को लेकर अपना दावा पेश कर रहे हैं। जिसे धर्मेंद्र दास फर्जी बताते हैं।फलाहारी बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले दूसरे पक्षकार धर्मेंद्र दास पर आरोप लगाते हुए जातिगत समूह गठित कर जबरन मंदिर पर कब्जा करने की आशंका से पहले महंत ने शिकायत जिलाधिकारी के यहां दर्ज कराई और न्यायालय में वाद चलने का हवाला दिया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन हरकत में आ गया। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ एक टुकड़ी पीएससी भी मंदिर में तैनात कर दी गई है।

अखंड योगदान एसो. की बैठक संपन्न

सुलतानपुर। अखंड योगदान एसोसिएशन के कार्यालय में रविवार को संस्थापक ओम कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।बैठक में संस्था के उद्देश्यों, संगठन विस्तार, सामाजिक सरोकारों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों का परिचय कराते हुए संगठनात्मक समन्वय को मजबूत बनाने पर बल दिया गया तथा सभी ने अपने दायित्वों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था के पदाधिकारियों की आधिकारिक सूची प्रशासनिक व्हाट्सएप समूह के माध्यम से सभी सदस्यों के साथ साझा की जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्यों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर चंदन देव शुक्ला ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और जरूरतमंद परिवारों के सहयोग में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।उनका कहना था कि युवाओं की भागीदारी से ही शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना साकार होगा।बैठक में विकास राव, दिनेश कुमार, पवन नंदा, कुलदीप मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, राजकुमार सोनकर, सागर वर्मा, आसिफ अंसारी, गुलफराज खान, इरफान खान, जुनैद अंसारी, सत्यम और अमित कुमार वर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संस्थापक ओम कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में संस्था की सक्रिय भूमिका को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

शिक्षक सीएम योगी से सीखें समय का अनुशासन

बच्चों का मन घर से ज्यादा विद्यालय में लगे ऐसा हो परिवेश : सूर्य प्रताप शाही

अयोध्या। सीएम योगी द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभप्रदान करने व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रदेश में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत नियमित/मानदेय, स्व वित्त पोषित, अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशकों एवं विद्यालय में कार्यरत रसोइयों, अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ तथा एसबीआई के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ और सभी बच्चों के लिए डीबीटी योजना का शुभारंभ किये जाने के अवसर पर जनपद के सर्किट हाउस में मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम महंत गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, डीएम शशांक त्रिपाठी, सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द्र की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह सीएम योगी आदित्यनाथ से समय के अनुशासन को अवश्य सीखें जिस प्रकार आज का कार्यक्रम समयबद्ध ढंग से पूरा हो रहा है, इसी तरह प्रतिदिन स्वयं समय से विद्यालय पहुंचकर एवं बच्चों को समय से बुलाकर विद्यालय गतिविधियों को संपन्न कराएं। बच्चों का मन घर से ज्यादा विद्यालय में लगे ऐसा स्वच्छ परिवेश विद्यालय का होना चाहिए। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों 10 शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का कार्ड वितरित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इसी के साथ ही मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही ने माध्यमिक विद्यालयों के भी 10 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का कार्ड वितरित किया। बेसिक शिक्षा विभाग से धीरज शुक्ला, क्षमा जायसवाल राकेश कुमार जायसवाल, बृजेश कुमार, कृष्ण कुमार पांडे, विनय कुमार गुप्ता, शिवम सिंह, अनूप दुबे और सविता शुक्ला को मुख्य अतिथि के हाथों मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का कार्ड प्रदान किया गया।इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों संजीव कुमार चतुर्वेदी, रूही पाल, डॉ शिवकुमार मिश्र, डॉक्टर रामकृष्ण मिश्रा, रियाज अहमद खान, परमेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, रितेश जायसवाल मणि शंकर तिवारी और डॉक्टर उदयभान सिंह को मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से संचालित किया गया। पूरे प्रदेश में एक साथ बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों के अभिभावकों के खाते में डी बी टी योजना के अंतर्गत दो सेट यूनिफार्म, जूता मोजा, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के क्रय हेतु रुपए 1200 प्रति छात्र की दर से धनराशि जनपद अयोध्या के कुल 1,14,679 बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक पवन कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीइओ तारकेश्वर पांडे, जिला समन्वय प्रशिक्षण आदर्श सिंह, जिला समन्वयक मध्यान भोजन अंकुर सिंह, जिला समन्वयक निर्माण गिरिजा शंकर पांडेय, जिला समन्वयक निपुण रॉबिन पाल, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवाकांत द्विवेदी जिला समन्वयक बालिका भास्कर सिंह, सुमित, मुकुल श्रीवास्तव व जनपद अयोध्या के एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी, एसआरजी अमित मिश्रा उपस्थित रहे।

सीएम कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित, शिक्षकों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा

कादीपुर, सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत बुधवार को क्षेत्र पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। वहीं, बेसिक शिक्षा परिषद के 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर और स्कूल बैग के लिए 1200 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने योजना की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर कादीपुर, दोस्तपुर, अखंडनगर और करौंदीकला ब्लॉक के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में बीडीओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भारतीय रेलवे परिवहन व प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक ने किया आरेडिका दौरा

रायबरेली। भारतीय रेलवे परिवहन एवं प्रबंधन संस्थान लखनऊ के महानिदेशक प्रकाश रंजन ठाकुर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का दौरा किया।इस अवसर पर उनके साथ इरीटिम के प्रोफेसर (फाइनेंस) अष्ठानन्द पाठक भी उपस्थित रहे।दौरे के दौरान महानिदेशक ने आरेडिका के महाप्रबंधक रामन कृष्णन एवं वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठक कर कोच उत्पादन, विनिर्माण प्रक्रियाओं तथा उत्पादन क्षमता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1990 बैच के अधिकारी प्रकाश रंजन ठाकुर को रेलवे संचालन, परिवहन प्रबंधन, सुरक्षा, प्रशासन तथा विभिन्न मंत्रालयों में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव प्राप्त है। उन्होंने ने आरेडिका के समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कार्यस्थल पर सफलता के मूल मंत्रों पर प्रकाश डालते हुए अपने तीन दशकों से अधिक के प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अनुभव साझा किए। उन्होंने अधिकारियों से सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रभावी नेतृत्व, टीम भावना, समयबद्ध निर्णय, सतत सीखने की प्रवृत्ति तथा नवाचार को अपनाते हुए उत्कृष्ट कार्य संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने शेल शॉप, बोगी शॉप, व्हील शॉप तथा फर्निशिंग शॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अत्याधुनिक मशीनों की कार्यदक्षता का अवलोकन किया तथा वहां कार्यरत कर्मचारियों से मशीनों की कार्यप्रणाली एवं उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आरेडिका में निर्मित वंदे भारत ट्रेन के रेक का भी अवलोकन किया।इसके उपरांत उन्होंने आरेडिका की खेल सुविधाओं तथा हरित एवं सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी का भ्रमण किया। फैक्ट्री परिसर एवं कॉलोनी की स्वच्छता, हरियाली तथा आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आरेडिका भारतीय रेल की एक अत्यंत सुंदर, उत्कृष्ट कोच निर्माण इकाई है। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक वीके पाठक आदि उपस्थित रहे।

आज के वैश्विक परिदृश्य में विधिक शिक्षा अहम

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के लिए आज का दिवस अत्यंत हर्ष, गौरव एवं उपलब्धि का है। विश्वविद्यालय के अधिकृत ई-मेल पर आज बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा पंचवर्षीय बीए एलएल.बी. तथा त्रिवर्षीय एलएल.बी. पाठ्यक्रमों की मान्यता प्रदान किए जाने का औपचारिक अनुमोदन प्राप्त हुआ। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधि (कानून) किसी भी जीवंत समाज की आत्मा होती है। आज के वैश्विक परिदृश्य में विधिक शिक्षा बहुत आवश्यक हो गई है। अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग में एलएलएम के साथ-साथ अब बीए. एलएल.बी. और एलएलबी पाठ्यक्रमों की शुरूआत संस्थान को विधिक शिक्षा के एक संपूर्ण राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया से प्राप्त यह मान्यता हमारे हर्ष का विषय है, जिसके तहत हम अवध विश्वविद्यालय को श्विकसित भारतश के निर्माण में अग्रणी भूमिका में देखना चाहते हैं। यह रिकॉर्ड समय में मिली सफलता टीम वर्क, निरंतर विवि परिवार के कड़े परिश्रम का प्रतिफल है। हम अकादमिक उत्कृष्टता और शोध परक विधिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए संकल्पित हैं। सभी नवागंतुक छात्र-छात्राओं का इस नए शैक्षिक अध्याय में स्वागत है।

कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के विधि विभाग में वर्ष 2018 से एलएलएम पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। अब वर्ष 2026 से पंचवर्षीय बी.ए. एलएल.बी. एवं त्रिवर्षीय एलएल.बी. पाठ्यक्रमों के शुभारंभ से विभाग विधि शिक्षा के समस्त प्रमुख शैक्षिक आयामों से समृद्ध होकर पूर्णता की ओर अग्रसर हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शैक्षिक इतिहास में एक नवीन अध्याय का सूत्रपात करेगी तथा प्रदेश एवं देश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी। सेंटर फॉर लीगल स्टडीज के निदेशक के तौर पर नियुक्त प्रो. ए के राय ने कहा कि प्रखर प्रवक्ता, महान विधिवेत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थक एवं विलक्षण मनीषी डॉ०राममनोहर लोहिया के नाम से अभिहित इस विश्वविद्यालय में विधि शिक्षा के इन नवीन पाठ्यक्रमों का संचालन निःसंदेह अत्यंत गौरव, संतोष एवं शैक्षिक गरिमा का विषय है।

शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी बनाने के लिए कार्य कर रही सरकार : मनोज कुमार

- बेसिक शिक्षा विभाग के 16365 शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के सदस्य सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित

रायबरेली। सीएम योगी के कर कमलों द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत 12 लाख शिक्षक एवं उनके परिवारों को लाभ, 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, जूता, मोजा, स्वेटर, बैग व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा हेतु रु 1200 वितरण, 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का निष्पादन, राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सम्मान का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में गोपाल सरस्वती इण्टर कालेज रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश मनोज कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक को मिलाकर 26 एवं एक शिक्षक परिवार के लोगों को योजना का हितलाभ वितरण हेतु कौशलेस कार्ड का वितरित किया गया। इसके अलावा 4 शिक्षकों को एसबीआई बैंक में खाता खोलने पर पासबुक का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रा. विद्यालय कोडरजहानपुर के नव प्रवेशी पांच बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कर स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्थायी व संविदा कार्मिक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन और रसोइये इस योजना के दायरे में आते है।

जनपद रायबरेली में 2301 परिषदीय व 16 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा से लाभान्वित हुए। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा विभाग रायबरेली में कुल 46 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं 10 सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत कुल 691 शिक्षक योजना से लाभान्वित हुए, जिसमें शिक्षक 7103, अनुदेशक 562, शिक्षामित्र 2112, रसोइया 6351 के 0बी0जी0वी0 स्टाफ 196 एवं विशेष शिक्षक 41 कुल 16365 शामिल है। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग रायबरेली में डीबीटी के अन्तर्गत जनपद में कुल 179111 छात्रों के अभिभावकों के खातों में रु0 1200 की दर से यूनिफार्म, जूता-मोजा, बैंग, स्टेशनरी व स्वेटर छात्रों हेतु लिये जाने के लिए धनराशि प्रेषित की गई।

इस अवसर पर मंत्री श्री पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं छात्र-हितैषी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और विद्यार्थियों का समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में भेजे जाने से पारदर्शिता बढ़ी है तथा लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, शिवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, शिक्षकगण/कर्मचारीगण व परिवार के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

कृषि विवि में छात्र की मौत की गुत्थी बरकरार

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि में छात्र आकाश सोनकर की संदिग्ध मौत के एक माह बाद भी मामले की गुत्थी बरकरार है। पशु चिकित्सा विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र आकाश का शव 5 जून 2026 को कालिंदी छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका मिला था। वह मूल रूप से मऊ जिले के घोसी कस्बे का निवासी था। घटना के बाद से ही परिजनों ने आत्महत्या के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। यह जानकारी थाना अध्यक्ष कुमारगंज सुरेश कुमार ने 8 जुलाई 2026 की दोपहर में दी। मृतक के चाचा आनंद प्रकाश सोनकर ने कुमारगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आकाश की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। विवि के छात्रावासों से जुड़े संदिग्ध मौतों का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 2 अप्रैल 2026 को गोंडा निवासी हार्टीकल्चर प्रथम वर्ष के छात्र अनिल तिवारी का शव अमरावती छात्रावास के कमरे से दरवाजा तोड़कर बरामद किया गया था। मृतक के पिता जीवननाथ तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। इसी तरह, मई 2024 में एग्रोनॉमी के छात्र यशपाल ने भी विश्वविद्यालय के छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। यशपाल ने एक प्रोफेसर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इस मामले में भी मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन विवेचना अभी तक लंबित है। इन लगातार सामने आ रही घटनाओं और जांच में हो रही देरी से विश्वविद्यालय के छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है। मिल्कीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल ने 8 जुलाई को बताया कि आकाश सोनकर प्रकरण की जांच कुमारगंज पुलिस कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नवीन मेहरोत्रा बने रोटरी क्लब के अध्यक्ष

- इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा बनीं निधि मेहरोत्रा

रायबरेली। सामूहिक प्रयास से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है और रोटरी क्लब निरंतर इस दिशा में कार्यरत है। उक्त विचार रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक गवर्नर रो पूनम गुलाटी ने रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त अधिष्ठापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राइजिंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष रो रजनीश कपूर द्वारा उपस्थित सदस्यों व अतिथियों का स्वागत किया गया और सचिव रो सचिन मेहरोत्रा द्वारा वर्ष 2025-26 की आख्या प्रस्तुत की गई।

सत्र 2026-27 के नव निर्वाचित अध्यक्ष रो नवीन मेहरोत्रा उनके साथ सचिव रो. अमित कुमार लुनिया को पद की शपथ लखनऊ से पधारे असिटेंट गवर्नर डिस्ट्रिक 3120 रो एनके गुप्ता द्वारा दिलाई गई। इनरव्हील क्लब की नव निर्वाचित अध्यक्षा निधि मेहरोत्रा एवं सचिव सुनीता राजपाल को पद की शपथ निवर्तमान अध्यक्ष वैशाली चंद्रा द्वारा दिलवाई गई।

अध्यक्ष रो नवीन मेहरोत्रा ने कहा की रोटरी क्लब के ध्येय वाक्य खुद से पहले समाज की अवधारणा का पालन वर्ष भर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्य में दृष्टिगोचर होगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब रायबरेली की पत्रिका 'प्रेरणा' एवं इनरवील क्लब की पत्रिका 'सुबोधिनी' का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के वार्षिक पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन रो विनय द्विवेदी एवं प्रेरणा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रो सुखुलाल चंदवानी, रो विमल तलरेजा, रो संजय सब्बरवाल, रो संजय जीवनानी, रो ऋषि अग्रवाल, रो अभिषेक गोयल, रो विजय सिंह, रो अजय ,रो अतुल भार्गव,रो अरविंद श्रीवास्तव, रो संजय श्रीवास्तव, रो प्रखर गुप्ता, रो हरिहर सिंह रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी रो गोविन्द खन्ना द्वारा उपस्थित सदस्यों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कौशांबी एलपीजी टैंकर हादसा : मृतक शुभम सिंह के परिजनों को मिली 5 लाख की सहायता

नसीराबाद, रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम कुंवर मऊ राजापुर निवासी स्वर्गीय शुभम सिंह, जिनकी कौशांबी में हुए दर्दनाक एल पी जी टैंकर हादसे में मृत्यु हो गई थी, उनके आवास पर एसडीएम सलोन एवं भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी पहुंचे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।इस दौरान मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख की आर्थिक सहायता का प्रमाण पत्र मृतक की पत्नी एवं बच्चों को सौंपा गया।

- भाजपा विधायक अशोक कुमार ने दिलाया हर संभव सहयोग का भरोसा

भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी ने बताया कि परिवार के दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत प्रतिमाह आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने संबंधित लेखपाल को निर्देश दिए कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत भी मृतक के परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाए।इस अवसर पर ग्राम सभा के बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक ने परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया पौधारोपण

सलोन, रायबरेली। सर्वोदय इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सलोन राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पेड़ लगाओं, जीवन बचाओं। मैं पेड़ हूं, मुझे मत काटो। पेड़ ही जीवन है।जहां है हरिहाली, वहीं है खुशीहाली।.. आदि कई ऐसे नारों के साथ प्रधानाचार्य अमित भारती व चन्द्र शेखर रस्तोगी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया।उन्होंने कहा कि मनुष्य को वृक्षों के महत्व को समझना चाहिए। वे उनके मित्र हैं जो सुख-दुख में उनकी मदद करेंगे और हम सबको एक वृक्ष तो अवश्य लगाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। सरकार द्वारा वृक्ष रक्षा हेतु कई कठोर नियम बनाये गए हैं जिससे वृक्षों की कटाई को रोका जा सके और हर वर्ष वन महोत्सव के दिनों में लाखों पेड़-पौधे लगाकर लोगों को इनके प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होने आहवान किया कि हर व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाये तो प्रति वर्ष करोड़ो पेड़ लग जाएगें। उन्होने उपस्थित लोगों से संकल्प दिलवाया कि वे भी अपने-अपने घरों, कार्यालयों आदि में एक पेड़ जरूर लगाएं तथा उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करें।

आचार संहिता उल्लंघन केस में जिपं अध्यक्ष ने किया सरेंडर, जमानत पर रिहा

सुलतानपुर। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आरोपित जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। फास्ट ट्रैक कोर्ट/सिविल जज सीनियर डिवीजन भव्या श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा की बहस सुनने के बाद जिपं अध्यक्ष की जमानत मंजूर कर रिहा करने का आदेश दिया है। बीते दिनों कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 अगस्त की तिथि तय की थी। लोकसभा चुनाव के दौरान 25 मार्च 2019 को उड़नदस्ता प्रभारी सुशील कुमार ने जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह के खिलाफ बल्दीराय थाने में आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि जिपं अध्यक्ष ने अपने गनापुर के घर पर बिना अनुमति होली मिलन समारोह आयोजित कर आचार संहिता का उल्लंघन किया था। पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद 18 जनवरी 2021 को कोर्ट ने जिपं अध्यक्ष ऊषा सिंह के खिलाफ समन जारी कर उन्हें अदालत में तलब किया था। कोर्ट की सख्ती व जमानती वारंट जारी होने के बाद जिपं अध्यक्ष ने अदालत में सरेंडर कर जमानत कराई है।

समस्याओं को लेकर वित्त व लेखाधिकारी से मिला शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जनपद सुल्तानपुर का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, सुल्तानपुर से मिला और शिक्षकों की लंबे समय से लंबित वित्तीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। उनके साथ जिला महामंत्री सतीश कुमार पाण्डेय सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन ने शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण वित्तीय प्रकरणों को प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने जीपीएफ प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण, चयन वेतनमान एवं लंबित एरियर का भुगतान, एनपीएस कटौती से संबंधित विसंगतियों का समाधान, नए एनपीएस खातों का शीघ्र संचालन, आयकर रिटर्न हेतु फॉर्म-16 उपल

संक्षेप

गृह प्रवेश समारोह में मारपीट, पांच लोगों पर केस दर्ज

भटनी, देवरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुमौर्टा घुरी गांव में गृह प्रवेश समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक की तहरीर पर भटनी पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार 24 जून की शाम गृह प्रवेश समारोह में भोजन के दौरान कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ लाठी-डंडों व मुक्कों से मारपीट की। बचाव के लिए घर में घुसने पर आरोप है कि हमलावरों ने घर में भी मारपीट की तथा बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। भटनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पाँच लोगो के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

रेलवे परिसर बना नगर का कूड़ाघर जिम्मेदार मौन

भटनी(देवरिया)। एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं स्थानीय आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में इसकी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर के केवड़ा चौराहे से दक्षिण स्थित रेलवे परिसर इन दिनों नगर के कूड़े का स्थायी डंपिंग ग्राउंड बन गया है। यहां सड़े-गले कूड़े और गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। प्रतिदिन रेलवे स्टेशन से होकर हजारों यात्रियों का आवागमन होता है, लेकिन स्टेशन के समीप फैली गंदगी स्वच्छता अभियान के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के सफाई कर्मी नालियों और चौराहों से एकत्रित कूड़े को रेलवे परिसर में डालकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेते हैं, जबकि रेलवे और नगर प्रशासन दोनों ही इसकी जिम्मेदारी लेने से बचते नजर आ रहे हैं। आक्रोशित नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त एवं रेलवे के उच्च अधिकारियों से तत्काल सफाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जब जिम्मेदार विभाग ही एक-दूसरे के पाले में गेंद डालते रहेंगे, तो स्वच्छता अभियान केवल सरकारी पोस्टरों और भाषणों तक ही सीमित रह जाएगा।

सहकारिता का 'सुपर सचिव'! सात समितियां व संघ और एक ही चेहरा

- किसके वरदहस्त से फल-फूल रहा है सचिव का यह साम्राज्य?
- नियम ताक पर, एक सचिव के पास सात समितियों का कब्जा, तीन संघों की जिम्मेदारी भी उसी झोली में

कुशीनगर। सहकारिता विभाग में इन दिनों एक नाम खासे चर्चा में है। चर्चा इसलिए नहीं कि उन्होंने कोई मिसाल कायम की है, बल्कि इसलिए है कि जिस व्यवस्था में जिम्मेदारियां बांटकर काम कराया जाना चाहिए, वहां एक ही सचिव के हाथों में समितियों और संघों का पूरा साम्राज्य सौंप दिया गया है। सवाल उठ रहा है कि यह प्रशासनिक व्यवस्था है या फिर किसी रसूखदार की मनमानी? काबिलेगौर है है कि शशि प्रकाश राय, जिनकी मूल तैनाती कोटवा लोहझर समिति में बताई जाती है, वर्तमान में कसया की मैनपुर, नौगावां, कानखोरिया और नरकटिया समितियों के साथ फाजिलनगर की पोखरभिंडा तथा हाटा की ढाढ़ा समिति का भी प्रभार संभाल रहे हैं। इतना ही नहीं, हाटा, नैकाछपरा और अहिरौली संघों की कमान भी उनके हाथ में बताई जा रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसा कौन सा चमत्कार है जो एक ही व्यक्ति को सात समितियों और तीन संघों का संचालन करने योग्य बना देता है? क्या जिले में बाकी सचिव अयोग्य हैं या फिर किसी खास चेहरे पर ही विभाग की मेहरबानी बरस रही है?कहना ना होगा कि सहकारिता विभाग का मूल उद्देश्य किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन जब एक ही व्यक्ति के पास दर्जनों जिम्मेदारियां हों तो किसानों तक सेवाएं पहुंच रही हैं या सिर्फ फाइलों में व्यवस्थाएं दौड़ रही हैं, यह जांच का विषय है।

नियमों की धज्जियां या संरक्षण का खेल

विभागीय जानकारों का कहना है कि अतिरिक्त प्रभार देने की भी एक सीमा होती है। लेकिन यहां तो सीमाएं ही टूटती नजर आ रही हैं। सवाल यह भी है कि आखिर किन परिस्थितियों में इतने प्रभार एक ही व्यक्ति को सौंपे गए और किस अधिकारी ने इसकी अनुमति दी? यदि नियमों के विपरीत चार्ज दिया गया है तो जिम्मेदार कौन है? और यदि नियमों के तहत दिया गया है तो वह नियम सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा?

कसया बैंक परिसर बना सत्ता का केंद्र

चर्चा यह भी है कि संबंधित सचिव शशि प्रकाश राय कसया सहकारी बैंक परिसर में कमरा लेकर रहते हैं। ऐसे में विभागीय गलियारों में यह सवाल तेजी से तैर रहा है कि क्या सहकारिता का पूरा तंत्र कुछ चुनिंदा लोगों के इर्द-गिर्द सिमटता जा रहा है?सवाल सिर्फ एक सचिव का नहीं है, सवाल उस व्यवस्था का है जहां जिम्मेदारियों का पहाड़ एक व्यक्ति पर लादकर पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों को कठघरे में खड़ा कर दिया गया है।अब देखना दिलचस्प है कि सहकारिता विभाग इन सवालों का जवाब देता है या फिर हमेशा की तरह फाइलों की धूल में सच को दफन करने की कोशिश की जाती है। क्योंकि जब एक सचिव के पास सात समितियां और तीन संघ हों, तो सवाल उठना लाजिमी है कि यह व्यवस्था है या रसूख का साम्राज्य?

एआर बोले:- इस संबध मे सचिव शशि प्रकाश राय से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर 8738927464 पर लगातार दो बार काल किया गया घंटी बजती रही किन्तु फोन नही उठा। इसके बाद एआर नीरज कुमार गोंड से बात की गयी तो उन्होनें कहा कि कर्मचारियों की कमी है इस लिए वैकल्पिक तौर पर सचिव शशि प्रकाश को सात समितियों का प्रभार सौपा गया है। यह पूछने पर कि क्या यह शासनादेश के अनुरूप नही है लेकिन पहले चला आ रहा है। एआर से के फोन कटने के बाद शशिप्रकाश राय ने फोन किया और कहा कि दो समितियों के प्रभार उनके पस है बाकी लिपिक के पास है। दोबारा फोन कर पत्रकार को हडकाने का प्रयास किया और कहा कि कसया मे रहते है आकर मिल लिजिए या फिर हम मिल लेगे।

निर्माणाधीन परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज राजकीय इंटर कॉलेज एवं जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में गुणवत्ता मानकों से समझौता न किया जाए। यदि निर्माण कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ता संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने सबसे पहले राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में निमार्णाधीन कार्य परियोजनाओं यथा छात्रावास, संग्रहालय भवन, वाचनालय, शौचालय ब्लॉक तथा चारदीवारी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 19 करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद साइबर थाने के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

चंद्रशेखर उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : रामाशीष राय

कसया, कुशीनगर। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर कसया तहसील क्षेत्र स्थित एसआरडी चिल्ड्रेन एकेडमी, मधुरिया में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य एवं जयप्रकाश नारायण इंटर कॉलेज, बलिया के पूर्व प्राचार्य गोरक्षनाथ पांडेय ने की। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामाशीष राय ने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की राजनीति का आदर्श प्रस्तुत किया। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वक्ताओं ने चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन, सामाजिक सरोकारों तथा देश के प्रति उनके योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सिंहासन गुप्ता, सियाशरण पांडेय, राजेश यादव, दयाशंकर तिवारी, संतोष राजभर, राजपल्ली राजभर, शाकिर अली, अनवर मंसूरी, मखदूम अंसारी, सुभाष राजभर, भृंग शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, ताजिर अली, अंगद पासवान, रामबचन शर्मा, दीपक पांडेय, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

शिक्षकों को मिली 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, प्रतीकात्मक कार्ड वितरित

बरहज, देवरिया। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों के लिए शुरू की गई कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत बरहज तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड बरहज, भलुआनी एवं भागलपुर के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के कार्मिकों को 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से संबंधित प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए गए। इस योजना का शुभारंभ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बरहज श्वेता जायसवाल ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के लिए यह योजना अत्यंत आवश्यक थी। सीएम ने उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण पहल की है, जिसके लिए सभी शिक्षक समुदाय उनकी ओर से आभार व्यक्त करता है। बीइओ बरहज राजेश कुमार यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक योजना तहसील क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी तथा गंभीर बीमारी की स्थिति में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर बड़ी राहत देगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप कुमार सिंह, बीइओ भलुआनी सत्य प्रकाश कुशवाहा एवं बीइओ भागलपुर सूरज कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान तीनों विकासखंडों के पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। योजना को लेकर शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता दिखाई दी। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश मिश्र, रामानुज यादव, उमेश चंद, ओम प्रकाश, संजय प्रजापति, आशुतोष शाह, अशोक सिंह, मनोज कुमार, विजय खरवार, नरेंद्र यादव, सुशील यादव, शशि भूषण पाठक, विनोद यादव, हृदयेश दीक्षित, हेमंत शुक्ला, महातम लाल, संजीव दुबे, अमृता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पू०मा०) शिक्षक संघ जनपद-देवरिया की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी/शिक्षक भवन देवरिया पर आयोजित की गई। बैठक के एजेण्डा बिन्दु निम्नवत है। स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण गतिमान है। स्कूल चलो अभियान पर विस्तृत चर्चा करते हुवे जिलाध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय में नामांकन बढ़ाने हेतु डोर टू डोर अभिभावक सम्पर्क नित्य किया जाय। विद्यालयों से स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली जाय। ग्राम पंचायत के टोलो, मजरों में चौराहा, पंचायत भवन पर प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चौपाल व बैठक कर अभिभावकों को जागरूक किया जाय। महामंत्री नन्दलाल ने कहा कि अभिभावकों से सम्पर्क कर उनको शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाय। समाज के सबसे अंतिम कड़ी के व्यक्ति को शिक्षा से जोड़ना सबसे पुनीत कार्य है। सम्पर्क से निश्चित रूप से जागरुकता बढ़ेगी और विद्यालय में नामांकन दर बढ़ेगा। प्रदेशीय संयुक्त मंत्री नरेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओ के निस्तारण हेतु संगठन निस्तर हेतु प्रयासरत है। वर्तमान में जनपद का नामांकन दर बढ़ाने हेतु संघ कटिबद्ध है। विभिन्न आयामों जैसे रैली, स्थानीय प्रतिनिधियों का सहयोग नामांकन दर बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इसलिए पूर्ण मनोयोग से स्कूल चलो अभियान का सफल संचालन किया जा रहा है। मण्डल महामंत्री अशरफ अली खाँ ने कहा कि 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह पर चर्चा किया तथा जनपद की सदस्यता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रदेशीय आडिटर अमरनाथ वर्मा सदस्यता को बढाया जाय । अवशेष देयक का भुगतान अनिलम्ब किया जाय। जिला कोषाध्यक्ष डा० हेमन्त शुक्ला ने कहा कि टेट के मुद्दे पर चर्चा किये व उन्होंने शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से अवगत किया एवं उन समस्याओ का निराकरण संगठन पूर्ण मनोयोग से करता है। मुख्यमंत्री कैशलेश चिकित्सा सुविधा शिक्षकों के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण कदम सीएम ने उठाया है और सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र अनुदेशक, रसोईया को फ्री चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया है, । उप्र जूनियर हाईस्कूल (पू०मा०) शिक्षक संघ मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करता है। बैठक को दीनद?याल कुशवाहा, साहबलाल पटेल, उदय प्रताप सिंह अशोक साहनी, रसीद अहमद, कृपानारायण सिंह, आदि ने सम्बोधित किया। बैठक में मण्डल से बृजेश राव, आदि उपस्थित रहे।

डीएफओ साहब! पहले पुराने पौधे खोजिये, फिर नया रिकॉर्ड बनाइये

- कहां गये 1.20 करोड पौधे, करोड़ों पौधों का जंगल कागजों में उगा, धरती पर हरियाली का पता नहीं

कुशीनगर। जनपद में एक बार फिर वृक्षारोपण महाभियान का शंखनाद हो चुका है। सरकारी विभागों को लक्ष्य बांट दिए गए हैं, गड्ढे खोदे जा रहे हैं, पौधशालाओं से पौधे निकलने लगे हैं और कुछ ही दिनों में 45 लाख 17 हजार पौधे लगाने का दावा भी पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन इस बार माहौल पहले जैसा नहीं है। सबब यह है आम जनमानस इस बार पौधे लगाने की संख्या नहीं, बल्कि पुराने पौधों का हिसाब मांग रही है।

बतादे कि, पिछले कई दिनों से मीडिया लगातार वन विभाग के पौधरोपण अभियानों की परतें खोल रहा है। पहले 39 लाख पौधों के दावे पर सवाल उठे, फिर ₹जंगलर नाम वाले गांवों में हरियाली गायब होने की हकीकत सामने आई और अब नए लक्ष्य के साथ पुराना सवाल और बड़ा हो गया है जब पिछले तीन वर्षों में 1 करोड़ 20 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, तो फिर कुशीनगर में हरियाली दिखाई क्यों नहीं देती? आखिर यह कैसा वृक्षारोपण अभियान है, जिसमें हर वर्ष वन विभाग द्वारा लाखों पौधे लगाए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन जिले की तस्वीर बदलती नजर नहीं आती है। सवाल यह है कि यदि इतने पौधे वास्तव में धरती पर मौजूद हैं, तो कुशीनगर की पहचान आज भी हरियाली के बजाय धूल, खाली जमीन और कटते पेड़ों से क्यों हो रही है?

पुराने पौधे गायब, नये लक्ष्य तैयार:- सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में 37.42 लाख और वर्ष 2025 में 39.72 लाख पौधे लगाए गए। अब वर्ष 2026 में 45.17 लाख पौधों का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। यानी तीन वर्षों में कुल आंकड़ा 1 करोड़ 20 लाख पौधों से ऊपर पहुंच चुका है। लेकिन जिले के गांवों, सड़कों, नहरों, ग्राम समाज की जमीनों और सार्वजनिक स्थलों पर नजर डालिए, कहीं भी करोड़ों पौधों की मौजूदगी का अहसास नहीं होता। हालात यह हैं कि जंगल बेलवा, जंगल खिरकिया, जंगल जगदीशपुर, जंगल अमवा और जंगल पिपरासी जैसे गांव तक हरियाली के लिए तरस रहे हैं।

पौधे की मौत के लिए जिम्मेदार कौन: हर साल जुलाई आते ही विभागों में लक्ष्य बांटे जाते हैं। फोटो खिंचती है, प्रेस विज्ञप्तियां जारी होती हैं, पौधरोपण महोत्सव मनाया जाता है और फिर सब कुछ शांत हो जाता है। लेकिन कभी किसी विभाग ने यह बताने की जहमत नही उठाई कि पिछले वर्ष लगाए गए पौधों में से कितने जीवित हैं? कितने पेड़ बन गए? कितने सूख गए? और कितनों पौधे की मौत के लिए जिम्मेदार कौन है? हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पौधों की मृत्यु पर कोई जवाबदेही तय नहीं होती। यदि किसी निर्माण कार्य में सरकारी धन खर्च होने के बाद वह नष्ट हो जाए तो जांच बैठती है, कार्रवाई होती है। लेकिन लाखों पौधे सूख जाने के बाद भी कोई जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता।

सर्वाइवल रेट सार्वजनिक करने से डर क्यों: वन विभाग हर साल यह बताता है कि कितने पौधे लगाए गए, लेकिन यह नहीं बताता कि कितने बचे। आखिर क्यों? क्या विभाग के पास सर्वाइवल रेट का आंकड़ा नहीं है? यदि आंकड़ा है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता? यदि सर्वाइवल रेट संतोषजनक है तो फिर जनता को यह जानकारी देने में हिचकिचाहट क्यों? यह वह सवाल है जो पूरे वृक्षारोपण अभियान की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

डीएफओ साहब! इन सवालों का कौन देगा जवाब: डीएफओ साहब! पिछले तीन वर्षों में लगाए गए पौधों में से कितने पौधे आज जीवित हैं? कितने पौधे पेड़ बन चुके हैं? पौधों के संरक्षण पर कितना धन खर्च हुआ? कितने स्थानों का भौतिक सत्यापन कराया गया? सूख चुके पौधों की जिम्मेदारी किसकी तय हुई? क्या इस वर्ष भी सिर्फ लक्ष्य पूरा कर फाइल बंद कर दी जाएगी? अगर पौधे जीवित हैं तो दिखाई क्यों नहीं देते? और यदि जीवित नहीं हैं, तो हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर आखिर किसका लक्ष्य पूरा किया जा रहा है पर्यावरण का या फिर खुद को करोडपति बनने का? ऐसे तमाम सवाल है जो सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है जिसका जबाब जितना देर से आएगा, संदेह उतना गहराता जाएगा।

अखिलेश यादव पर हो रहे ट्वीट व भ्रामक प्रचार को लेकर दी तहरीर

अयोध्या। सपा प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा शिवांशु तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ऊपर सोशल मीडिया पर हो रहे ट्वीट को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को तहरीर देकर यह मांग की सांसद निशिकांत दुबे प्रियंका राय , ग्लोबल भारत टीवी, अखिलेश सिंह अमित भारद्वाज आदि द्वारा अपने एक पोस्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ऊपर की गई टिप्पणी एवं सोशल मीडिया फेसबुक इंस्टाग्राम एक्स पर कुछ अज्ञात लोग पूर्व सुनियोजित साजिश के तहत अखिलेश यादव के खिलाफ तथ्यहीन अनर्गल एवं मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट डाल रहे हैं प्रवक्ता राकेश यादव के अनुसार जिसमे दावा किया जा रहा है की राम जन्मभूमि चोरी की मामले में गिरफ्तार टीन्नू यादव से अखिलेश यादव की 980 बार बात हुई है जबकि यह बात पूर्णता तथ्यहीन गलत और मनगढ़ंत है फेसबुक पर पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य परमहंस तपस्वी छावनी रामघाट अयोध्या द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति वीडियो पर अनर्गल बातें अभद्र शब्दों का प्रयोग कर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं जो की बिल्कुल निराधार व मनगढ़ंत है इस वीडियो के माध्यम से कहा गया है कि अखिलेश यादव ईल्म बताते हैं और टीन्नू यादव माल उड़ाते हैं जो की बहुत ही अशोभनीय है इस मौके पर छात्र सभा उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी ने तहरीर देकर सभी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान शिविर में लाभार्थियों को बांटे गये स्वीकृति प्रमाण-पत्र

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार कल्याण सेक्टर (जिला समाज कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, जिला प्रोबेशन तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग) द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की समस्त तहसीलों में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की मूल भावना के साथ कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति एवं लाभार्थी प्रमाण-पत्र वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में सदर तहसील सभागार में कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहे। उनका स्वागत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं मुख्य वक्फ निरीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। विधायक रामपुर कारखाना ने लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने के उपरांत राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, पिछड़े, वंचित एवं बेसहारा लोगों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव एवं घर-घर तक व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को लेप्रोसी किट, छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरण एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'ओ' लेवल कंप्यूटर कोर्स के 20 चयनित एवं प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों तथा 10 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की 10 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मुख्य अतिथि, उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त कर शिविर का समापन किया।

हजारों नम आंखों ने दी पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह को अंतिम विदाई

देवरिया। देवरिया सदर के पूर्व विधायक पूर्व प्रधानाचार्य रुद्र प्रताप सिंह का बुधवार को छोटी गंडक नदी के सब्रेजी तिमुहानी घाट पर पूरे विधि विधान के साथ आज अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में और अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की उपस्थिति रही। शोकाकुल माहौल में जनप्रतिनिधियों राजनीतिक दलों के नेताओं विधायकों पूर्व वर्तमान जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकताओं तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नाम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने दिवंगत रूप प्रताप सिंह के व्यक्तित्व सादगी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान तथा जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि उन्होंने एक शिक्षक प्रधानाचार्य और जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव समाज के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा अपने कार्यों से लोगों के बीच अमित पहचान बनाई। सवरेजी घाट पर वैदिक मंत्र कर के बीच उनका अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र शक्ति प्रताप सिंह ने दी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में पूर्व सांसद रविन्द्र कुशवाहा पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, क्षेत्रीय विधायक सभकुंवर कुशवाहा बरहज के विधायक दीपक मिश्र शाका,, सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, भाजपा नेता राजकुमार शाही ,,कांग्रेसी नेता सुहेल अंसारी ,बभनी कालेज के प्रबंधक जय दुर्गेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धनन्जय राव, दीपू शाही, अखिलेन्द्र शाही, उपेंद्र शाही , सुशील ,सन्तोष शाही सहित के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों शिक्षकों तथा क्षेत्र के हजारे नागरिकों की उपस्थिति में उनके प्रति और सम्मान को प्रकट किया और पुत्र शक्ति प्रताप सिंह और भानु प्रताप सिंह को ढाढ़स बढ़ाया। इसके पूर्व आज उनके भीखमपुर रोड स्थित आवास पर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी सहित भारी संख्या में नेताओं, शिक्षकों, पत्रकारों, व्यापारियों सभासदों ने पहुचकर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया। विदित हो कि 97 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह का मंगलवार को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो या था।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना और डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

देवरिया। जनपद देवरिया के देवरिया क्लब में आज माननीय मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं शैक्षिक सत्र 2026-27 की डीबीटी योजना के शुभारंभ के अवसर पर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हस्तकला संकुल (ळर्शी ङ्मूं३३ङ्मल्ल उील्ल३शी), वाराणसी में संपन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण जनपद एवं तहसील मुख्यालयों पर किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम रहीं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा, विनय शील मिश्र, गोपाल मिश्र, उपेंद्र भारती, विजय कुमार ओझा एवं अफजल, क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गोरखपुर, सहित जनपद के अनेक अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विगत नौ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। परिषदीय विद्यालयों के भौतिक परिवेश, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे वे सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री द्वारा बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए।

एक एकड़ में आठ लाख का केला

- मेरा भाग्य बदल दिया: मनीष किसान
- केला की प्रजाति कैडला-जी-9 भीम प्लस का उपज सर्वाधिक: एके सिंह

कुशीनगर। पडरौना तहसील अंतर्गत ग्राम-पड़री पिपर पाती के प्रगतिशील किसान श्री मनीष दूबे ने एक एकड़ खेत में 25 जून 2025 को केला की प्रजाति कैडला भीम प्लस - जी-9 की रोपाई किया था, एक एकड़ में 8 से 8.5 लाख का केला होगा, 'मेरा भाग्य बदल दिया केला की खेती'।

यह जानकारी प्रगतिशील किसान मनीष दूबे ने कैडला फार्मास्युटिकल डिवीजन एग्रो के जोनल मैनेजर लखनऊ उ०प्र० श्री ए.के. सिंह को अपने खेत पर केला की फसल को दिखाते हुए दी। इस अवसर पर जोनल मैनेजर एके सिंह ने पूछा - पौध से पौध तथा लाईन से लाईन की दूरी बताएं, एक एकड़ में कितना पौधा है, सिंचाई तथा अपना अनुभव बताएं। 55 वर्षीय मनीष दूबे का कठिन परिश्रम केला की फसल बता रही है। 25 जून 2025 को रोपाई किया

आर्थिक चुनौतियां

वैश्विक स्तर पर बीते तीन-चार साल में जिस तरह भू-राजनीतिक तनाव देखने को मिला, उसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने भी गंभीर चुनौती खड़ी हुई, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर है। देश के सामने चुनौतियां है, लेकिन इन चुनौतियों का विवेकपूर्ण समाधान होने पर यही हमारी ताकत भी बन जाती हैं। बीते कुछ महीनों में किसी ने कहा कि भारत में जल्द ही 'आर्थिक सुनामी' आने वाली है, कोई हमारी अर्थव्यवस्था के स्व-निर्मित आंकड़े गिनाता है और 'मृत अर्थव्यवस्था' करार देने की कोशिश करता है। किसी अर्थशास्त्री का शोधात्मक अध्ययन है कि देश में 12 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं, जो न तो पढ़ रहे हैं और न ही उनके पास कोई काम है। मुद्रास्फीति और राजकोषीय घाटे को लेकर अलग-अलग आंकड़े और दावे हैं। बेशक आकलन भिन्न हैं, लेकिन सारांश यही है कि भारत आज विश्व की सबसे तेज और उभरती अर्थव्यवस्था है, भारत आज विश्व की छठी सबसे बड़ी

अर्थव्यवस्था है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद, विश्व व्यापार की बदलती और बिगड़ती व्यवस्था और फिर से शुरू हो चुके ईरान युद्ध के बावजूद वित्त वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी रही है। महंगाई भी नियंत्रण में है। चौतरफा संकटों के बावजूद चालू खाता घाटा जीडीपी का मात्र 0.6 फीसदी रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार जून में करीब 688 अरब डॉलर रहा, जो सशक्त अर्थव्यवस्था और निवेश का सूचक है। यह भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक था, लेकिन ईरान युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हुई, कच्चे तेल के दाम बढ़े, लिहाजा हमारा आयात-बिल भी बढ़ गया, नतीजतन डॉलर के भंडार में कुछ कमी आई। विपरीत स्थितियों के बावजूद भारत का निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं मिला कर) करीब 4 फीसदी बढ़ा है। यह अप्रैल-मई में करीब 15 फीसदी था। विदेशों में बसे और काम कर रहे प्रवासी भारतीय जो धन अपने माता-पिता, घरों को भेजते हैं, वह राशि करीब 140 अरब डॉलर है, जो सर्वकालिक अधिकतम है। यह भारतीय जीडीपी के 3.5-4 फीसदी के बराबर है। क्या ऐसी अर्थव्यवस्था को 'संकटग्रस्त' करार दे सकते हैं अथवा 'सुनामी' के आंशिक संकेत भी मिल सकते हैं? हमारा राजकोषीय घाटा भी कम हुआ है। केंद्र सरकार का ऐसा घाटा जीडीपी के 4.4 फीसदी के समान है। बजट में भी यही लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि राज्य सरकारों के साथ संयुक्त राजकोषीय घाटा 7.7 फीसदी के करीब है। यह घाटा भी बहुत ज्यादा है। यह 4 फीसदी से कम होना चाहिए। दरअसल यही भारतीय अर्थव्यवस्था का सारांश यथार्थ है, जो गुलाबी लगता है। बहरहाल अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ सवाल किए जा सकते हैं। मसलन-औसत घरेलू मांग कम क्यों है? क्या देश के आम नागरिक की क्रय-शक्ति घटी या सीमित है? मांग का सीधा असर बाजार, उत्पादन, रोजगार पर पड़ता है। भारत में बेरोजगारी दर के बजाय रोजगार की दर एक महत्वपूर्ण सरोकार है। सरकारी एजेंसियां और संस्थाएं रोजगार की दर का खुलासा नहीं करतीं। बेरोजगारी दर आनुपातिक तौर पर कम हो जाती है। सरकारें उसी पर अपने गाल बजाने लगती हैं। सरकारी रिपोर्ट में ऐसे आकलन के दो मानदंड हैं। मार्च, 2026 में 15-59 साल आयु-वर्ग के 100 में से करीब 39 फीसदी लोगों के पास रोजगार था। करीब 10 साल पहले यही औसत करीब 43 फीसदी था। जाहिर है कि भारत में रोजगार घटे हैं। मान लीजिए कि देश में 15 साल से ऊपर की उम्र वाले 60 फीसदी लोग हैं। देश की अर्थव्यवस्था व्यापक हो सकती है, हमारी वैश्विक औसत महत्वपूर्ण हो सकती है, हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था भी बन सकते हैं, लेकिन उससे आम भारतीय की जिंदगी बेहतर नहीं होगी। इसलिए सरकार को देश की बढ़ती आर्थिक ताकत का उपयोग गरीबी और बेरोजगारी के निवारण में करना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसेवाओं को बेहतर कर भारत सही मायने में समृद्ध देश बन सकता है।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रैंकलिन.

प्रसिद्धि वीरता के कामों की सुगन्धि है।
-सुकरात.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

शिक्षा संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं

शाहिद ए चौधरी

यूजीसी को अब तो अपनी समिति की रिपोर्ट से मालूम हो गया होगा कि अधिकतर आईसीसी पीड़ित को राहत देने की बजाय लीपापोती करके दोषी को ही बचाती हैं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अकेले आईआईटी खड़गपुर ने पिछले सात माह में चार छात्रों की 'अप्राकृतिक मौतें' देखी हैं। घटना के बाद हर कुलीन संस्था 'चूक' की बात करती है। लेकिन अगर शिकायत होने पर ही छात्र को राहत मिल जाये तो यह 'चूक' का बहाना बंद हो जाये।



विमर्श

यूजीसी द्वारा गठित तथ्यान्वेषण समिति ने इस साल दो नेपाली छात्राओं की आत्महत्या के लिए भुवनेश्वर के डीम्ड विश्वविद्यालय केआईआईटी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'विश्वविद्यालय की अवैध और गैरकानूनी गतिविधियों' के कारण एक छात्रा की मौत हुई और प्रशासन की कार्रवाई 'आपराधिक दायित्व' के दायरे में आती है। अपने निष्कर्ष के आधार पर समिति ने कठोर सिफारिशें की हैं, जिनका संज्ञान लेते हुए आयोग ने विश्वविद्यालय के विस्तार पर रोक लगाने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाई करने आदि पर विचार कर रहा है। प्रोफेसर नागेश्वर राव के नेतृत्व वाली यूजीसी समिति ने कैंपस का दौरा, स्टेकहोल्डर्स से वार्ता और विस्तृत समीक्षा के बाद 20 मई 2025 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यौन उत्पीड़न, अपर्याप्त हॉस्टल सुविधाओं, अत्यधिक छात्रों को प्रवेश देना, छात्रों के विरुद्ध क्रूर बल प्रयोग करना आदि शिकायतों पर विश्वविद्यालय कानून के अनुरूप कार्यवाही करने में नाकाम रहा, जिनकी वजह से यह घटनाएं हुईं। समिति ने पाया कि विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रशासन में गंभीर कमियां थीं, हॉस्टल सुविधाएं 'निम्नस्तरीय' थीं कि तीन छात्रों को एक छोटे से कमरे में ठूंसा गया था और संस्कृति का लिहाज किये बिना विदेशी छात्राओं को रहने का स्थान दिया गया गया था।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन उत्पीड़न की शिकायतों को अनदेखा किया गया या उनमें अवैध समझौता कराया गया, प्रशासन ने जबरन बेसहारा नेपाली छात्रों को बेदखल किया और सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग किया। विश्व विद्यालय नियमों, देश के कानूनों और देश के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर अपनी प्रतिष्ठा को वरीयता दे रहा था।

इसमें शक नहीं है कि विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सदस्य और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को इन अपराधों के लिए कानूनन सजा मिलनी चाहिए, जैसा कि यूजीसी समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि घटना के घटित होने के बाद ही यह सब क्यों होता है? छात्र जब शिकायत करते हैं तब किसी स्तर पर उनकी सुनवायी क्यों नहीं होती है? ऐसा ढर्रा बन गया है कि एक अन्य छात्र आत्महत्या करता है, एक अन्य पोस्ट मोर्टेम होता है, थोड़ा हाय-हुल्ला मचता है, लेकिन छात्रों की शिकायतों पर व्यवस्थित खामोशी जारी रहती है। ओडिशा में 20-वर्षीय कॉलेज छात्रा के भयावह आत्मदाह के बाद अब खबर आयी है कि ग्रेटर नोएडा में भी एक 21-वर्षीय मेडिकल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। गौरतलब है कि बालासोर, ओडिशा की घटना, भुवनेश्वर की घटना से अलग है, जिसके बारे में यूजीसी की रिपोर्ट आयी है।

बालासोर में एक 20-वर्षीय छात्रा ने शिकायत की थी कि फकीर मोहन कॉलेज में इंटीग्रेटेड बीएड विभाग के प्रमुख समीरा कुमार साहू उनका यौन उत्पीड़न कर रहे हैं, लेकिन कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति ने छात्रा की शिकायत को निरस्त कर दिया, जिसके बाद 12 जुलाई 2025 को छात्रा ने आत्मदाह कर लिया, जिसे लेकर 14 जुलाई 2025 को पूरे देश का गुस्सा फूट पड़ा। पुलिस ने अब साहू व कॉलेज के प्रधानाचार्य दिलीप घोष को गिरफ्तार किया है। जांच जारी है, लेकिन अब इस सबका क्या फायदा? लड़की तो अपनी जान से गई। जब वह जिंदा थी, तब ही उसकी शिकायत का संज्ञान लेने की जरूरत थी। शिकायतों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है, तभी छात्रों की खुदकुशियों पर विराम लगाया जा सकता है। यूजीसी समिति की रिपोर्ट को पढ़ने से मालूम होता है कि कॉलेज या विश्व विद्यालय चाहे जो हो, हर जगह एक सा ही पैटर्न नजर आता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'विश्वविद्यालय की आईसीसी ने यौन उत्पीड़न मामलों में कानूनन एक्शन नहीं लिया। कोई पारदर्शिता नहीं थी कि जांच के प्रोटोकॉल्स का पालन किया गया। त्रासदीपूर्ण घटना से बहुत पहले लड़की ने प्रशासन से दो बार शिकायतें की थीं। दोनों बार अवैध समझौतों के लिए मजबूर किया गया...। विश्वविद्यालय को पहली ही शिकायत पर लड़के को सजा देने का अधिकार था। सजा देने की बजाय उन्होंने लड़के का पक्ष लेते हुए जबरन अवैध समझौता कराया। इसकी वजह से लड़की ने आत्महत्या की। लड़की को आत्महत्या से बचाया जा सकता था।' ध्यान रहे कि 16 फरवरी 2025 को बीटेक (तीसरे वर्ष) की नेपाली छात्रा प्रकृति लमसल अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पायी गई थी। इसके बाद के आईआईटी विश्वविद्यालय के हॉस्टल ही में 2 मई 2025 को एक अन्य नेपाली छात्रा ने आत्महत्या की थी। इन्हीं घटनाओं की जांच करने के लिए ही यूजीसी ने राव समिति गठित की थी। ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में 21-वर्षीय मेडिकल की छात्रा ने 18 जुलाई 2025 की रात को खुदकुशी कर ली क्योंकि फैकल्टी के कुछ सदस्य उसके साथ अनुचित व्यवहार कर रहे थे। यह इस साल की चार प्रमुख घटनाएं हैं, जो अखबारों की सुर्खियां बनीं, उनका तो जिक्र ही नहीं जो खबर न बन सकीं। इन सभी में एक ही पैटर्न है। लड़की अत्याधिक दबाव व तनाव में थी, फैकल्टी या कॉलेज के ही अन्य सदस्य उसका यौन उत्पीड़न कर रहे थे, शिकायत करने पर उसे राहत नहीं मिली बल्कि उसकी शिकायत को अनदेखा कर दिया गया या 'अवैध समझौता' करा दिया गया। इस संदर्भ में पत्र भी हैं। बालासोर के मामले में साथी छात्रों को मजबूर किया गया कि वह फैकल्टी सदस्य का साथ दें ताकि शिकायतकर्ता को अकेला किया जा सके। ग्रेटर नोएडा केस में आत्महत्या नोट है, जिसमें उत्पीड़न व अपमान के लिए प्रोफेसरों के नाम लिए गये हैं। उच्च शिक्षा में फैकल्टी के पास छात्रों के ऊपर बहुत अधिक पॉवर होती है- विचार विकसित करने से लेकर कॅरियर तक। लेकिन ऐसी व्यवस्था की सेहत को बरकरार रखने हेतु जिन सुरक्षा उपायों की जरूरत है, वह टूटे हुए प्रतीत होते हैं। छात्रों की मानसिक सेहत की चिंताओं और उच्च शिक्षा संस्थानों में आत्महत्याओं को संबोधित करने के लिए जब मार्च में सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रीय टास्क फोर्स गठित कर रहा था, तो उसने नोट किया था कि छात्रों में खुदकुशी की घटनाएं कृषि तनाव के कारण किसानों की आत्महत्याओं से भी अधिक हो गई हैं। इसका ज्यादा कुसूर जहरीली प्रतिस्पर्धा का निकलता है और इस मुद्दे पर भी अधिक जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासकों की होनी चाहिए। लेकिन उत्पीड़न के मामले तो अलग ही श्रेणी के हैं। यह विशिष्ट फैकल्टी सदस्यों द्वारा पॉवर का दुरूपयोग है। कुछ मामलों में तो यह स्पष्ट सेक्सुअल होता है। अन्य मामलों में यह शब्दों की क्रूरता का रूप ले लेता है, जिसमें छात्र के शरीर या जाति/ धर्म पर टिप्पणी शामिल हो सकती है। अनुचित अटेंडेंस, ग्रेडिंग और पाठ्यक्रम का कार्य भी हो सकता है।

इस प्रकार की यातनाओं से छात्रों को कैसे बचाया जाये? ग्रेटर नॉएडा के मामले में, रिपोर्टों के अनुसार, छात्रा को क्लासरूम में निरंतर अपमानित किया जाता था। उसके पैरेंट्स ने कॉलेज प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। बालासोर की छात्रा कॉलेज प्रशासन के अतिरिक्त पुलिस के पास भी गई, राहत नहीं मिली। यूजीसी को अब तो अपनी समिति की रिपोर्ट से मालूम हो गया होगा कि अधिकतर आईसीसी पीड़ित को राहत देने की बजाय लीपापोती करके दोषी को ही बचाती हैं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अकेले आईआईटी खड़गपुर ने पिछले सात माह में चार छात्रों की 'अप्राकृतिक मौतें' देखी हैं। घटना के बाद हर कुलीन संस्था 'चूक' की बात करती है। लेकिन अगर शिकायत होने पर ही छात्र को राहत मिल जाये तो यह 'चूक' का बहाना बंद हो जाये।

सोशल मीडिया

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मेरठ के प्रांत प्रचारक श्री अनिल जी की पूजनीय माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है, मेरी गहर संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। केशव प्रसाद मौ

भीषण बारिश से कई राज्यों, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में, भारी तबाही व अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है, पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। राहुल गांधी

विश्व को वेदांग, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा से पुनः परिचित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी ने युवाओं में चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की अलग जगायी। -अमित शाह.

हमारी चिंतन प्रक्रिया

अंतर्दृष्टि

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तामन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है।

श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

कल आना, आज टाइम नहीं...

व्यंग्यलोक

वे धूप का आनंद ले रहे हैं और कह रहे हैं टाइम नहीं है। राम बचन जी एक घण्टे तक पेस्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं, यदि समय मिलता तो वे भी जीवन में कुछ रचनात्मक काम करते। श्याम सुंदर जी पान खाने बाजार जाते हैं तो दो घण्टे में लौटते हैं और वही समय नहीं होने का रोना रोते हैं। रामलाल जी मोहल्ले की पंचायत में शाम को बैठते हैं तो चार घण्टे तक उनको पता नहीं चलता कैसे समय बीत गया, लेकिन जब कोई काम की बात आती है तो उन्हें मरने की भी फुर्सत नहीं है। कुछ लोग हर सप्ताह या प्रतिदिन सिनेमा देखते हैं और कहते यही हैं कि टाइम नहीं है। टाइम नहीं है की समस्या अब सर्वव्यापी हो गयी है। किसी दफ्तर में जाकर बात करो, गप्प मारता हुआ कर्मी अनदेखी करके कहेगा- 'आज टाइम नहीं है कल आना। उसका कल कभी नहीं आता। या तो पान की पीक थूकता है या दफ्तर के सामने लगी थड़ियों पर चाय पीता रहता है। फाइल को आगे सरकाने का समय नहीं है। आज लिखेंगे कल लिखेंगे, इसी ऊहापोह में पूरा माह गुजर जाता है और कागज का निस्तारण नहीं होता। यह आलसीपन भी नहीं है और काम चोरी भी नहीं है, क्योंकि दोनों शब्द बोलकर देखें, काम करने की एवज में दो घण्टे तक वाद-विवाद कर लेगा अगला आपसे। बाजार से सामान लाने की नौबत आयी तो पतिदेव के सिर में दर्द है, इसलिए अभी तो टाइम नहीं है। पत्नी कौन-सी कम है, बच्चे की शर्ट के बटन टूट गये वह लगा तो देती, लेकिन पड़ोसन आ गयी, इसलिए समय ही नहीं मिला, क्योंकि पूरे मोहल्ले की आलोचना का रसदार दौर चल रहा था। बच्चे भला कौन-से कम शातिर हैं, अपना कोई काम नहीं करते, क्योंकि उन्हें पढ़ाई से फुरसत ही नहीं है। सारा काम मम्मी कर दें। वे तो बस बस्ता और टिफिन लेकर स्कूल जा सकते हैं। होमवर्क पूरा इसलिए नहीं कर पाते, क्योंकि उन्हें पतंग उड़ाने या कंचे खेलने या क्रिकेट में चौका लगाने के कारण समय ही नहीं मिला। हर आदमी ने टाइम नहीं है का नारा बुलंद कर रखा है। बेमजा बातों पर हँस रहा है-दाँत निपोर रहा है, लेकिन काम के लिए उसके पास फुरसत नहीं है। फुरसत केवल कामचोरी के लिए है। अधिकारी के पास जाओ तो उसे टाइम इसलिए नहीं है कि वह बैठक में बैठा चाय समोसे गटक रहा है। टीए-डीए बना रहा है। पीए यही तो कहता है कि साब को आज तो टाइम नहीं है। वे कभी किसी से नहीं मिलते, क्योंकि उनके पास टाइम नहीं है। पता करो, क्या कर रहे है तो जानकारी मिलती है कि अभी तो सो रहे हैं, बाथरूम में है या पूजा कर रहे है, इसलिए उनके पास तो टाइम है ही नहीं। मेरे एक मित्र हैं-कभी मिलने की बात करो तो कहेंगे घर पर तो टाइम है नहीं, दफ्तर आ जाना, वहाँ बातचीत करेंगे।

पूरन सरमा

जब लंबी नींद के बाद भी महसूस हो थकावट...

स्वास्थ्य

कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पूरे सप्ताह कम नींद लेना और सप्ताहांत पर ज्यादा सोना, उनके मेटाबॉलिक और कार्टियोवैस्कुलर सिस्टम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि ज्यादा सोने से केवल नींद का चक्र ही नहीं गड़बड़ाता, इससे प्रतिदिन मेडिटेशन करने का रूटीन भी गड़बड़ा जाता है, जिसकी वजह से ज्यादा थकान महसूस होती है।

पूरे सप्ताह काम में व्यस्तता के चलते हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। यही वजह है कि हमें इंतजार होता है वीकेंड का, जब हम अपनी नींद पूरी करें। कई बार तो अपनी नींद पूरी करने के चक्कर में लोग शनिवार का पूरा दिन सोने में ही गुजार देते हैं। नतीजा होता है ओवर स्लीपिंग के कारण सप्ताह के और दिनों के मुकाबले ज्यादा थकान महसूस होना। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव करने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश में नींद न आने और कम सोने, ज्यादा सोने यानी नींद से जुड़ी आम समस्याएं लोगों में देखने को मिलती हैं। ऐसे में जरूरत से ज्यादा सोना, कैसे हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है, आइये जानें।

ओवर स्लीपिंग क्या है?

हमारे लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना आवश्यक होता है। यदि हम 7 से 8 घंटे की तयसीमा से ज्यादा सोते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता। ज्यादा सोने से हमारे शरीर के अंगों और कोशिकाओं में डेली रूटीन का जो चक्र निर्मित होता है, उसमें गड़बड़ी आ जाती है। इस पैटर्न से पूरे सप्ताह तो हम कम नींद लेते हैं और वीकेंड पर जब ज्यादा सोते हैं तो हममें पाचन संबंधी और हृदय संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों तक का तो यहां तक मानना है कि जरूरत से ज्यादा सोने से हमें कम सोने की तुलना में ज्यादा थकान महसूस होती है, जिसके कारण चिड़चिड़ापन और काम में ध्यान न लगना जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जो लोग वीकेंड पर बिस्तर पर ही ज्यादातर समय इसलिए रहते हैं कि उन्हें लगता है कि पूरे सप्ताह की थकान मिटाने के लिए नींद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन इस तरह जरूरत से ज्यादा सोने के कारण हमें ज्यादा आलसपन आता है, जो लोग पढ़ने, लिखने और दूसरे बौद्धिक कार्य करते हैं, उनके लिए तो यह और भी नुकसानदेय होता है, क्योंकि इससे उनकी प्रॉड्क्टविटी पर बुरा असर होता है। नींद का भी एक निश्चित शिड्यूल होना चाहिए, जो लोग अपने नींद के सही पैटर्न पर ध्यान नहीं देते, उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ज्यादा होती हैं।

सही नींद के लिए क्या करें

यदि आप सप्ताह के पांच दिन अपने 7 से 8 घंटे की पूरी नींद लेते हैं तो सप्ताहांत पर ज्यादा सोने की जरूरत नहीं होती। घर के माहौल को शांतिपूर्ण बनाकर रखे और सोने का एक समय निर्धारित करें और प्रतिदिन उस निर्धारित समय पर विस्तर पर आकर लेट जाएं और सोने का प्रयास करें।

कैफीन से परहेज रखें

खाना खाने के बाद चाय और कॉफी पीने से परहेज करें। रात का डिनर लेने के बाद तो खास तौरपर इनसे दूर रहें, क्योंकि इनसे भी नींद नहीं आती और नींद न आने से अगले दिन का पूरा रूटीन गड़बड़ा जाता है।

हल्का भोजन करें

रात के समय ज्यादा गरिष्ठ भोजन करने की बजाय हल्का फुल्का भोजन करें ताकि पाचन संबंधी समस्या पैदा न हों और रात को आठ बजे से पहले ही अपना भोजन करें ताकि भोजन सही प्रकार से पच सके।

नियमित व्यायाम करें

अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर नियमित व्यायाम करें, ताकि आपको नींद आने में समस्या न हो। अच्छी नींद के लिए योगासन, मेडिटेशन, वर्कआउट या कोई स्पोर्ट्स की गतिविधि करें ताकि थकान से अच्छी नींद आए।

फोन, लैपटॉप को रखें दूर

रात के समय सोने से पहले अपने सारे ऑफिस के काम निपटाकर सोएं ताकि बेडरूम में लैपटॉप ले जाने की जरूरत ही न पड़े। सोने के समय खास तौरपर मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें। जो लोग स्क्रॉलिंग करते समय नींद की आगोश में जाने की तकनीक अपनाते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए स्क्रॉलिंग के दौरान घंटों गुजर जाते हैं और अगर एक बार नींद आने पर हम न सोएं तो फिर देर रात तक नींद नहीं आती, जिससे नींद न लेने के कारण अगले दिन ऑफिस में उबासियां आती हैं और किसी काम को करने का दिल नहीं होता। इसलिए नींद में बाधा पैदा करने वाले इन गैजेट्स से दूरी बना कर रखें। डॉ. माजिद अलीम.

आप की बात

विकसित भारत का संकल्प

वैश्विक चुनौतियों के बीच यह नये भारत के निर्माण का संकल्प लेने का समय है। नये भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। देश में आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। गरीबी उन्मूलन में भी बड़ी सफलता मिल रही है। ऐसे एक महान राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है देश में गुणी शिक्षा का विकास हरेक स्तर पर हो। प्रत्येक बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा के दायरे में लाया जाये। दुर्भाग्य से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर सरकारी शिक्षा का जो स्तर है वह बहुत ही सोचनीय है। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित है कि 8वीं, 9वीं या कक्षा 10 के छात्र दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जोड़, गुणा, भाग या घटाव के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिति तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद नहीं जानते, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार के लिए करीब दो दशक से गहन प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंतन जरूरी हो गया है। दरअसल केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है। उन पर चिंता, चर्चा और चिंतन तीनों करने की अविलंब आवश्यकता है। मुफ्त ड्रेस, बैग, किताब मिड डे मील, बिना फीस की शिक्षा, शिक्षकों की अच्छी तनख्वाह के बावजूद अगर निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु मारामारी है, वह भी मोटी फीस और अन्य कई शुल्क चुका कर अभिभावक यदि निजी शिक्षण संस्थाओं में नौनिहालों को भेजना पसंद कर रहे हैं और वहां के शिक्षा स्तर पर विश्वास कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है। इसके निदान हेतु केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। हाल के वर्षों में उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर सुधार देखने को मिल रहा है, लेकिन यह पठन-पाठन में सुधार के बजाय परीक्षाओं में बरती जाने वाली अनियमितता का परिणाम है। सीबीएसई, सीआईएससीई जैसे बोर्डों की बात छोड़ दी जाये तो अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में जमकर नकल होती है। गौरतलब यह भी है कि केन्द्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में कोई विशेष तैयारी की जरूरत बोर्ड को नहीं पड़ती है, लेकिन यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ के बोर्ड या उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में बड़ी तैयारियां होती हैं। लेकिन बावजूद इसके जमकर नकल होती है। शिक्षा के बिना नये भारत का निर्माण संभव नहीं है। इसलिए शिक्षा को सुधारना बहुत जरूरी है।

विनोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.

भारत की चुनौतियां

देश में गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता सबसे बड़ी चुनौती है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। इसलिए महंगाई पर हमेशा नियंत्रण रखना भी जरूरी है।

सतीश कुमार निगम, लखनऊ.

संक्षेप

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के बगलनपुरवा में बुधवार लगभग साढ़े चार बजे तड़के अतर्रा से बदौसा की तरफ तेज गति बाइक से जा रहे देहात कोतवाली क्षेत्र गुरेह गांव के भीमा का पुरवा निवासी 19 वर्षीय अनिकेत पुत्र रविकरन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौजूद लोगों के मुताबिक युवक बाइक से छिटक कर दूर गिरा। सिर में लगी चोट से मौत हो गई। बाइक ट्रक में फंस कर लगभग 50 मीटर दूर घिसटने में निकली चिंगारी से आग लग गई। इससे बाइक जल गई। थाना पुलिस के साथ पीआरबी ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा ले गए, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत बताया। उपनिरीक्षक आशीष पटैरिया ने शव विच्छेदन के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

बांदा। थाना बदौसा पुलिस ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से कानपुर नगर से चोरी की गई एक हीरो पैशन मोटरसाइकिल, उस पर लगी फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है। पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्तिं वाहन चेकिंग के दौरान तुर्रा पुल मोड़ पर बिना हेलमेट आ रहा था। युवक को रोककर पूछताछ की गई। मोटरसाइकिल के दस्तावेज मांगने पर वह कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि वर्ष 2023 में कानपुर नगर के नौबस्ता क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की थी। पहचान छिपाने के लिए उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था। जांच में मोटरसाइकिल का चोरी का मुकदमा थाना नौबस्ता, कानपुर नगर में दर्ज होना पाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित पुत्र किशनबिहारी, निवासी ग्राम खुदावली, थाना दिनारा, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

सीएम की रैली में दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 9 जुलाई को शहर के पंडित जेएन कॉलेज ग्राउंड में प्रस्तावित जनसभा में लोगों को संबोधित करेंगे। इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा का व्यापक खाका तैयार किया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 10 क्षेत्राधिकारी, 50 इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष व दो हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के लिए महोबा से एक एएसपी, पीएसी से एक एएसपी व बांदा से एक एएसपी तैनात रहेंगे। महोबा से तीन सीओ, बांदा से चार और पीएसी से तीन सीओ तैनात होंगे। इसके अलावा 50 इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष और दो हजार पुलिसकर्मी, एक कंपनी पीएसी को भी लगाया गया है।

मूल्यांकन दर सूची निर्धारण के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

बहराइच। मानकीकृत मूल्यांकन सूची को निर्धारित प्रारूप पर लागू किए जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को देर षाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्धारित प्रारूप पर गहन विचार विमर्श कर उप निबन्धकों को मानकीकृत प्रारूप पर मूल्यांकन दर सूची बनाकर यथाशीघ्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सहायक निबंधन कंचन मिश्रा, उप निबंधक सदर षंषाक सिंह, नानपारा राजमोहन सिंह, पयागपुर प्रभा मिश्रा, महसी प्रमोद कुमार सिंह, कैसरगंज प्रज्ञा यादव व प्रभारी उप निबंधक मिहींपुरवा (मोतीपुर) चंद्रपाल वर्मा मौजूद रहे।

अपने हक के लिए बुनकर समाज एकजुट

बैठक में बुनकर एकता समिति के पदाधिकारी चुने गये

इटावा। बुनकर एकता समिति की बैठक में अपने हकों के लिए बुनकर समाज ने एक प्लेटफार्म पर आकर बिजली बिलों की समस्या के समाधान के लिए संघर्ष का ऐलान किया। बैठक में नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई। बाह अड्डा स्थित कासिम अंसारी के कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष इदरीस अंसारी ने कहा समिति बुनकर समाज के हकों की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित है और बुनकरों को बिजली सम्बन्धी समस्यसों से निजात दिलाकर रहेगी। प्रदेश प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने कहा जिस कौम का रहबर नहीं होता वह कौम अपनी मंजिल तक नहीं पहुंचती। रहबर का मतलब सिर्फ. नेता नहीं, रहबर वह होता है जो अंधेरों में रोशनी दिखाए, मुश्किल वक़्त में हिम्मत दे, सही और गलत का फर्क समझाए, लोगों को बाटने के बजाय जोड़ने का काम करे और अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए काम करे। बुनकर एकता समिति जिस तरह बुनकरों की लड़ाई लड़ती रही है उसी तरह आगे भी लड़ेगी अगर बुनकरों के हक के लिए आंदोलन करना पड़ा तो समिति पीछे नहीं रहेगी। बुनकर नेता नफीसुल अंसारी ने कहा बुनकर समाज के हितों के लिए जो भी दल काम करेगा और बुनकरों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराएगा समाज उसी दल का साथ देगा। प्रमुख महासचिव सलाहउद्दीन अंसारी ने कहा समिति जल्द ही उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर बुनकरों की सभी समस्यायों का हल करेगी। राशिद अंसारी राजस्थान मार्वल ने कहा समिति की पहल होगी कि बिजली के साथ बुनकरों की अन्य समस्याओं का हल किया जाए। शमशुद्दीन अंसारी ने कहा समिति की कोशिश है कि 430 रुपए प्रति लूम से घटाकर 200 रुपए कर दिया जाए। समिति की बैठक में नफीसुल अंसारी को संरक्षक, शमसुद्दीन अंसारी, राशिद अंसारी, इलियास अंसारी, हाजी अखलाक अंसारी को उपाध्यक्ष, मो. मुबीन, नजीर अंसारी लल्ला को उप प्रबन्धक, राशिद अंसारी को उप महासचिव, निहाल, मो. लईक को सचिव, जीशान, शानू, दानिश को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष हाफिज मो. रईस, प्रबन्धक शारिक अंसारी, उप प्रबन्धक मसरूर अंसारी, सगीर अहमद सचिव, असलम अंसारी उपाध्यक्ष, मो. इमरान मीडिया प्रभारी, राकेश शंखवार उप महासचिव, इरफान अहमद, मो. जाबिर, इजहार अहमद, अमीन अंसारी, मो. हनीफ आदि उपस्थित रहे।

वर्दीधारी पर्यावरण प्रहरी के बरगद बचाओ अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में खाकी वर्दी केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश भी दे रही है , इस बात को उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने अपने हरित कार्यों से सच्चाई में तब्दील कर दिखाया है स प्रकृति संरक्षण के इसी संदेश को साकार करते हुए उमाशंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय (जिला अस्पताल) उन्नाव आज हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का साक्षी बना। जिला पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा श्अपूर्वश द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे व्यापक जन -अभियान श्बरगद बचाओ महाअभियानश के तहत उन्नाव जिले में लोगों द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है, इसी अभियान के समर्थन में श्री जी सामाजिक सेवा समिति के सहयोग से जिला अस्पताल परिसर में 100 से अधिक छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का जिला चिकित्सालय में रोपण किया गया।बरगद का पौधा लगा कर आज के पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अभियान संयोजक अनूप मिश्रा अपूर्व के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. सुनील कुमार शुक्ल, डा. संजीव कुमार एवं मंजू अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बरगद, पीपल, नीम, बेल, आंवला और अमरूद सहित अनेक जीवनदायी पौधे लगाए। सीएमएस डॉ. एस. के. शुक्ला ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हरित अस्पताल की अवधारणा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आने वाले वर्षों में यह परिसर मरीजों और उनके परिजनों के लिए शीतल, स्वच्छ और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध करा सके।

राज्यमंत्री को पत्र देकर बीईओ के भ्रष्टाचार की शिकायत

बांदा। विकास खंड जसपुरा में लगभग तीन वर्षों से तैनात खंड शिक्षा अधिकारी आभा अग्रवाल पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए राज्य मंत्री रामकेश निषाद को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में कहा गया है कि प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट आती है जिससे स्कूल की पोताई, लिखाई, आवश्यक सामग्री खरीदने, स्कूल की मरम्मत के लिए धनराशि निर्धारित रहती है। उस धनराशि मे प्रति विद्यालय खंड शिक्षा अधिकारी पांच हजार रुपये ले रही हैं। जहां धनराशि पचास हजार रुपये आती है वहां 25सौ रुपये वसूल रही हैं। इसी तरह विद्यालय निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षक-शिक्षिका से पांच हजार रुपये प्रतिदिन, शिक्षामित्र-अनुदेशक से पांच सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से वसूला जा रहा है। महीने में एकाधबार स्कूल आने वाले से अलग रेट तय है। कई बार शिक्षक पदाधिकारियों ने इस पर आक्रोश जताया तो वह उच्चाधिकारियों तक रकम भेजने की बात कहती हैं। शिक्षक पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री को दिए पत्र में कहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक में अधिकतम तीन वर्ष, जनपद में पांच वर्ष, मंडल में सात वर्ष ही रहना चाहिए फिर भी कृपा के चलते वह इन मानको को धता बता शासन-प्रशासन की छवि धूमिल कर रही है। जिलाधिकारी जांच कर कार्यवाही की मांग शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने की है। इस संबंध में जब पक्ष जानने के लिए बीएसए को फोन लगाया गया तो उन्होंने रिसीव नहीं किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी ने मातहतों को दिए निर्देश

बांदा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हर एंगल पर सतर्कता बरती जा रही है। एसपी ने हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक भारी फोर्स को तैनात किए जाने के साथ आने-जाने वालों पर निरंतर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जनपद आ रहे हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन ने संयुक्त रूप से ड्यूटी में लगे प्रशासनिक एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर यादव ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल, भ्रमण मार्ग, हेलीपैड, मोटरसाइकिल एस्कॉर्ट, मीडिया व्यवस्था एवं आपातकालीन कार्ययोजना का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की गहन समीक्षा की गई। जिससे माननीय का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को संबोधित करते हुए कार्यक्रम स्थल, भ्रमण मार्ग एवं हेलीपैड पर त्रिस्तरीय एवं चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी पलाश बंसल ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उच्च स्तर की सतर्कता, अनुशासन, समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक, जनपद बांदा के अन्य प्रशासनिक अधिकारी व अन्य जनपदों से आये पुलिस के राजपत्रित अधिकारीगण, कर्मचारी उपस्थित रहे।

साहित्यकार मुन्नीलाल सोनी के निधन से जनपद में शोक की लहर

महोबा। बुंदेलखंड के प्रतिष्ठित संगीतकार व डीएवी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक अबोध सोनी के पिता मुन्नीलाल सोनी के निधन से जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि मुन्नीलाल सोनी जाने-माने साहित्यकार, कवि एवं संस्कारों की पाठशाला रहे। दिनांक 6 जुलाई 2026 सोमवार के दिन 95 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनके पौत्र समाजसेवी व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अंचल सोनी ने बताया कि उनके दादा मुन्नीलाल सोनी वीणापाणि संगीत महाविद्यालय के संस्थापक थे तथा उनके द्वारा रचित गीत बुलाते हैं रचना को खूब सराहा गया। उनके निधन पर सभी वर्ग के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ

महोबा। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन सेवायोजन कार्यालय स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन से हुयी। उक्त कार्यक्रम में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के फायदे एवं उसका उपयोग किस तरीके से करना है, उसको विस्तार से बताया गया। कैशलेस योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का उपचार किया जायेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत 20 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को प्रतीकात्मक शिक्षक कैशलेस कार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीबीटी के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी तथा भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू एवं बेसिक शिक्षा विभाग के साथ करार का भी शुभारम्भ किया गया।

मुहर्रम की दसवी पर ताजियों का हुआ मिलाप

फतेहपुर। मुहर्रम की दसवीं तारीख पर मंगलवार को सनगांव में सुबह 10 बजे छह ताजियों का पारंपरिक मिलाप हुआ। इससे पहले, सोमवार की रात दस बजे मुश्ताक खां, सईद अहमद खां, जुबैर अहमद, आले मोहम्मद, शौकत अली और मौलाना नईम के अकीदत के साथ उठाए गए यह छह ताजिये रातभर अलम और अखाड़ों के साथ कदीमी रास्तों पर गश्त किया। इस दौरान अकीदतमंदों की भीड़मौजूद रही। ताजिया व इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मोईन राइन और महासचिव वारिस उद्दीन ने बताया कि मिलाप के बाद सभी ताजियों को पूरे अदब के साथ इमामबाड़े में रखवा दिया गया। इस बार मुहर्रम का पर्व बेहद शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्यूटीपर तैनात पुलिसकर्मियों को ताजियादारों ने फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके सहयोग के लिए आभार जताया।

मुख्यमंत्री की जनसभा आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को चित्रकूट से 10:50 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके बाद 10:55 बजे कार से शहर के कालूकुआं चैराहा स्थित प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वहां से जेएन डिग्री कालेज सभास्थल पहुंचेंगे। वहां पर जिले की दो विधानसभाओं के विकास कार्यक्रमों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। प्रतिमा स्थल को बड़े ही सुरुचिपूर्ण तरीके से फूल-मालाओं से सजाया गया है। सजावट करने वाले बुधवार को पूरे दिन लगे रहे। चैराहे को भी पूरी तरह साफ-स्वच्छ किया गया है। इसी दौरान जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह पुलिस लाइन से 12 बजे लखनउ के लिए रवाना हो जाएंगे। जनसभा में लोगों को लाने-वापस गंतव्य तक छोड़ने के लिए पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों को जिम्मेदारी तय कर बस व अन्य वाहनों की व्यवस्था गई है। सभी आंगनबाड़ी व मानदेय कर्मियों को आने के लिए विभागाध्यक्ष ने मोबाइल संदेश भेजा है।

डीएम ने तय की जवाबदेही अधिकारियों ने किया रिहर्सल

बांदा। मुख्यमंत्री का गुरुवार को जनपद आगमन निर्धारित हो चुका है। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने अधीनस्थों को जिम्मेदारी तय कर व्यवस्था को अंतिम रूप दिया है। टीम नंबर-1 में एसडीएम बबेरू को हेलीपैड पुलिस लाइन में पानी छिडकाव, जेई अजय कुमार को पुलिस लाइन में उपस्थित रहने वाले व्यक्तियों का सूची से मिलान कर अनाधिकृत प्रवेश रोकना, नायब तहसीलदार तिंदवारी हेमंत सिंह पटेल पुलिस लाइन में स्विस काटेज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। टीम नंबर-2 में तहसीलदार विकास पांडेय क्रू मेंबर्स के लिए एक वाहन प्राप्त कर उन्हें निर्धारित स्थल पर लाना, उनके भोजन आदि की व्यवस्था करना, नायब तहसीलदार धनंजय, आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार तिवारी, पिंगक्ष त्रिपाठी हेलीकाप्टर के लिए ईंधन, एटीएफ की व्यवस्था का कार्य देखेंगे। टीम नंबर-3 अनावरण स्थल की व्यवस्था में एसडीएम पैलानी, उपायुक्त एनआरएलएम दिवाकर सिंह कालूकुआं चैराहा में महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा अनावरण की व्यवस्था देखेंगे। टीम नंबर-4 एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम नमन मेहता, तहसीलदार नरैनी, पैलानी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मंच, पांडाल की व्यवस्था देखेंगे। टीम नंबर-5 एसडीएम नरैनी अंजनी यादव, बीएसए मंच के पीछे की व्यवस्था देखेंगे मुख्यमंत्री के स्वागत एवं प्रस्थान के समय लाइनअप करायेंगे। टीम नंबर-6 में एसडीएम बबेरू, डिप्टी कलक्टर प्रथम, द्वितीय महोबा मंच के सामने डी तथा वीवीआईपी, मीडिया की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। टीम नंबर-7 में एसडीएम न्यायिक बांदा इरफान उल्ला तहसीलदार बबेरू हेमराज सिंह, नायब तहसीलदार बबेरू मनोहर सिंह, नायब तहसीलदार नरैनी आशीष शुक्ला वीआईपी इंटी गेट, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश, निकास द्वार व्यवस्था, टीम नंबर-8 में एडीएम न्यायिक महोबा सुखवीर सिंह, डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद यादव, नायब तहसीलदार पैलानी कृतिका अवस्थी, नायब तहसीलदार एसएलओ मो.मुस्तकीम, नायब तहसीलदार सीलिंब जगदीश दीक्षित, नायब तहसीलदार अतर्रा शिवदीप, यशपाल यादवप, राजीव यादव, वेदप्रकाश, रजोले प्रसाद कार्यक्रम में शामिल होने वाली भीड़ को लाने-ले जाने व उनको ब्लाकवार निर्धारित स्थान पर बैठने, शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। टीम नंबर-9 नायब तहसीलदार मर्का, जेई राम सिंह यादव, मनोज कुमार, डा.विजय कुमार पार्किंग स्थलों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

बहराइच। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के.जी.बी.इ.वी.) के समस्त कार्मिकों तथा रसोइयों के लिए रू. 05 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद बहराइच में जनपद एवं तहसील स्तर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उत्थान ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित मुख्य प्रबन्धक श्रद्धा शुक्ला भारतीय स्टेट बैंक, खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के षिक्षक, षिक्षकाएं व अन्य सम्बन्धित मौजद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। देशभक्ति, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के वाराणसी से प्रसारित संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

सड़क बिजली को लेकर डीएम को ज्ञापन

फतेहपुर। थाना गाजीपुर ग्राम खेसहन के पीड़ित सुरेश पुत्र राम सजीवन निवासी मोहल्ला टिकुरिया पर हरिजन मोहल्ला ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि हरिजन मोहल्ला पर प्रकार के पास से लेकर कैरा सिंह के घर तक का रोड बिल्कुल खराब हो चुका है जिसकी सूचना आपको अपने मोहल्ले की मुख्य सड़क रास्ते की खराब स्थिति और उसके निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराना चाहता हूं कि हमारे गांव में बरसात के समय में यह रास्ता पूरी तरह कीचड़ से भर जाता है जिससे पैदल चलना भी दुबार हो जाता है इस खराब रास्ते के कारण ग्रामीण स्कूली बच्चों और विशेष रूप से आपातकालीन चिकित्सा एंबुलेंस के समय भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है कई बार मेरी इस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने और गर्भवती महिलाओं को बहुत परेशानी होती है वही गांव में पिछले दो महीने से लाइट नहीं आ रही भीषण गर्मी वह पानी पीने की समस्या के साथ-साथ छात्रों की पढ़ाई की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है बरसात के मौसम में लाइट की सुविधा न होने के कारण हम लोगों को रात्रि के समय अंधेरे में खाना बनाने एवं खाने में बेहद दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है हम लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए इस संबंध में स्थानीय बिजली विभाग एवं विद्युत उपखंड के अधिकारियों और अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया है लेकिन कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई और समस्या जस का तस बनी हुई है अतः हम आपसे आग्रह करते हैं की हमारी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।

पुलिस ने परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 3 परिवारों में सुलह करायी

बहराइच। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन

बहराइच। राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेशों के अनुपालन में तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण में बंधन लॉन, नानपारा, थाना नानपारा, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 500 नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया खातों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय करने, मोबाइल में इंस्टॉल महत्वपूर्ण एप्लिकेशन हेतु सशक्त एवं जटिल पासवर्ड का प्रयोग करने तथा अज्ञात लिंक, संदिग्ध एपीके फाइलों एवं अन्य साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निदेर्शों से भी उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

संक्षेप

टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च की स्टेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने स्टेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया गैस स्टोव शानदार लुक, रोजमर्रा की सुविधा और बेहतरीन कुकिंग परफॉर्मेंस का एक बढ़िया मिश्रण है। यह उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो अपनी रसोई के काउंटरटॉप को खूबसूरत बनाने के साथ ही एकदम साफ, सुव्यवस्थित और फैलावरहित रखना पसंद करते हैं। रोजमर्रा के खाना पकाने को अधिक स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन की गई, स्टेलोरा रेंज में एक रिमूवेबल लैडल क्रेडल ट्रे दी गई है, जो भोजन तैयार करते समय कड़छी या चमचे रखने के लिए एक विशेष स्थान प्रदान करती है। सोच-समझकर डिजाइन की गई यह ट्रे भोजन के टपकने और गिरने वाले अंशों को इकट्ठा करती है। जिससे काउंटरटॉप को साफ रखने में मदद मिलती है और खाना पकाने के बाद की सफाई बिल्कुल आसान हो जाती है।

एक्सिस मैक्स लाइफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 2 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट को 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचाते हुए कारोबार की दुनिया में उल्लेखनीय पड़ाव पार किया है। सालाना आधार पर 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर के साथ 30 जून, 2026 तक कंपनी का एयूएम 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह उपलब्धि अनुशासित तरीके से निवेश करने की कंपनी की फिलॉसफी, ग्राहकों को प्राथमिकता देने की रणनीति और कारोबार में सतत विकास को दर्शाती है। एसेट्स अंडर मैनेजमेंट का 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचना बीते वर्षों में हम पर लाखों ग्राहकों के भरोसे का प्रतीक है। एक्सिस मैक्स लाइफ में निवेश के हर फैसले के पीछे हमारा एक ही लक्ष्य रहता है, वह है अनुशासित तरीके से रिस्क मैनेजमेंट, मजबूत गवर्नेंस और लगातार एक्जीक्यूशन के जरिये अपने ग्राहकों को लॉन्ग-टर्म फाइनेंशियल सिक्योरिटी देना। हम लगातार विस्तार कर रहे है।

22 को उठेगा सैमसंग के नये गैलेक्सी डिवाइस से पर्दा

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जुलाई को ब्रिटेन की राजधानी लंदन में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन करेगा। इस दौरान कंपनी अपनी गैलेक्सी सीरीज के नए डिवाइस पेश करेगी, जिन्होंने फोल्डेबल स्मार्टफोन श्रेणी को नई पहचान दी है। कंपनी के अनुसार, नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन के साथ आएंगे, जो उपयोगकताओं को पहले से अधिक व्यक्तिगत, स्मार्ट और सहज अनुभव देंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 22 जुलाई को शाम 6:30 बजे (भारतीय समयानुसार) सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी77 पॉवर

नई दिल्ली। मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड्स में से एक, मोटोरोला ने आज नए मोटो जी77 पॉवर के लॉन्च की घोषणा की है, जो इस सेगमेंट का सबसे बेहतरीन कैमरा स्मार्टफोन है। उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रोजमर्रा के स्मार्टफोन से अधिक की उम्मीद करते हैं, मोटो जी77 पॉवर एक प्रीमियम डिजाइन में प्रोफेशनल-ग्रेड सोनी लिटिया 600 कैमरा सिस्टम, एक इमर्सिव 120 हर्ट्ज एचडी प्लस डिस्प्ले, एक विशाल मल्टी-डे बैटरी और मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी को एक साथ लाता है।

मेकमायट्रिप का ग्लोबल रिवार्ड्स प्रोग्राम वनसर्कल लॉन्च

नईदिल्ली। मेकमायट्रिप ने आज अपने ग्लोबल रिवार्ड्स प्रोग्राम वनसर्कल के लॉन्च की घोषणा की। भारतीय यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह प्रोग्राम दुनिया भर के 1,002 शहरों में स्थित 13,376 होटलों और ऑल्टरनेट अकोमोडेशन्स के सहयोगी नेटवर्क (30 जून, 2026 तक) को एक ही प्लेटफॉर्म पर एक साथ लाता है। वनसर्कल की शुरूआत बड़े स्तर पर की गई है। इसके तहत भारत के 868 शहरों के 12,330 से ज्यादा एकोमोडेशन प्रॉपर्टीज इस एक ही प्रोग्राम से जुड़ चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, यह प्रोग्राम 39 देशों के 134 शहरों में फैले 1,046 प्रॉपर्टीज तक पहुंचा है।

सेंसेक्स में 1677 अंकों की गिरावट

मुंबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 517 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में जोखिम से बचने का रुख देखने को मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत गिरकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,921.69 अंक लुढ़ककर 76,259.03 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका हावी होने से कच्चा तेल फिर से चढ़ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.18 प्रतिशत चढ़कर 78.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज जलडमरूमध्य में मालवाहक जहाजों पर ईरान के हमले के बाद ट्रंप ने अंतरिम शांति समझौते को समाप्त घोषित कर दिया जिससे भू-राजनीतिक तनाव फिर बढ़ गया है। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की तेजी आई, जिसका असर वैश्विक वित्तीय बाजारों पर भी पड़ा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.14 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट 1.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। चौतरफा गिरावट के चलते सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। सेवा खंड में सर्वाधिक 3.21 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि पीएसयू बैंक खंड में 2.76 प्रतिशत, एफएमसीजी खंड में 2.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 2.49 प्रतिशत और बैंकिंग सूचकांक में 2.46 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 393.19 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

रुपया 59 पैसे टूटकर 95.55 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 59 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.55 (अस्थायी) पर रहा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ जिससे रुपये पर दबाव बना। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.15 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.98 से 95.61 के दायरे में रहा। अंततः यह 95.55 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 59 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 47 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.96 पर बंद हुआ था। रुपया, डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और दिनभर इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा... शेयर बाजारों में गिरावट और डॉलर में मजबूती के कारण गिरावट पर डॉलर की खरीदारी हुई। कुल मिलाकर आज रुपये की कमजोरी बाहरी कारकों से प्रेरित रही, जिसका मुख्य कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, मजबूत अमेरिकी डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितता रही। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को रुपये के 95.25 से 96.00 के दायरे में रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत बढ़कर 101.13 पर था। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत टूटकर 76,503.60 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत फिसलकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 6.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78.73 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 393.19 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने की आईआईटी बॉम्बे के साथ साझेदारी

मुंबई। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (आईआईटी बॉम्बे) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत बीमा क्षेत्र के लिए भारत का एआई एवं साइबर इनोवेशन हब (भारत इनोवेशन हब) स्थापित किया जाएगा।

यह एक संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र होगा, जिसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र के लिए भारत की अपनी उन्नत तकनीक आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियां विकसित करना है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत के बीमा प्रीमियम में हर साल 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिससे यह दुनिया के प्रमुख बीमा बाजारों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन जाएगा। जैसे-जैसे देश में बीमा पहुँच बढ़ेगी, ग्राहकों के डेटा की मात्रा भी लगातार बढ़ेगी। ऐसे में उस डेटा की सुरक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण होगा जितना बीमा पॉलिसीज की सुरक्षा करना। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भारत इनोवेशन हब की स्थापना की जा रही है। यह पहल विदेशी सुरक्षा ढाँचों पर निर्भरता कम कर भारत में डिजाइन, विकसित और स्वामित्व वाली साइबर सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपये टूटा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा पर दबाव बना रहा क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी, जिससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही। विदेशी व्यापार में कमजोरी, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने कीमती धातुओं के प्रति कारोबारी धारणा को कमजोर कर दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 49.46 डॉलर या 1.2 प्रतिशत टूटकर 4,056.24 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी गिरकर 58.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करने लगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ अंतरिम शांति समझौते को समाप्त करने की घोषणा के बाद बुधवार को वैश्विक बाजार में हाजिर सोने पर फिर से गिरावट का दबाव बना है।

अमेरिका-ईरान के बीच ताजा हमलों से कच्चे तेल में तेजी

नयी दिल्ली। घरेलू बाज़ार में बुधवार को कच्चातेल की वायदा कीमत 227 रुपये बढ़कर 6,932 रुपये प्रति बैरल के दो हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से तनाव बढ़ने के कारण ऐसा हुआ, जिससे वैश्विक मानक में तेज़ी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जुलाई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 227 रुपये या 3.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,932 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 19,697 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

यह अनुबंध पिछली बार 23 जून को इन स्तरों के आसपास देखा गया था, जब यह 6,964 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, इसके अगस्त माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध की कीमत 206 रुपये या 3.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,930 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 2,872 लॉट के लिए कारोबार हुआ। व्यापारियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में नए भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति में संभावित रुकावट की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में खरीदारी बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल के अगस्त अनुबंध का दाम 2.30 डॉलर या 3.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 72.74 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

वित्त वर्ष 2025-26 के पीएफ ब्याज का भुगतान शुरू

नयी दिल्ली। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि (पीएफ) खातों में ब्याज जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। सदस्य 15 जुलाई तक अपने खातों में अद्यतन राशि ऑनलाइन देख सकेंगे। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि ईपीएफओ में 2.01 केंद्रीकृत आईटी आधारित सेवाएं (सीआईटीईएस) लागू होने के बाद भविष्य निधि खातों तक ऑनलाइन पहुंच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि सीआईटीईएस परियोजना को सुविधा बढ़ाने, ईपीएफओ की परिचालन दक्षता में सुधार करने और सदस्यों को पारदर्शी व निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से लगभग 3.4 करोड़ सदस्य खातों में अनुमानित 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज स्वतः प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी इसका सत्यापन करेंगे और फिर राशि सदस्यों के खातों में जमा की जाएगी। सदस्य 15 जुलाई तक अपनी पासबुक में ब्याज जमा होने का विवरण देख सकेंगे। पिछले महीने सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज देने को मंजूरी दी थी। मांडविया ने कहा कि पहले सरकार की मंजूरी मिलने के बाद ब्याज भुगतान की प्रक्रिया अक्टूबर-नवंबर में पूरी होती थी।

आईआईएफएल फाइनेंस: को-लेंडिंग से देश में अंतिम छोर तक लोन वितरण में तेजी

मुंबई। आईआईएफएल फाइनेंस ने आज कहा कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के बीच को-लेंडिंग की साझेदारी एक बड़ा बदलाव ला सकती है। इससे उन लोगों तक किफायती और औपचारिक लोन पहुँचाया जा सकेगा, जिनकी पहुँच इस तक कम है। यह कदम भारत में वित्तीय समावेशन के अगले चरण को और मजबूत करेगा। आईआईएफएल फाइनेंस के हेड गोल्ड लोन मयंक शर्मा ने कहा कि भारत की वित्तीय समावेशन की यात्रा का ध्यान अब इस बात पर होना चाहिए कि पूरे देश में उद्यमियों, किसानों, अपना काम करने वाले पेशेवरों और एमएसएमई तक सही समय पर और जिम्मेदारी के साथ लोन पहुँच सके। आज वित्तीय समावेशन का मतलब यह है कि हर महत्वाकांक्षी उद्यमी को किफायती संस्थागत लोन आसानी से मिल सके।

सेबी ने एफपीआई नियमों में किया संशोधन पंजीकरण शुल्क रुपये में जमा करने का निर्देश

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशकों (एफवीसीआई) के लिए अमेरिकी डॉलर में निर्धारित मौजूदा पंजीकरण शुल्क व्यवस्था की जगह भारतीय रुपये में शुल्क निर्धारित करने की व्यवस्था लागू की है। इस बदलाव को लागू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एफपीआई से संबंधित नियमों में संशोधन किया है। सेबी ने अपनी अधिसूचना में कहा कि संशोधित प्रावधान छह महीने बाद प्रभावी होंगे।

सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना के जरिये प्रथम श्रेणी के एफपीआई और एफवीसीआई के लिए पंजीकरण शुल्क 2,500 अमेरिकी डॉलर से संशोधित कर 2.3 लाख रुपये कर दिया। बाजार नियामक ने एफपीआई पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले साझा आवेदन पत्र को भी अद्यतन किया है। नियामक ने स्थायी खाता संख्या (पैन) आवंटन की सुविधा के लिए साझा आवेदन पत्र में आवेदक की जन्म तिथि या कंपनी के गठन की तिथि को शामिल करना अनिवार्य किया है। इसके अलावा, नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीडीपी) को पंजीकरण दिए जाने के बाद एकत्रित पंजीकरण शुल्क पांच कार्यदिवस के भीतर सेबी को जमा कराना होगा।

व्हाट्सएप के भारत में तीसरे वार्षिक बिजनेस समिट का आयोजन

मुंबई। मुंबई में अपने तीसरे वार्षिक बिजनेस समिट में, व्हाट्सएप ने आज मेटा बिजनेस एजेंट की घोषणा की। यह एक ऐसा एआई है जो हर व्यवसाय को हर ग्राहक के लिए, हर पल मौजूद रहने की सुविधा देता है, जैसे उनके पीछे एक असीमित टीम काम कर रही हो। मेटा बिजनेस एजेंट को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि व्यवसाय बड़े पैमाने पर ग्राहकों को अधिक तेज और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान कर सकें। जैसे-जैसे व्यवसाय ग्राहकों के जुड़ाव को बेहतर बनाने और अपने कामकाज को सरल बनाने के तरीके तलाश रहे हैं, मेटा बिजनेस एजेंट पहली ही बातचीत से अधिक प्रासंगिक और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान कर सकता है। मेटा बिजनेस एजेंट को चौबीसों घंटे ग्राहकों के साथ होने वाली प्रमुख बातचीत को शुरू से अंत तक संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

बिजली सप्लाई में ग्रामीण-शहरी अंतर को घटाना जरूरी

लखनऊ। लखनऊ में एपीसीओ और चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित राउंडटेबल भरोसेमंद और अच्छी क्वालिटी वाली बिजली सप्लाई में ग्रामीण-शहरी अंतर को कम करना। पिछले सुधारों ने बिजली उत्पादन क्षमता और देश भर में बिजली पहुँचाने के काम के जरिए बिजली तक पहुँच तो बढ़ाई है, लेकिन भरोसेमंद सप्लाई और सर्विस की क्वालिटी, खासकर ग्रामीण इलाकों में, अभी भी बड़ी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। नेटवर्क की कमियों, स्टाफ की कमी, डिस्ट्रीब्यूशन प्लानिंग और ग्रामीण फीडर की निगरानी जैसी समस्याओं को दूर करना जरूरी है। हालांकि भारत ने बिजली तक पहुँच बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन सुधारों के अगले चरण में भरोसेमंद, अच्छी क्वालिटी वाली और उपभोक्ता-केंद्रित बिजली सप्लाई पर ध्यान देना होगा।

पेज एक का शेष

पूर्व एआरटीओ

छापेमारी में बैंक में जमा राशि, डाकघर में निवेश, म्यूचुअल फंड और सावधि जमा में एक करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि मौके से दो कीमतें कारें और एक रिवॉल्वर भी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद नकदी, कीमती धातुओं, गहनों, चल-अचल संपत्ति और निवेश की कुल कीमत लगभग 35 करोड़ रुपये आंकी गई है। बयान में यह भी कहा गया कि उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के महानिदेशक ने यह छापेमारी और बरामदगी करने वाली टीम को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

लखनऊ-वाराणसी

भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाओं का अवैध भंडारण मिला। दुकान संचालक संदीप श्रीवास्तव को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह दवाएं प्रयागराज निवासी संजय सिंह चौहान तथा वाराणसी निवासी गौरव शर्मा से खरीदता था। टीम ने 12 संदिग्ध दवाओं के नमूने जांच के लिए लिए तथा शेष करीब 25 लाख रुपये मूल्य की दवाएं सील कर जब्त कर लीं। इस मामले में भी बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विभाग को आशंका है कि यह मामला ब्रांडेड कंपनियों की नकली दवाओं की अंतरजनपदीय सप्लाई चेन से जुड़ा है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है। नकली दवाओं, एक्सपायरी दवाओं की री-लेबलिंग, सरकारी आपूर्ति एवं फिजिशियन सैंपल्स की अवैध बिक्री तथा तेजी से बिकने वाली दवाओं की खरीद लागत की जांच के लिए प्रदेशभर से 18 औषधि निरीक्षकों की विशेष संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने लखनऊ की दवा मंडी अमीनाबाद, ट्रांसपोर्ट नगर और अन्य क्षेत्रों में अभिसूचना के आधार पर चिन्हित प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की।

समाज के

को नई गति दी गई है। शस्त्र व शास्त्र संधान का कोई क्षेत्र बनेगा तो वह चित्रकूट ही होगा। सीएम ने चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रबंधन और वहां पढ़ रहे 7,000 से अधिक छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि यही युवा 'विकसित चित्रकूट' और 'विकसित भारत 2047' की आधारशिला बनेंगे। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो पार्टियां प्रभु राम व कृष्ण को काल्पनिक बताती थीं, वे आज राजनीतिक स्वार्थ के लिए अयोध्या व चित्रकूट को बदनाम करने की साजिश रच रही हैं। पिछली सरकारें जनता के टैक्स का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल और वक्फ के नाम पर जमीनों पर अवैध कब्जे कराने में गंवाती थीं, जबकि भाजपा सरकार महर्षि वाल्मीकि के लालापुर आश्रम, संत तुलसीदास की जन्मभूमि राजापुर, मंदाकिनी तट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण पर निवेश कर रही है। सपा शासनकाल में कब्जाई गई 64,000 एकड़ सरकारी और गरीबों की भूमि को मुक्त कराकर वहां विश्वविद्यालय, अस्पताल और उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं।

चित्रकूट में आध्यात्मिक टूरिज्म के साथ-साथ रानीपुर टाइगर रिजर्व के माध्यम से इको-टूरिज्म का एक नया केंद्र विकसित किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि वर्ष 2022 में चित्रकूट में भाजपा का कोई विधायक होता तो यह भी अयोध्या, काशी और प्रयागराज की तरह चमक रहा होता। 2024 में अगर सांसद भी भाजपा का जीता होता तो पूरा संसदीय क्षेत्र व चित्रकूट और तेज गति से आगे बढ़ रहा होता। जिस विचारधारा की सरकार हो, वहां का विधायक-सांसद भी उसी विचारधारा का हो, तो विकास कार्यों में बाधा नहीं आती है। खुद को समाजवादी कहने वाले चित्रकूट आने के नाम पर डरते थे। वे डॉ. लोहिया के नाम पर राजनीति करते हुए परिवार को आगे बढ़ाते हैं। सत्ता में आने पर केवल परिवार के लिए काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने 12

सरकार आपका ध्यान रखेगी, आप बच्चों का ध्यान रखिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय पहुंचे, यह केवल सरकार ही नहीं बल्कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण से युक्त बनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर लगभग 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) भी किया गया। मुख्यमंत्री ने अन्य सरकारी विभागों तथा निजी संस्थानों से भी अपने कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा गारंटी उपलब्ध कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि कभी उत्तर प्रदेश में ऐसे नेता थे जो कहते थे कि नकल हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, गुणवत्ता और अनुशासन को प्राथमिकता दी है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। यह कार्यक्रम प्रदेश भर में 404 स्थानों पर आयोजित किया गया। सीएम योगी ने बच्चों की दो यूनिफॉर्म, बैग, बुक, स्वेटर, जूता-मोजा आदि के लिए अंतरण की गई राशि का जिक्र कर शिक्षकों से कहा कि आपका दायित्व है कि विद्यालय स्वच्छ व अच्छा लगे। विद्यालय के आंतरिक अनुशासन को बनाए रखने के लिए बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, सर्दी में स्वेटर आदि पहनकर आएं। कल कुछ जगह छोटे बच्चे यूनिफॉर्म में ही बारिश में नहाते दिखे। बच्चे अबोध हैं, उन्हें सही राह दिखाना शिक्षकों का कर्तव्य और राष्ट्रीय दायित्व भी है। शिक्षक बच्चों को बताएं कि दोनों यूनिफॉर्म 3-3 दिन पहनें। गंदा होने पर इसे धोएं। खेलते समय दूसरे कपड़े पहनें और स्कूल से लौटकर वही जूते-मोजे पहनकर न खेलें।

आतंकवादी साजिश

था। आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी रहमतुल्ला शरीफ़ मोहम्मद के घर की तलाशी के बाद मार्च में यह मामला दर्ज किया था। तलाशी के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) और एक्यूआईएस (अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट) से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। एनआईए ने बताया कि बुधवार को जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, उनकी पहचान पहले जब्त किए गए डिजिटल उपकरणों के विस्तृत तकनीकी विश्लेषण, गिरफ्तार आरोपियों के संपर्कों और जांच के दौरान सामने आए अन्य तथ्यों के आधार पर की गई।

एसआईटी ने

के काम में शामिल अविनाश शुक्ला के खिलाफ एसआईटी को सबसे मजबूत सुबूत मिले हैं, लिहाजा उसे इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कथित चोरी का पूरा प्रकरण शुक्ला के इर्द-गिर्द केंद्रित था और उसकी निशानदेही पर ही जांचकर्ताओं को पांच अन्य आरोपियों की पहचान करने और मंदिर के दान राशि गणना कक्ष के अंदर संदिग्ध काम करने के तरीके को समझने में मदद मिली। सूत्रों ने बताया कि 23 जून को प्रदेश के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंपी गई नौ पेज की रिपोर्ट में 30 वर्षीय अविनाश शुक्ला को जांच का केंद्र बताया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने प्रथम दृष्ट्या लगभग 40 दिनों के दौरान मंदिर के दान राशि गणना कक्ष से कथित चोरी के लगभग 70 मामलों की पहचान की है। सीसीटीवी फुटेज की बार-बार जांच में कथित तौर पर शुक्ला को कई मौकों पर दान की रकम के खुले नोटों के बंडल हटाते और छुपाते हुए दिखाया गया। यह भी पता लगा है कि जांचकर्ताओं ने दान राशि की आवाजाही का पता लगाने और इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिकाओं की पहचान करने के लिए फुटेज पर बहुत ज्यादा भरोसा किया है।

सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्ला के खिलाफ सबूतों की पुष्टि सीसीटीवी फुटेज, रिकवरी रिकॉर्ड, बैंक खातों के विश्लेषण और गवाहों के बयानों से हुई जिससे शुक्ला उन छह आरोपियों में पहला आरोपी बना जिनकी इस मामले में प्रथम दृष्ट्या संलिप्तता नजर आयी है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे

करेंगे और विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कर आपसी हित के सभी क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। नयी दिल्ली से रवाना होने से पहले जारी बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उनकी यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा था, प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ अपनी बातचीत में मैं रक्षा और सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, शिक्षा और आवागमन तथा लोगों के बीच संबंधों वाले क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाऊंगा। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। उन्हों

भारतीय टीम को बेहतर ढंग से ढलने की जरूरत

नाटिंघम। भारतीय टी20 टीम इस समय पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह कहते हुए स्वीकार किया कि ब्रिटेन के मौजूदा दौरे पर खराब प्रदर्शन का कारण मैच की परिस्थितियों और पिच के हालात को सही ढंग से नहीं समझ पाना रहा। मंगलवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड से 125 रन से हारने के बाद भारत को टी20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी शिकस्त का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम अब पांच मैच की श्रृंखला में 0-2 से पीछे है।

पिछले महीने भारत को पहली बार आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में हार मिली। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम अच्छा नहीं खेले। टी20 विश्व कप फाइनल खेलने वाली टीम में बहुत बदलाव हुए हैं। चाहे कप्तान हो या सलामी बल्लेबाज। टीम में न तो हार्दिक पंड्या हैं और न ही जसप्रीत बुमराह हैं। उन्होंने कहा, जब आप टीम का पुनर्गठन (रिसेट) करते हैं तो थोड़ा समय लगता है। अगर आप देखें, तो 15 साल का खिलाड़ी (वैभव सूर्यवंशी) पारी का आगाज कर रहा है, प्रिंस यादव अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे हैं, हर्षित राणा चोट से वापसी कर रहे हैं।

हम अंत में सिर्फ नतीजों को देखते हैं और इसमें कोई शक नहीं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नतीजे अहम हैं, लेकिन हमें व्यावहारिक भी होना होगा। अब टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है जबकि विश्व कप दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्ले से खराब फॉर्म के कारण अब टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। गंभीर ने जोर देकर कहा कि कई झटकों के बावजूद भारत महज चार मैच के नतीजे के आधार पर खराब टीम नहीं बन जाता। उन्होंने कहा, कभी-कभी प्रतिद्वंद्वी टीम आपसे बेहतर खेलती है। कभी-कभी आप हालात का सही अंदाजा नहीं लगा पाते और उन्हें ठीक से समझ नहीं पाते।

भारत के प्रदर्शन में गिरावट से गांगुली हैरान, संजू को एकादश में जगह नही देने पर चुप्पी साधी

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने सीमित ओवरों के प्रारूप में हाल में भारत के प्रदर्शन में आई गिरवाट पर बुधवार को हैरानी जताई लेकिन टी20 विश्व चैंपियन टीम का वापसी के लिए समर्थन किया। उन्होंने हालांकि विश्व कप विजेता टीम के स्टार संजू सैमसन को एकादश में जगह नहीं देने पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को 125 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा जब टीम 202 रन के लक्ष्य पीछा करते हुए 76 रन पर सिमट गई। यह रनों के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी हार थी।

इस हार के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हो गया है। टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव की जगह ब्रिटेन दौरे से पहले कप्तान बनाए गए श्रेयस अय्यर को अब भी टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर अपनी पहली जीत की तलाश है। इससे पहले भारत को आयरलैंड के खिलाफ भी 0-2 की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था जिससे दौरे की शुरुआत खराब रही थी। गांगुली ने अपने 54वें जन्मदिन के जश्न के इतर संवाददाताओं से कहा, मैं भारत के प्रदर्शन से थोड़ा हैरान हूं। वे सीमित ओवरों के क्रिकेट में बहुत मजबूत टीम रहे हैं और ऐसा लगता है कि यह उनकी फॉर्म में अस्थायी गिरावट है। हालांकि उन्होंने टीम के वापसी करने पर भरोसा जताया। गांगुली ने कहा, वे अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे हैं लेकिन भारत के पास कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं और मुझे यकीन है कि वे वापसी करेंगे। अब उनके पास श्रृंखला बराबर करने का ही विकल्प है।

हर अच्छी टीम मुश्किल दौर से गुजरती है और वापसी का रास्ता ढूंढ लेती है। सबसे बड़ा चौंकाने वाला फैसला तब आया जब गौतम गंभीर की अगुवाई वाले भारतीय टीम प्रबंधन ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से सैमसन को बाहर कर दिया जिससे कि युवा वैभव सूर्यवंशी को शीर्ष क्रम में जगह दी जा सके।

जब इस विवादास्पद फ़ैसले के बारे में पूछा गया तो गांगुली ने कहा, यह फैसला टीम प्रबंधन को करना है। इस पर टिप्पणी करना मेरे लिए उचित नहीं होगा। उन्होंने पिछली रात फीफा विश्व कप में मिस्र पर अर्जेंटीना की शानदार जीत के बारे में भी बात की। फुटबॉल के बड़े प्रशंसक गांगुली ने कहा कि वह फीफा विश्व कप पर नजर रखे हुए हैं और प्री क्वार्टर फाइनल में मिस्र के खिलाफ वापसी करते हुए अर्जेंटीना की 3-2 की जीत से बहुत प्रभावित हुए। मौजूदा चैंपियन अर्जेन्टीना ने 0-2 से पिछड़ने के बाद 13 मिनट के अंदर तीन गोल करके जीत हासिल की। गांगुली ने कहा, मैंने अर्जेंटीना और भारत के मैच साथ-साथ देखे।

जब भी मेस्सी को गेंद मिलती थी तो मुझे लगता था कि गोल होने वाला है। और ऐसा हुआ भी। मौका मिलने पर महान खिलाड़ी ऐसा ही करते हैं। बड़े टूर्नामेंट में अच्छी टीमें इसी तरह आगे बढ़ती हैं। हर मैच एकतरफ़ा नहीं होता।

संक्षेप

खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी करेगा तेलंगाना

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को घोषणा की कि तेलंगाना खेलो इंडिया युवा खेलों (के आईयूजी) के 2026 चरण की मेजबानी करेगा। के आईयूजी के नवंबर में होने की संभावना है। पिछले साल मई में बिहार ने इसके पिछले चरण की मेजबानी की थी। खेल मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश के सभी हिस्सों में बड़े राष्ट्रीय आयोजन करने की सोच को ध्यान में रखते हुए यही उचित है कि तेलंगाना को प्रतिष्ठित खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी का मौका मिले। मांडविया ने कहा, राज्य के पास इन खेलों की मेजबानी करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा है। इन खेलों में कम से कम 8000 एथलीट, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ के शामिल होने की उम्मीद है।

स्विट्जरलैंड विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

वैंकूवर। रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे स्विट्जरलैंड मंगलवार को खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। स्विट्जरलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्जरलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था। मंगलवार को स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी, जो सोमवार को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे।

भारतीय खिलाड़ी पेस एटीपी में दूत के तौर पर शामिल

लंदन। दिग्गज लिएंडर पेस को एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) का खिलाड़ी दूत (प्लेयर एंबेसडर) नियुक्त किया गया है क्योंकि इस महाद्वीपीय संस्था का मकसद खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना और पूरे क्षेत्र में इस खेल के विकास को गति देना है। यह घोषणा मंगलवार को विंबलडन चैंपियनशिप के दौरान एटीएफ के अध्यक्ष यूरी पोल्स्की, वरिष्ठ अधिकारियों, खिलाड़ियों और अंतरराष्ट्रीय टेनिस समुदाय के सदस्यों की मौजूदगी में की गई। इस खेल के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक पेस का पेशेवर करियर तीन दशक से भी अधिक समय तक चला। अटलांटा 1996 खेलों के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पेस ने 18 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते जिसमें आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल खिताब शामिल हैं।

काहिरा के एक कॉफी हाउस में जोश सिसकियों में बदला

काहिरा। काहिरा स्थित एक कॉफी हाउस का मंगलवार को नजारा देखने लायक था जहां स्थित लोगों का जोश और उत्साह कुछ मिनट के अंदर सन्नाटे में बदल गया और वहां सुनाई दे रही थी तो सिर्फ सिसकियां। अर्जेंटीना और मिस्र के बीच खेले गए मैच के शुरू होने से पहले ही इस कॉफी हाउस में सैकड़ों लोग जमा हो गए थे। इनमें अधिकतर पुरुष थे जिन्होंने मिस्र को दो गोल की बढ़त मिलने के बाद आसमान सर पर उठा रखा था।

शृंखला बचाने उतरेगी भारतीय टीम

संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा

एजेंसी

ब्रिस्टल। लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब बृहस्पतिवार को यहां श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी। टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

चूंकि टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है। टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने वी वांट संजू (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए। टी20 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को बाहर करने पर भारी आलोचना हुई थी।

अब उसी टूर्नामेंट के नायक सैमसन को नजरअंदाज करने के फैसले ने एक और सार्वजनिक विरोध को हवा दे दी है। ट्रेंट ब्रिज में शर्मनाक हार ने टीम की कमियों और टीम प्रबंधन की स्पष्ट योजना की कमी को भी उजागर कर दिया है। जोफ्रा आर्चर और जोश टंग की तेज और आक्रामक गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे। इन दोनों ने मिलकर सात विकेट लिए जिनमें शीर्ष पांच बल्लेबाज भी शामिल थे। अब सलामी बल्लेबाजी जोड़ी को छेड़े बिना सैमसन को टीम में शामिल करने और सूर्यवंशी को बिना किसी दबाव के अपना हुनर दिखाने का मौका देने के लिए मध्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन की जगह पक्की मानी जा रही है क्योंकि प्रबंधन को उनकी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी शैली पर भरोसा है, लेकिन उप-कप्तान तिलक वर्मा की जगह पर सवाल उठ सकते हैं।

आयरलैंड के खिलाफ 55 रन की एक पारी (जो टीम को एक रन की हार से नहीं बचा सकी) को छोड़कर वह लगातार असफल रहे हैं। इंग्लैंड में खेले गए मैच में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए और 13, 24 (नाबाद) और तीन रन ही बना सके। अब देखना यह है कि क्या भारत अपनी किस्मत को बदलने के लिए बदले हुए बल्लेबाजी क्रम के साथ सैमसन पर भरोसा करेगा। बुधवार को एक और हैरान करने वाली रणनीतिक गलती देखने को मिली, जब पावरप्ले के दौरान तय फिनिशर शिवम दुबे से पहले हर्षित राणा को बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। इस मैच में भारत की पूरी टीम सिर्फ 76 रन पर सिमट गई थी।

अगर बल्लेबाजी में काफी सुधार की दरकार है तो गेंदबाजी विभाग विशेषकर स्पिनरों का हाल भी कुछ अलग नहीं है। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बहुत निराशाजनक रहे हैं और पूरी सीरीज में सात ओवर फेंककर सिर्फ एक विकेट ले पाए हैं। इसके उलट हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम को ऐसी कोई चिंता नहीं है। टीम शानदार फॉर्म में चल रहे तूफानी सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के दम पर आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी।

इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाजी ध्वस्त

नाटिंघम। आईपीएल के सितारे भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और जोश टंग के सामने बगले झांकते नजर आये और तीसरे टी20 में मंगलवार को विश्व चैम्पियन टीम को 125 रन से पराजय झेलनी पड़ी। यह रनों के अंतर से भारत की सबसे शर्मनाक टी20 हार थी और सिर्फ चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था और अगले दोनों मैच जीतकर इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 से आगे है। आर्चर ने तीन ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि टंग ने चार ओवर में 28 रन देकर चार विकेट चटकाये। जीत के लिये 202 रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम 11 . 4 ओवर में 76 रन पर आउट हो गई। श्रेयस अय्यर का बतौर कप्तान हार का सिलसिला अब पांच मैचों का हो गया है। अपना जन्मदिन मना रहे महेंद्र सिंह धोनी के सामने भारतीय टीम इस तरह से हार गई। इंग्लैंड के लिये फिल साल्ट ने 70 और सैम कुरेन ने नाबाद 41 रन बनाये। भारत के पांच विकेट पांच ओवर में 52 रन पर गिर गए थे। भारतीय बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले और जीत के लिये कोई प्रयास भी नहीं किया। वैभव सूर्यवंशी ने आर्चर और टंग को दो छक्के लगाये लेकिन पांच गेंद में 13 रन बनाकर विकेट गंवा बैठे। एक तेज बाउंसर पर हुक शॉट खेलने के प्रयास में उन्होंने विकेट के पीछे जोस बटलर को कैच थमा दिया। अभिषेक शर्मा डीप एक्स्ट्रा कवर में खराब शॉट खेलकर लौटे जबकि ईशान किशन भी टिक नहीं सके।

अय्यर ने आर्चर को फ्लिक शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन कैच आउट हो गए। इससे पहले साल्ट के 44 गेंद में 70 रन की मदद से इंग्लैंड ने सात विकेट पर 201 रन बनाये। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने प्रभावी प्रदर्शन किया। हर्षित राणा ने चार ओवर में 40 रन देकर और प्रिंस यादव ने 30 रन देकर दो दो विकेट लिये। अनुभवी स्पिनर अक्षर पटेल और वरूण चक्रवर्ती महंगे साबित हुए। अक्षर ने चार ओवर में 49 रन देकर एक विकेट लिया जबकि वरूण ने तीन ओवर में 35 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हरफनमौला सैम कुरेन ने 24 गेंद में नाबाद 41 रन बनाकर इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया।

125 रन से हारे

आईपीएल में आसान विकेटों पर खेलने के बाद यहां हालात फिर से सामान्य हो गए हैं : आर्चर

नॉटिंघम। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है। आर्चर ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज जोश टंग ने 38 रन देकर चार विकेट हासिल किये। उनके इस शानदार प्रदर्शन से 202 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम 76 रन पर आउट हो गई। आईपीएल में कई भारतीय बल्लेबाजों का सामना करने के बाद, जब आर्चर से पूछा गया कि गेंदबाजी करते समय उनकी योजनाओं में कितना बदलाव आता है, तो उन्होंने मैच के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।

मुक्केबाज की नजरें राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक पर

नयी दिल्ली। भारत की युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह सबक सीख लिया था कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं होता और उम्मीद के अनुरूप योजनाएं काम नहीं करती इसलिए वह शानदार नतीजों के भरोसे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर नजरें लगाए हैं। वह किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रही हैं। 22 साल की बैंथमवेट (54 किग्रा) मुक्केबाज प्रीति पिछले तीन साल में भारत की सबसे होनहार मुक्केबाजों में से एक बनकर उभरी हैं। उन्होंने मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार पदक जीते हैं। प्रीति ने 2023 में सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बावजूद प्रभावित किया। उसी साल बाद में उन्होंने हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करके वापसी की। हालांकि हेपेटाइटिस ए होने के कारण उनका ओलंपिक अभियान बाधित हो गया। बीमारी से तैयारी पर असर पड़ने के बावजूद वह राउंड 16 तक पहुंचीं। इस अनुभव ने उनके नजरिए को और अधिक संतुलित बना दिया है। प्रीति ने कहा, मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए पदक पदक जीतना चाहती हूं।

हमारा प्रदर्शन बेहद खराब अस्वीकार्य : श्रेयस अय्यर

नॉटिंघम। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड से 125 रन की करारी हार के बाद अपनी टीम के प्रदर्शन को बेहद खराब करार दिया और कहा कि इस तरह का प्रदर्शन कतई स्वीकार्य नहीं है। अय्यर की कप्तानी में भारत ने अभी तक एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं जीता है। मंगलवार को खेले गए मैच में तो उसका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा जब टीम 202 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 11.4 ओवर में 76 रन पर आउट हो गई और उसे रन के लिहाज से सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। अय्यर ने मैच के बाद कहा, यह बेहद निराशाजनक था, इतने बड़े अंतर से हारना स्वीकार्य नहीं है।

मेस्सी का विश्व कप में 8 गोल, गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

एजेंसी

अटलांटा। लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ मंगलवार को इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और गोल्डन बूट की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला नौ मैचों का कर लिया। मेस्सी ने विश्व कप कैरियर का 21वां और इस विश्व कप का आठवां गोल 83वें मिनट में गोंजालो मोंटियेल की मदद से दागा और अर्जेंटीना को 2 . 2 से बराबरी भी दिलाई। इससे पहले 19वें मिनट में वह पेनल्टी चूक गए थे। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है। वह लगातार नौ मैचों में 13 गोल कर चुके हैं। गोल्डन बूट की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में गोल्डन बूट की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था। वहीं दूसरी ओर फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए दर्जनों यूरोपीय सांसद समर्थन जुटा रहे हैं। यह जांच अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन को पहले ही लाल कार्ड मिलने के बावजूद खेलने की अनुमति देने के फैसले में उनकी संलिप्तता को लेकर की जा रही है। अमेरिका की एक जुलाई को बोस्निया-हर्जेगोविना पर जीत के दौरान बालोगुन को लाल कार्ड दिखाया गया था, जिसके कारण वह आम तौर पर टीम के अगले मैच में खेलने के लिए अयोज्ञ हो जाते, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले में इन्फेंटिनो से बात की जिसके बाद इस 25 वर्षीय स्ट्राइकर का बेल्जियम के खिलाफ खेले गए अगले मैच से निलंबन हटा दिया गया था। यूरोपीय संसद के सांसदों बैरी एंड्रयूज, लारा वॉल्टर्स और नील्स फुग्लसांग ने एक संयुक्त बयान में कहा कि फीफा का टूर्नामेंट के बीच में लाल कार्ड के लिए मिलने वाले निलंबन के नियम को बदलने का निर्णय शर्मनाक और न्याय का विकृत रूप है। बयान में कहा गया, एक बार फिर हमने इन्फेंटिनो और फीफा को ट्रंप प्रशासन की मांगों के आगे झुकते हुए देखा है। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लबों के बीच बुधवार को एक ऐतिहासिक समझौता हुआ जिसके तहत क्लबों को कम-से-कम अगले दो वर्षों तक देश की शीर्ष फुटबॉल लीग का पूर्ण संचालन करने का अधिकार मिलेगा। एआईएफएफ ने आईएसएल के व्यावसायिक अधिकार क्लबों को चार वर्षों के लिए सौंप दिए हैं। हालांकि क्लबों के पास दो वर्ष बाद इस व्यवस्था से एकतरफा बाहर निकलने का विकल्प भी रहेगा। इस फैसले के साथ आईएसएल के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। एआईएफएफ और उसके तत्कालीन व्यावसायिक साझेदार एफएसडीएल के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट पिछले वर्ष दिसंबर में समाप्त हो गया था। इसके कारण 2025-26 सत्र के आईएसएल में देरी हुई और प्रतियोगिता को घटाकर केवल एकल चरण के 13-13 मैच प्रति क्लब तक सीमित कर दिया गया था जो लगभग तीन महीने से कुछ अधिक समय तक चली। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी क्लबों के साथ कुछ महत्वपूर्ण बातों पर सहमति बनी है। हम उन्हें आईएसएल के व्यावसायिक अधिकार सौंप रहे हैं। वहीं, हमेशा की तरह लीग के प्रशासनिक संचालन और उससे जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जिम्मेदारी एआईएफएफ के पास ही रहेगी। 2026-27 का आईएसएल सत्र चार सितंबर से शुरू होगा।

विश्व कप क्वार्टर फाइनल में होगी फुटबॉल महाशक्तियों की टक्कर

न्यूयॉर्क। विश्व कप में अब केवल आठ टीम बची हैं और क्वार्टर फाइनल में जो टीम शामिल हैं, उनमें टूर्नामेंट से पहले की फीफा पुरुष विश्वरैंकिंग की शीर्ष चार टीम के साथ शीर्ष 10 में शामिल दो अन्य टीम भी मौजूद हैं। फ्रांस सबसे मजबूत टीम के रूप में उभरकर सामने आया है और सट्टेबाजों की पहली पसंद माना जा रहा है। उसके बाद स्पेन और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का स्थान है जबकि इंग्लैंड चौथे स्थान पर है। नॉर्वे को भी दावेदार माना जा रहा है जबकि बेल्जियम, स्विट्ज़रलैंड और मोरक्को को अपेक्षाकृत कम संभावना वाली टीमों में गिना जा रहा है। क्वार्टरफाइनल में फ्रांस बनाम मोरक्को मुकाबला मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में खेला जाएगा। फ्रांस ने ग्रुप चरण में दबदबा बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 10-2 का स्कोर किया। नॉकआउट चरण की शुरुआत में फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया। किलियन एमबाप्पे ने पराग्वे पर 1-0 की कठिन जीत में अपने करियर का 19वां विश्व कप गोल किया। चार साल पहले सेमीफाइनल में पहुंचे मोरक्को ने अपने शुरुआती मैच में ब्राजील के साथ ड्रॉ खेला, पेनल्टी किक से नीदरलैंड को बाहर किया।

जोकोविच जीते, विंबलडन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

लंदन। नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला जहां उन्होंने पांच घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने मंगलवार को कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच पांच घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।

जोकोविच ने कहा, ये वो पल हैं जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं। जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं।

उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं।

जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा, उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।

बारिश से बेहाल राज्यों को देंगे मदद

शाह ने बरसात प्रभावित केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बुधवार को फोन पर बात कर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अलग-अलग फोन पर बात की। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को बारिश से उत्पन्न हालात से निपटने में केंद्र की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया। शाह ने सतीशन से की गई बातचीत के दौरान

वायनाड में भूस्खलन के बाद राज्य सरकार द्वारा चलाए गए बचाव और राहत कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। मंगलवार को जिले के मेप्पाडी पंचायत में करोड़ों रुपये की सड़क सुरंग परियोजना स्थल पर भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गई थी। केंद्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री से घटना की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश देने को भी कहा। सतीशन ने उन्हें बताया कि आज दिन में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में पहले ही पूरे घटनाक्रम की जांच कराने का फैसला लिया जा चुका है।

वायनाड में हुई घटना में दस लोग घायल हुए और पांच लोग लापता हैं। इस घटना को मानव-जनित आपदा करार दिया जा रहा है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बुधवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिसकी वजह से उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुईं और कार्यालय जाने वालों को परेशानी हुई। सप्ताहांत में शहर में भारी बारिश हुई थी और मंगलवार को थोड़ी राहत मिली थी। पड़ोसी पालघर जिले के वसई-विरार रेल खंड और दक्षिण गुजरात में कई जगहों पर जलजमाव के कारण गुजरात जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। भोर घाट खंड पर सोमवार को भूस्खलन के बाद मुंबई-पुणे मार्ग पर भी ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से बहाल नहीं की जा सकी हैं।

पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली विदेश में बनाने का लाइसेंस देंगे : ट्रंप

अंकारा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि रूस के मिसाइल हमलों का मुकाबला करने में यूक्रेन की मदद के लिए पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियों के विदेशों में निर्माण के लिए अमेरिका लाइसेंस देगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस दौरान इस अत्याधुनिक तकनीक की भारी जरूरत महसूस कर रहे यूक्रेन के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ट्रंप ने यह घोषणा तुर्किये में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान की।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | G20 भारत 2023 INDIA

आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से समस्त नगरवासियों को वॉयस ऑफ लखनऊ के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र
नगरवासियों से निम्न अपेक्षायें करता है-

1. यह नगर आपका है इसे साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें। दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दर हटायें।
3. सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने मकान/दुकान/प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेकें।
4. घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही दें।
5. खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
8. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचाये।
9. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
10. जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर निःशुल्क करायें।
11. नगरवासी अपना गृहकर/जलमूल्य बकाया का भुगतान करके नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।
12. स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में अपना सक्रिय योगदान स्वच्छता एप का प्रयोग करके इस निकाय को प्रथम स्थान दिलाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।
13. नगर पालिका परिषद सोनभद्र सीमान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं, फुटपाथ पर अस्थाई दुकान लगाने वाले, ठेले वाले आदि दुकानदारों को व्यवसाय के लिए वेन्टिंग जोन का निर्धारण किया गया है। सभी दुकानदार व्यवसायियों से अनुरोध है कि निकाय द्वारा निर्धारित वेन्टिंग जोन में ही अपना व्यवसाय करें। निकाय द्वारा निर्धारित नो-वेन्डिंग जोन में अपना व्यवसाय कदापी न करें।
14. नगरीय सीमा से चलने वाले आटो रिक्शा/ई-रिक्शा/टैम्पों वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में अपना पंजीयन कराकर एवं निकाय द्वारा निर्धारित रूट-चार्ट के अनुसार ही अपना वाहन चलाये।
15. सीवर सेप्टिंग टैंक की सफाई हेतु हेल्प लाइन नम्बर-14420 (टोल फी) पर कॉल करे।
12. नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर-1533 (टोल फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।

समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद, सोनभद्र

रूबी प्रसाद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सोनभद्र

पत्रांक : /2026, दिनांक जुलाई, 2026

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनीष नामदेव
जिलाध्यक्ष
नितिन नामदेव
जिला महामंत्री
नामदेव समाज
जनपद महोबा (उ.प्र.)

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गजल भारद्वाज
अध्यक्ष/जिलाधिकारी
डॉ.अभिषेक सक्सेना
सभापति
इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा महोबा (उ.प्र.)

वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती सरगम खरे
प्रधानाचार्या
पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, महोबा

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com